सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-231 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 12 फरवरी 2025
13 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



**पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

# आज एकात्म मानववाद की ताकत देख रही है दुनिया : मुख्यमंत्री

- जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर विपक्ष को घेरा साथ ही सीएम योगी ने महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने समाज को साथ लेकर चलने का विचार दिया।

# हमारी जिंदगी बदल रहा एआई : मोदी

## इतिहास गवाह है तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां पैदा होंगी

- भारत अपने अनुभव बांटने को तैयार
- हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में है



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा। प्रधानमंत्री ने कहा, संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। एआई एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।

पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के पूर्ण सत्र में पीएम मोदी ने स्थायी एआई के लिए परिषद में एआइ फाउंडेशन की स्थापना के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

### हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए

मोदी ने कहा हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पक्षपात रहित गुणवत्तापूर्ण डेटा सेंटर बनाने चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों को केंद्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित हो ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो। उन्होंने आगे कहा, यह दर्शाता है कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, इसमें कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें सावधानी से सोचने की आवश्यकता है। इसीलिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने तथा मुझे इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए आभारी हूं।

## न्यूज डायरी

### सेना के दो जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू के निकट अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इस आईईडी को आतंकवादियों द्वारा लगाया गया था। सेना ने विस्फोट में जवानों के शहीद होने की पुष्टि की है और कहा, ''हमारे जवानों ने क्षेत्र को घेर लिया है और तलाश अभियान जारी है।'

### सार्वजनिक अवकाश घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविदास जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। पहले रविदास जयंती निर्बंधित अवकाश की श्रेणी में दर्ज था लेकिन योगी सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। इसके तहत अब 12 फरवरी को यूपी में सरकारी संस्थान, स्कूल आदि बंद रहेंगे। बता दें कि इससे पहले पिछले साल 17 दिसंबर को योगी सरकार ने सरकारी छुट्टियों की जो सूची जारी की थी, उसमें रविदास जयंती की छुट्टी तो थी, लेकिन उसे निर्बंधित अवकाश की लिस्ट में रखा गया था।

### आप विधायकों के साथ बैठक

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद



केजरीवाल ने पार्टी के पंजाब के सभी विधायकों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा है कि अब उनके पास भी काफी समय रहेगा। केजरीवाल ने कहा कि मैं पंजाब की ओर भी विशेष ध्यान दूंगा। उन्होंने कहा कि पंजाब को जीतना हमारी प्राथमिकता है, इसलिए हमने लोगों से जो जो भी वादे किए हैं, उन्हें हर हालत में पूरा किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में पंजाब के विधायकों के साथ हुए मीटिंग में कहा कि सरकार लोगों के काम करने की ओर विशेष ध्यान देगी और अगर इसमें कोई अड़चन आती है, तो इसके बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए। अगर कोई अफसर उनकी नहीं सुन रहे हैं, तो इसकी जानकारी भी विधायक उन्हें दे सकते हैं। दिल्ली में मिली हार से निरुत्साहित होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने दिल्ली में बहुत बेहतर ढंग से चुनाव लड़ा है।

# 'चुनाव आयोग ईवीएम से डेटा डिलीट न करे'

- ईवीएम वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईवीएम के सत्यापन के संबंध में नीति बनाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिका में चुनाव आयोग को ईवीएम की मेमोरी/माइक्रोकंट्रेलर की जांच और सत्यापन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है और आदेश दिया है कि फिलहाल ईवीएम से कोई डेटा डिलीट न करें और ना ही कोई डेटा रीलोड करें। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा कोर्ट में ईवीएम के सत्यापन को लेकर याचिका दायर की गई थी. इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई की. कोर्ट ने कहा कि हम नहीं चाहते कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो, हम चाहते हैं कि शायद इंजीनियर यह बता सके कि कोई छेड़छाड़ हुई है या नहीं। हमारी परेशानी यह है कि हमने इसे सही तरीके से नहीं बताया। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि जिस तरह से आप चाहते हैं, हम उसे पूरा करेंगे। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे (ईसीआई) इसे लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। आप में से कौन सही है, हमें नहीं पता। हम सिर्फ पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग से इस मुद्दे पर 15 दिनों में जवाब दाखिल करने को कहा है कोर्ट ने कहा कि हम करण सिंह दलाल और एमए 40/2025 की याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है। हम विस्तृत प्रक्रिया भी नहीं चाहते। हम चाहते हैं कि आप आएं और प्रमाणित करें कि देखिए यह किया जा रहा है. डेटा को मिटाएं या फिर से लोड ना करें।

### पिछली सुनवाई में बेंच ने कहा था, पुरानी बेंच ही सुनवाई करे

13 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपीलकर्ताओं से कहा कि याचिका यहां क्यों लाए हो, इसे पुरानी बेंच के पास भेजना चाहिए। इससे पहले 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पुराने बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज की थी और ईवीएम में गड़बड़ी की बात को निराधार बताया था। कोर्ट ने कहा था कि ईवीएम सेफ है, इससे बूथ कैप्चरिंग और फेक वोटिंग बंद हुई है। हरियाणा चुनाव के रिजल्ट को चुनौती देने वाली अलग-अलग याचिकाएं पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में पेंडिंग हैं।



# लॉटरी वितरक केंद्र को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट में केंद्र की याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को लॉटरी वितरकों से सेवा कर वसूलने से जुड़ी केंद्र की एक याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि लॉटरी वितरक केंद्र सरकार को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्र की अपील से सहमत नहीं हुई। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, चूंकि इस संबंध में कोई एजेंसी नहीं है, इसलिए प्रतिवादी सेवा कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं थे। हालांकि, प्रतिवादी संविधान की सूची II की प्रविष्टि 62 के तहत राज्य की ओर से लगाए गए जुआ कर का भुगतान करना जारी रखेंगे। पीठ ने कहा, लॉटरी टिकट के खरीदार और फर्म के बीच हुए लेन-देन पर सेवा कर नहीं लगाया जाता है उपरोक्त चर्चाओं के मद्देनजर, हमें भारत संघ और अन्य द्वारा दायर अपीलों में कोई योग्यता नहीं दिखती। इसलिए, इन अपीलों को खारिज किया जाता है। सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल राज्य सरकार ही लॉटरी पर कर लगा सकती है, केंद्र नहीं।

# उद्योगपति मुकेश अंबानी ने लगाई आस्था की डुबकी



अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिति में मां गंगा की पूजा-अर्चना की

**प्रयागराज।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और उद्योगपति मुकेश अंबानी ने मंगलवार को महाकुंभ में स्नान किया। उनके साथ उनकी चार पीढ़ियां भी कुंभ नगरी पहुंचीं, जिसमें उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिति में मां गंगा की पूजा-अर्चना की। त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों व तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी। परिवार के सदस्य श्रद्धालुओं को भोजन परोसते भी दिखे।

### महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

महाकुंभ मेले में संगम में स्नान करने वाले साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और आम स्नानार्थियों की संख्या मंगलवार को 45 करोड़ का स्तर पार कर गई। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक 10 लाख कल्पवासियों समेत कुल 81.60 लाख लोगों ने स्नान किया और 13 जनवरी से अभी तक 45.58 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं।




# बजट का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर : निर्मला सीतारमण

## बजट पर चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं को राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करता है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की महंगाई कम होती दिख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को ग्रोथ इंजन बनाने के साथ गांवों में समृद्धि लाने पर सरकार जोर दे रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2025-26 का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर है। इसका आधार कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सुधारों को प्रस्तुत करना था। विकास, ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन के प्रावधान के साथ-साथ उठाए गए कदम विकास के इंजन के रूप में काम करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन में सबसे पिछड़े 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2014 से पहले 45 प्रतिशत घरों में एलपीजी कनेक्शन या स्वच्छ ईंधन नहीं था। अब करीब 32 करोड़ घरों तक, यानी करीब 100 प्रतिशत घरों तक खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध है। 10.3 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को 503 रु में एलपीजी सिलेंडर मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 डिग्री बदल गया है। बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। लोकसभा में केंद्रीय बजट बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷मैं बहुत आभारी हूँ कि सदस्यों ने बजट के विवरण में जाने का विकल्प चुना है। यह बजट बहुत अनिश्चितताओं के समय आया है, और वैश्विक वृहद आर्थिक परिवेश में परिवर्तन इसे चुनौतीपूर्ण बनाता है। इसलिए, यदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनके कारण बजट की तैयारी में वास्तव में बहुत अधिक अनिश्चितताएं हैं, तो मुझे कम से कम सम्मानित सदन के सामने यह रखना होगा कि ऐसे मुद्दे हैं जो वैश्विक चिंता के हैं, जिनका हमारे अपने बजट निर्माण पर भी प्रभाव पड़ता है।

### जीएसटी में बदलाव के लिए अपने राज्य से बात करें सांसद



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बदलाव के लिए सांसदों को अपने राज्य से बात करनी चाहिए। सीतारमण ने सदन में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि जीएसटी के संबंध में सभी निर्णय जीएसटी परिषद लेती है। इसमें केंद्र तथा सभी राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी राज्य को कोई फैसला लेना है, तो अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जीएसटी परिषद में आना चाहिए। कोई भी मुद्दा उठाने का किसी भी राज्य को पूरा अधिकार है।

## 02 गुमशुदा किशोरियों को 24 घण्टे के अंदर सकुशल किया बरामद

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा थाना ईसानगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2025 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित 02 नफर गुमशुदा किशोरियों 1-शिवानी पुत्री रामचन्द्र रस्तोगी उम्र करीब 14 वर्ष 2- रोहमा पुत्री जियाउलहक उम्र करीब 14 वर्ष नि0ग्राम ग्राम त्रिकोलिया मजरा सिंगावर थाना ईसानगर जनपद खीरी को 24 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2025 धारा109(1)/115(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.सुधीर कुमार पुत्र स्व0 चेतई निवासी ग्राम खीचिनपुरवा मजरा बड़ागांव थाना शारदानगर जनपद खीरी 2.बालगोविन्द पुत्र विश्म्भर दयाल उर्फ कर्ता दयाल निवासी ग्राम खीचिनपुरवा मजरा बड़ागांव थाना शारदानगर जनपद खीरी को ग्राम घाटमपुर मजरे बड़ागांव के पास नहर किनारे से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्तगण द्वारा दिनांक-10.02.2025 को ग्राम खिचीन पुरवा में अभियुक्त गण द्वारा मनोज कुमार को अनायास है लाठी एवं बांका से मार करके घायल किया गया था।

## भाजपा विधायक योगेश वर्मा का विवादों से नहीं छूट रहा पीछा

**लखीमपुर खीरी।** सदर से भाजपा विधायक योगेश वर्मा का विवादों से पीछा नहीं छूट रहा है। सोमवार की रात सदर विधायक अपनी स्कार्पियो गाड़ी से कहीं जा रहे थे। संकटा देवी चौराहे पर बिजली की लाइन ठीक की जा रही थी, जिससे जाम लगा हुआ था। भाजपा विधायक की गाड़ी वहां फंसी तो उन्होंने अपनी गाड़ी बीच सड़क पर लगवा दी और काफी देर तक हंगामा किया सूचना पाकर शहर कोतवाल अंबर सिंह मौके पर पहुंचे और विधायक का मान-मनौव्वल करके मामला शांत कराया। शहर कोतवाल ने बताया कि बिजली लाइन के तार झूल रहे थे, जिन्हें कर्मी ठीक कर रहे थे। तभी जाम लगा था, जिससे सदर विधायक ने नाराजगी जताई थी। उधर, किसी ने इस घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## दो पक्षों के बीच हुआ विवाद जमकर चले ईंट पत्थर

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली के गांव महिद्दा में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों की ओर से ईंट पत्थर चले। विवाद के दौरान दो सगे भाई घायल हो गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। इलाके के गांव महिद्दा निवासी प्रताप गिरि ने बताया कि 12 फरवरी को उसके घर तिलक का कार्यक्रम है। इसकी तैयारियों को लेकर घर के बाहर पड़ी टीन को पानी चलाकर साफ कर रहा थे। सफाई के दौरान सड़क पर मामूली पानी भर गया। इसी बात को लेकर पड़ोसी सचिन गिरि, पवन कुमार, रंजीत व संजीत लाठी डंडा और बांका लेकर घर आ गए और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने बांके से हमला किया। पथराव में उसका भाई अवधेश भी घायल हो गया।

## एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**लखीमपुर-खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घर के दरवाजे पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पापुर निवासी रोहित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 फरवरी की देर रात मेवाराम पुत्र डालचंद, अरविंद पुत्र सोहनलाल, रिषिपाल पुत्र मेवालाल, अमर सिंह पुत्र जगन्नाथ उसके दरवाजे पर शराब पीकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगो ने उसे लाठी डंडो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## दलित पीड़ित युवक से मिलने पहुंचा कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल



अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** दलित से मारपीट के मामले में प्रांतीय आव्हान के बाद मंगलवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित युवक से मिलने जिला अस्पताल पहुंचा,जहां पहुंच कर कांग्रेसियों द्वारा पीड़ित से बातचीत की गई। जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल जिला अस्पताल पहुंचा जहां पीड़ित से मुलाकात के बाद जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा की हमें प्रांतीय आह्वान पर निर्देश प्राप्त हुए हैं कि इस घटना की वास्तुस्थिति जानकारी कर न्याय हेतु कार्य करें। उन्होंने कहा इस घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आ रही है, दबंग खुलेआम घूम रहे हैं अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो बदायूं कांग्रेस पीड़ित के पक्ष में आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर जितेंद्र कश्यप, इलयास हुसैन वीरपाल सिंह यादव आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पर्यटन विभाग बार्डर पर स्थित कौड़ियाला गुरुद्वारे के सामने बना रहा है पर्यटक भवन

**लखीमपुर-खीरी।** पर्यटन विभाग बार्डर पर स्थित मशहूर कौड़ियाला गुरुद्वारे के सामने पर्यटक भवन बना रहा है। इसमें बाहर से आने वाले पर्यटकों को ठहराया जाएगा। इसे बनाने का काम तेजी से चल रहा है यह भवन एक करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनाया जाएगा। इसे बनाने की समय सीमा 11 महीने है। इसमें एक यात्री प्रतीक्षालय तथा भवन से मिले हुए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन कक्ष बनाए जाएंगे। पर्यटक भवन की चाभी गुरुद्वारे में रहेगी। यहां से पर्यटक इसे ले सकेंगे। भारत-नेपाल सीमा पर बन रहा यह भवन पर्यटकों को काफी सुविधा देगा।

## एक घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन घरों सहित लाखों का सामान जलकर राख

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के खैरीगढ़ के रहीमपुरवा गांव के एक घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन घरों सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग में दो ट्रैक्टर व करहा जल गए। दो गाएं झुलस गईं। सूचना पाकर पहुंचे पुलिसकर्मियों और दमकल दस्ते ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया। सोमवार रात करीब 11 बजे रहीमपुरवा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद चौहान के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय तक घर और आसपास के ज्यादातर लोग सो चुके थे। अयोध्या प्रसाद का घर सामान सहित जल गया। देखते-देखते आग ने पड़ोसी बलराम व उसके तीन बेटों के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। शोर सुनकर जागे पड़ोसियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। घरों में रखी नकदी समेत लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सिंगाही थाने से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों और दमकलकर्मियों की आग बुझाने में मदद की। आग में अयोध्या प्रसाद व उनके भाई नवल किशोर के घरों में रखी पचास क्विंटल गुड़, बीस क्विंटल धान, दो ट्रैक्टर, कंप्यूटर करहा, एक ड्रम डीजल जल गया। आग से दो गायें भी झुलस गईं।

## रास्ते में चकरोड पर कटीला तार की चपेट में बाइक पर सवार तीन युवक घायल अस्पताल लेकर पहुंचते समय एक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सेमरिया हनुमानगढ़ी मंदिर के पास पहुंचे थे। रास्ते में चकरोड पर कटीला तार की चपेट में आने हादसा हो गया। हादसे में एक युवक की मौत हो जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना क्षेत्र के गांव रूद्रपुर निवासी 40 वर्षीय रामदयाल अपने दो साथियों में करन और अतुल के साथ रोज की तरह सुबह भी मोटरसाइकिल मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। क्षेत्र के सेमरिया हनुमानगढ़ी मंदिर के पास स्थित चकरोड पर किसी ने कटीले तार लगा दिए थे। कटीले तारों में फंसकर बाइक सवार राम दयाल, करन और अतुल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन रामदयाल को अस्पताल लेकर पहुंचते इससे उसकी मौत हो गई। जबकि करन और अतुल का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतों पर नगरायुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

### जनसुनवाई में सफाई व पेयजल सम्बंधी शिकायतें भी आयी

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आयी अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा सफाई सम्बंधी आयी चार शिकायतों में से दो का तत्काल निस्तारण कराया गया। पेयजल सम्बंधी आयी दो शिकायतों के निस्तारण के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा गया। आज आयी 12 शिकायतों में से दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी निवासी देशराज सिंह ने गैस गोदाम के पास नाली की सफाई कराने, वार्ड संख्या 32 जनकपुरी चौक निवासी लक्की कुमार ने जनकपुरी चौक गली नंबर तीन में नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को भेजकर तुरंत सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 40 निकट रोडवेज बस स्टैण्ड निवासी राजेंद्र ने दुकान के पास नाली की साफ सफाई कराने, वार्ड 41 शारदानगर निवासी प्रदीप सेठी ने शारदानगर चौक पर नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर सम्बंधित सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

वार्ड 19 न्यू गोपाल नगर निवासी संदीप पुंडीर ने सतगुरु दयाल कुटिया को अवैध बताते हुए, उसे हटवाने, वार्ड 52 के नवाज ने राकेश टाकिज रोड पांवधोई नदी के किनारे किये गए अतिक्रमण को हटाने तथा वार्ड 48 निवासी आशु ने रीति आश्रम के निकट सड़क पर सामान बेचने के लिए किये गए अतिक्रमण को हटवाने एवं वार्ड 9 राजीली हाउस निकट रहने वाले जीएस बेदी ने एक महिला द्वारा सड़क पर किये गए



अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

दाबकी जुनारदार के जब्बार ने उमर मस्जिद के पास पेयजल पानी की सप्लाई चालू कराने के लिए तथा उज्जवल नगर मल्हीपुर रोड के अरुण राणा ने मिनी बाईपास पर पेयजल पानी की सप्लाई चालू किये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जब्बार व अरुण को बताया गया कि दाबकी जुनारदार तथा वार्ड 02 में अमृत 2.0 पेयजल योजना के अंतर्गत जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है, कार्य प्रगति पर है। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बदायूं।** थाना हजरतपुर क्षेत्र में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। यहां एक किसान के पुत्र का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला है।परिजन घटना को आत्महत्या बता रहे हैं,हालांकि घटना के पीछे का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है,पुलिस मामले में जांच कर रही है।

बताया जाता है कि थाना हजरतपुर क्षेत्र के ग्राम बमनपुरा के रहने वाले किसान के पुत्र विपिन की पत्नी रोज की तरह मंगलवार को प्रातः में झाड़ू लगाने के बाद कचरा फेंकने बाहर गई थी जहां से लौटने पर उसने अपने पति को फंदे पर लटका देखा जिसे देखकर पत्नी की चीख निकल गई और आसपास के लोग तथा परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पाते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस द्वारा परिजनों से पूछताछ की गई लेकिन परिजन पुलिस को नहीं बता पाया कि विपिन ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया,वह इसे आत्महत्या बता रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

## आगरा पुलिस ने 303 चोरी व गुम हुए मोबाइल किए बरामद, डीसीपी सिटी सूरज राय ने अपने हाथों से लौटाए

**आगरा।** पुलिस इन दिनों अपनी एक अलग ही पहचान बनाने में लगी है। इसी कड़ी में आगरा पुलिस ने पिछले 3 महीने में चोरी और गुम हुए 303 मोबाइल फोनों को सर्विलांस की मदद से बरामद किया। वही अपराधियों के प्रति सख्त व सही मायने में जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले डीसीपी सिटी सूरज राय ने लोगों को अपने हाथों से मोबाइल फोन वापस किए। वहीं फोन पाकर लोगों के चेहरे पर जो मुस्कान आई वह देखने योग्य थी। पुलिस की मानें तो सभी फोन की अनुमानित कीमत करीब 51 लाख रुपए आंकी गई। इस दौरान डीसीपी सिटी ने बताया कि आगरा पुलिस के खोया पाया सेल द्वारा चोरी और गुम हुए फोन को ट्रैक कर उन्हें बरामद किया जाता है। 3-3 माह के अंतराल में जो भी बरामद होते हैं उन्हें ऑनर को वापस कर दिया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को भी 303 फोन को वापस किया गया। उन्होंने बताया कि एसओजी सर्विलांस सेल का प्रयास है कि जितनी कंप्लेंट मोबाइल गुम होने की मिले, उनके फोन बरामद कर वापस किए जाएं। आगरा पुलिस के अनुसार आम जन के गुम/चोरी हुए मोबाइल के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा, संचालित CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल को लॉंच किया गया था, जिसके माध्यम से आवेदक CEIR पोर्टल https://www.ceir.gov.in/General/indeX.jsp पर जाकर अपना मोबाइल को ब्लॉक कर सकता है, जिसको थाना स्तर से मोबाइल को ढूंढने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। जब आवेदक को गुम/चोरी मोबाइल प्राप्त हो जाता है तो CEIR पोर्टल पर जाकर उसको अनब्लॉक करके ही मोबाइल को पुनः प्रयोग किया जाये।

## आगरा में ई लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को कृषि यंत्र किए गए वितरित

**आगरा।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में प्रतिभा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आगरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति एवं कृषकों की उपस्थिति में कृषि विभाग आगरा द्वारा सब मिशन ऑन एग्रिकल्चर योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु तीन यन्त्रों (रीपर कमबाइन्डर, सुपर सीडर एवं कस्टम हाइरिंग सेन्टर) का शासनादेश के अनुसार ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। जिसकी सूचना ई-लॉटरी में चयनित कृषकों के मोबाइल नम्बर पर प्रेषित कर दी गई है। उक्त प्रक्रिया में 9 कृषकों ने प्रतिभाग किया गया। इस के अतिरिक्त बेलिंग मशीन, कृषि ड्रोन के लक्ष्य के सापेक्ष टोकन अधिक न होने के कारण उनका चयन स्वतः ही हो गया है।

## जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन मां शाकंभरी विश्वविद्यालय का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने निर्माणाधीन मां शाकंभरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन, वीसी रेजीडेंस, टाईप 3,4,5, कैन्टीन, गर्ल्स एवं ब्वॉयज हॉस्टल, फिनिशिंग कार्य, फर्श एवं टाइलिंग की गुणवत्ता, खिड़की एवं दरवाजे तथा रंगाई-पुताई को बारीकी से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि मानक के अनुसार ग्रेनाइट पत्थरों का इस्तेमाल किया जाए तथा निर्धारित ज्वाईंट स्थलों पर पॉलिश किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय निर्माण कार्य से संबंधित संस्थाओं लोनिवि, पीएमसी एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए भवनों का निर्माणकार्य एवं फिनिशिंग कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि निर्मित विश्वविद्यालय के भवन का संचालन पूर्ण रूप से हो सकें। मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि पानी की निकासी हेतु नाले के निर्माण की प्रक्रिया निरंतर चालू रहे। उन्होंने कहा कि कमियों को दूर करते हुए विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य यथाशीघ्र एवं गुणवत्ता से पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर कुलपति प्रो.वाई विमला, रजिस्ट्रार वीरेन्द्र कुमार मौर्य सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने किया बालपुर में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने आज वार्ड 6 के बालपुर में करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इण्टरलॉकिंग टाइल युक्त सड़क व नाली निर्माण का शुभारंभ किया। वार्ड 6 बालपुर के ग्रामीण पिछले काफी समय से उक्त सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज पूजा अर्चना के साथ सड़क पर गेंती चलाकर सड़क व नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर निगम सहारनपुर विकास के कार्यो को लगातार गति दे रहा है। महानगर में सड़कों-नालियों का निरंतर निर्माण कराया जा रहा है, ताकि लोगों के रहन सहन का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके और उनका आवागमन सरल व सुरक्षित हो सके।

## अवैध मादक पदार्थ सहित तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** थाना उझानी पुलिस द्वारा तीन लोगों को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस को यह कामयाबी वाहन चेकिंग के दौरान हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत मंगलवार को वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा राजू पुत्र तेजपाल, कृष्णपाल पुत्र ज्ञान सिंह, जितेंद्र पुत्र छत्रपाल को गिरफ्तार किया गया है पुलिस को गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 10 किलो से ऊपर डोडा छिलका बरामद हुआ है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया की अध्यक्षता में सिंचाई बन्धु बैठक

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया की अध्यक्षता में सिंचाई बन्धु बैठक जिला पंचायत सभागार में आहूत की गई। बैठक में सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग,




नलकूप विभाग, लघु सिंचाई विभाग, वन विभाग, निचली मांट शाखा खण्ड गंगा नहर, मथुरा सिंचाई खण्ड, हाथरस एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे, साथ ही जल निगम के किसी भी अधिकारी के उपस्थित न होने पर अध्यक्ष द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद आगरा में चल रही महत्वाकांक्षी परियोजना पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि जनपद आगरा में रबी फसली 1432 के अन्तर्गत 81 नहरों के सापेक्ष 81 नहरों की टेलफीड कराई जा चुकी है। टेलफीड प्रगति शत-प्रतिशत है। सहायक अभियन्ता प्रथम द्वारा अवगत कराया कि सिकन्दरा राजवाह को आदर्श नहर बनाने की परियोजना स्वीकृत हो गयी है, जल्द ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। आगरा राजवाह पर कार्य प्रारम्भ हो गया है, जिसमें डौला बनाने के साथ-साथ कच्ची रीच में खंडजा लगाने का कार्य है। नहर के दोनों तरफ 200-200 मीटर की दूरी पर नहर चिन्हांकन पिलर लगाये जायेंगे, जिससे नहर को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके। आगरा राजवाह पर जो 7 पुराने पुल हैं, उनको तोड़कर पुर्नस्थापना का कार्य किया जायेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि आगरा राजवाह से निकलने वाली कचौरा माइनर, सकतपुर माइनर एवं गढ़सानी माइनर के क्रास रेगुलेटर जो क्षतिग्रस्त हो गये हैं, उनकी पुर्नस्थापना का कार्य कराया जायेगा, वर्तमान में लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि नहरों पर चल रहे कार्यों का विभागीय मानकों एवं गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सहायक अभियन्ता को राजवाह टर्मिनल की परियोजना एक सप्ताह में बनाकर अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में सिंचाई खण्ड, हाथरस/मथुरा से उपस्थित अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि 18 जनवरी से हाथरस शाखा बन्द थी। 07 फरवरी से हाथरस शाखा चालू हो चुकी है।

## आगरा में नगर निगम कर्मचारियों पर लगा दुकानदारों को पीटने का आरोप, बाजार बंद कर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आए दिन विवादों में नजर आने वाला आगरा नगर निगम आज शहर के तोता का ताल पर में नाले के अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम के प्रवर्तन दल से दुकानदारों से जमकर विवाद हो गया। आरोप है कि टीम ने दुकानदारों की पिटाई लगा दी जिससे बाजार में आक्रोश फैल गया और बाजार बंद कर दुकानदार धरने पर बैठ गए। मारपीट में चार दुकानदार घायल हुए हैं।

जानकारी अनुसार नगर निगम की ओर से इस समय जगह-जगह अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। तोता का ताल पर एक नाले का निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार को नाले का निर्माण करने वाले ठेकेदार प्रशांत पालीवाल और एई सोमेश ने नगर निगम के प्रवर्तन दल को बुला लिया। आरोप है कि प्रवर्तन दल ने अतिक्रमण हटाने के दौरान नाली के पीछे दुकानों के अंदर तक तोड़फोड़ शुरू कर दी, जब दुकानदारों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की जाने लगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इसमें चार दुकानदार घायल भी हुए हैं।

मारपीट के विरोध में बाजार में आक्रोश फैल गया और दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर हंगामा करना शुरू कर दिया और धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रवर्तन दल के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दी। सूचना पर भाजपा पार्षद शरद चौहान भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रवर्तन दल की कार्रवाई को गलत बताया और कहा कि नाले के बारे में पहले से सबकुछ तय हो चुका था तो फिर तोड़फोड़ की क्या आवश्यकता थी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इधर हंगामा बढ़ने पर नगर निगम की टीम मौके से चली गई।

## अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. बबीता सिंह चौहान ने नवीन सर्किट हाउस में की महिला जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** मंगलवार को अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. बबीता सिंह चौहान ने नवीन सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई की तथा महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अध्यक्ष द्वारा सर्व प्रथम अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा,श्रम, समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तीकरण, पंचायतराज आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के स्थान पर अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक में उपस्थिति पर अध्यक्ष द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा अनुपस्थित सभी



अधिकारियों को नोटिस देने तथा आगामी समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के कड़े निर्देश दिए। वही अध्यक्ष द्वारा विगत समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों की अनुपालन आख्या तलब की। दिए निर्देशों की शतप्रतिशत अनुपालन आख्या न देने पर तत्काल कार्यवाही रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में 2982 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। अध्यक्ष द्वारा विगत बैठक में जानकारी चाही गई थी कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर कितने आंगनवाड़ियों के पद रिक्त हैं तथा केंद्रों की समग्र स्थिति रिपोर्ट प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए थे। ससमय रिपोर्ट प्रेषित न किए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई तथा आज ही रिपोर्ट देने के कड़े निर्देश दिए। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं हेतु अलग अलग शौचालय का निर्माण किया गया है, सभी 40 जीआईसी में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा आत्मनिर्भरता, रोजगार हेतु कैरियर गाइडेंस, सेमिनार भी आयोजित की गई हैं।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 12 फरवरी 2025



# डीएम की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का कलेक्ट्रेट में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं अन्य विविध गतिविधियों के लिए इंटरनेट एक बहुत ही सशक्त माध्यम है। आज दैनिक दिनचर्या के साथ ही सभी तकनीकी क्षेत्रों में हम बड़ी ही आसानी से इसका उपयोग कर सकते हैं। परन्तु इसके दुरूपयोग की संभावना भी बहुत है। आज के समय में विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध इसी श्रेणी में आते हैं, जोकि इंटरनेट के उपयोग से ही संभव हैं। साइबर अपराधों से बचाव केवल और केवल आपकी सावधानी ही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस ''एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए'' थीम के तहत मनाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि आज के समय में कोई भी चीज मुफ्त या फ्री नहीं है, इसलिए आपके मोबाइल या कम्प्यूटर पर कोई फेक कॉल या मैसेज आए तो सावधानी रखें और उसकी सत्यता की पड़ताल करने के बाद ही कोई कदम उठाएं। उन्होंने उपस्थित सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आव्हान किया जब आप सरकार के लिए किसी सॉफ्टवेयर, पोर्टल या बेवसाइट का उपयोग करें तो अतिरिक्त सावधानी बरतें, अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में ''सुरक्षित इंटरनेट'' के उपयोग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूक रहें और साइबर हमलों के खिलाफ सचेत रहें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है।

# निजीकरण के पहले आगरा और ग्रेटर नोएडा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी करे पॉवर कार्पोरेशन : संघर्ष समिति

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज भी बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जनपद गोरखपुर में मुख्य अभियन्ता कार्यालय प्रांगण मोहद्दीपुर में बड़ी विरोधी सभा हुई। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के लिए आगे बढ़ने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी किया जाए।

संघर्ष समिति गोरखपुर के पदाधिकारियों जितेन्द्र कुमार गुप्त, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, ब्रजेश त्रिपाठी, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, विकास राज श्रीवास्तव, पीयूष राज श्रीवास्तव, ओम गुप्ता, सत्यव्रत पाण्डेय, सरोजनी सिंह, आशुतोष शाही अहसान अहमद खान, कौशलेंद्र सिंह, पवन सिंह, अमरेन्द्र कुमार एवं दिलीप कुमार ने कहा कि निजीकरण पूरे देश में एक विफल प्रयोग है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 1993 में ग्रेटर नोएडा का निजीकरण किया गया था और 2010 में आगरा शहर का निजीकरण किया गयाथा। इन दोनों शहरों के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को कितना घाटा हुआ और आम जनता को कितनी तकलीफ हुई इसका खुलासा श्वेत पत्र द्वारा पावर कारपोरेशन को आम जनता के सामने जारी करना चाहिए। संघर्ष समिति गोरखपुर के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा की आगरा में वर्ष 2023 -24 में पावर कॉरपोरेशन ने 5 रुपए 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर आगरा में टोरेंट कंपनी को 04 रुपए 36 पैसे में बेचा। इससे वर्ष 2023-24 में पॉवर कारपोरेशन को 275 करोड रुपए का नुकसान हुआ। विगत 14 वर्षो में पॉवर कारपोरेशन को आगरा के निजीकरण से 2434 करोड रुपए का नुकसान हो चुका है। संघर्ष समिति गोरखपुर के संरक्षक इस्माइल खान ने कहा कि यह नुकसान महंगी दर पर बिजली खरीद कर निजी कंपनी टोरेंट को सस्ती दर पर बचने के कारण हो रहा है। असली घाटा कई हजार करोड रुपए का है । आगरा में बिजली का औसत टैरिफ 07 रुपए 98 पैसे प्रति यूनिट है। टोरेंट कंपनी रुपए 4. 36 प्रति यूनिट पर पावर कारपोरेशन से बिजली खरीद कर रुपए 07.98 प्रति यूनिट में बेंच रहा है। इस प्रकार से उसको लगभग 800 करोड रुपए का प्रति वर्ष का मुनाफा हो रहा है। यदि निजीकरण ना होता तो यह मुनाफा पावर कारपोरेशन को मिलता। इस प्रकार पावर कारपोरेशन को आगरा के निजीकरण से प्रतिवर्ष 1000 करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान हो रहा है। 1993 में जब ग्रेटर नोएडा का विद्युत वितरण निजी कंपनी को दिया गया था तो यह एक बड़ी शर्त थी कि निजी कंपनी 54 महीने में अपना बिजली उत्पादन घर लगाएगी। नोएडा पावर कंपनी ने आज तक एक मेगा वाट का भी बिजली घर नहीं लगाया। कई साल तक पावर कॉरपोरेशन महंगी दर पर बिजली खरीद कर नोएडा पावर कंपनी को सस्ती दर पर बेचती रही। ग्रेटर नोएडा पूरी तरह से औद्योगिक क्षेत्र है। इस प्रकार इस निजीकरण से पॉवर कॉरपोरेशन घाटा उठाता रहा।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक आधार स्तम्भ पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनायी गयी। पूर्व मंडल अध्यक्ष अभय राजावत के नेतृत्व एवं सभासद मोनू यादव के संयोजकत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय जी की कोंच चौराहे पर स्थित प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, महामंत्री कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, यादवेन्द्र सिंह चौहान, पवन कुमार अग्रवाल, डॉ बृजेन्द्र दुबे, राजीव मिश्रा, धीरज प्रजापति, अन्नू शर्मा, अनुज शाक्य, अनेकांत श्रीवास्तव, गोलू श्रीवास्तव, आलोक भदौरिया, डॉ भूपेंद्र पटेल, धीरज साहू,पवन साहू, मीनू सेंगर, शुभम अग्रवाल सभासद, संजय राठौर, चन्द्र भान कुशवाहा आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम शक्तिकेंद्र तोपखाना के बूथ नम्बर 32 तोपखाना पर आयोजित किया गया था।

## विज्ञान प्रदर्शनी में ऐबेनेजर स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एबेनेजर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग करते हुए बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 5 से लेकर 8 में पढ़ने वाले बच्चों ने प्रदूषण मॉडल, लेजर सिक्योरिटी, सतत विकास, सीड जर्मीनेशन, प्रकाश संश्लेषण, सौर मॉडल, ड्रिप इर्रीगेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कृषि के प्रकार, जल संरक्षण, हाइड्रो पावर प्लांट, रोबोट, वाटर डिस्पेंसर आदि को प्रदर्शित करते हुए शानदार मॉडल बनाए। वहीं प्रतिभागी बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए प्रबंधक एएक्स जोसेफ ने कहा कि रचनात्मकता बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि को बढ़ावा मिलता है। प्रधानाचार्या केजे ग्रेसी ने कहा, विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान और समाज का आंतरिक ढांचा सुदृढ़ करने का बेहतर साधन है। संचालन निशी अयूब ने किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# मंत्री राजेश सचान ने सीएम-युवा के लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति चेक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम एवं हथकरघा मंत्री राजेश सचान द्वारा नुमाइश मैदान के कोहिनूर मंच पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अन्तर्गत प्रदेश के प्रथम मण्डल स्तरीय ऋण वितरण शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। मंत्री ने ऋण वितरण शिविर में आए युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से सीएम-युवा योजना के तहत प्रथम ऋण वितरण शिविर का आगाज हुआ है।

योजना के तहत अनौखी पहल करते हुए आगामी 10 वर्ष में 10 लाख औद्योगिक इकाईयां संचालित कराते हुए युवाओं को लाभान्वित कराना है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कीजिए जब यही 10 लाख युवा उद्यमी नौकरी देने वाले बन जाएंगे तो कितने लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां अलीगढ़ व आगरा मण्डल के हजारों युवा उद्यमी हैं, इनको सरकार वित्तपोषित योजनाओं का लाभ देने के लिए बैंकों को कोड जारी किए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से आव्हान किया कि बैंकर्स के साथ समन्वय बैठक कर अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित कराए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से योजना का प्रचार-प्रसार बूथ लेबिल तक करने का भी आव्हान किया। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मा0 उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने ''सीएम-युवा'' का शुभारम्भ किया। योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 80 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है जिनमें से लगभग 36 हजार आवेदन बैंकर्स को प्रेषित किए गए जिनमें से 12900 युवाओं के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में अभी भी लगभग 50 दिन शेष हैं ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं में लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 2018 में योगी जी द्वारा आरम्भ की गई ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश में लागू किया है। पूरे देश में 5 करोड़ एमएसएमई इकाईयों में से लगभग 96 लाख उत्तर प्रदेश में है।

# श्री रैनाथ ब्रह्मदेव महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर, देवरिया।** नगर में स्थित रैनाथ ब्रह्मदेव महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका श्री रैनाथ वाणी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्रा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो उमा श्रीवास्तव आचार्य गणित एवं सांख्यिकी विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, नाटक और संगीत ने सभी का मन मोह लिया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका श्री रैनाथ वाणी का विमोचन मुख्य अतिथि के साथ गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अजय कुमार शुक्ला, प्रोफेसर अनुराग द्विवेदी अध्यक्ष समाज शास्त्र विभाग, प्रोफेसर बृजेश कुमार पाण्डेय आचार्य मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, प्रबंधक पंडित दीनदयाल मिश्रा निदेशक राजमणि मिश्र, एवं महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ इंद्रदेव पांडे आदि अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। पत्रिका में महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य उपलब्धियों के साथ विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को स्थान दिया गया है। मुख्य अतिथि ने पत्रिका के संपादकीय दल को सराहते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास है। प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यह महाविद्यालय केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## आईटीएम गीडा की छात्राओं ने निर्माण किया पुलिस के लिए स्मार्ट इलेक्ट्रानिक स्कूटर

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा गोरखपुर- आईटीएम गीडा की छात्राओं ने पुलिस के लिए बनाया स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर गोरखपुर के आईटीएम गीडा की बीसीए द्वितीय वर्ष की चार छात्राओं आरुषि श्रीवास्तव, अंकिता राय, ऋतिका तिवारी और यशिका सिंह ने विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट पुलिस इलेक्ट्रिक स्कूटर तैयार किया है। इस स्कूटर में इलेक्ट्रॉनिक गन लगी है, जो रबर की गोलियों और लाल-हरी मिर्ची के कैप्सूल फायर करने में सक्षम है। स्कूटर को तैयार करने में लगभग 90,000 रुपये का खर्च आया है। संस्थान के निदेशक एन. के. सिंह ने बताया कि संस्थान का इनोवेशन सेल लगातार नए-नए शोध कार्य करता रहता है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।



## सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (सरकारी अभिकरण) के तत्वाधान में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य थीम टुगेदर फॉर बेटर इंटरनेट पर आयोजित कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आलोक मिश्रा द्वारा बृहद रूप से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा साइबर क्राइम से बचने तथा उसे सतर्कता अपनाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मौके पर सीडीओ जयदेव सी.एस. मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शाहिद अहमद, शत्रुध्न पाठक, आशुतोष तिवारी, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, एआरटीओ पंकज सिंह, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अलीगढ़ पुलिस ने चार शातिर वाहन चोर किये गिरफ्तार



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी पुलिस व एन्टी व्हीकल थैफ्ट टीम अलीगढ़ की संयुक्त कार्यवाही में चोरी की एक सैन्ट्रो कार रजि0 सं0 यूपी 81 एस 2622 व चोरी की एक मोटरसाईकिल रजि0 नं यूपी 81 सीक्यू 9414 व चोरी की 4 अन्य मोटरसाईकिलों के साथ चार अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 1. संदीप पुत्र किरेश चन्द्र निवासी लक्ष्य नगर कॉलोनी थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 2.जगबीर पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी कुसुम बिहार कॉलोनी जयगंज थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ 3.पंकज यादव पुत्र शिशुपाल यादव निवासी लक्ष्य नगर कॉलोनी थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 4. शिवा शर्मा पुत्र रामकुमार निवासी ग्रीन पार्क थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ को जीटी रोड से भीकमपुर की तरफ खंडर के कमरे के पास सारसौल चौकी क्षेत्र सारसौल से गिरफ्तार किया गया। वही अभियुक्तों से मु0अ0स0 80/25 व 100/25 से सम्बन्धित माल बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा चोरी की 4 अन्य मोटरसाईकिलों की बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0स0 104/2025 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस उपरोक्त सभी 4 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

## भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में पीडीए की पंचायत हुई

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पीडीए कार्यक्रम भोजपुर विधानसभा के जोन नंबर 11 पर सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में संपन्न* आज दिनांक 11 फरवरी को भोजपुर विधानसभा के जोन नंबर 11, सेक्टर नंबर 32 के बूथ संख्या 309 पर पीडीए चर्चा चौपाल ग्राम कतरौली पट्टी में विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने वहां मौजूद लगभग आधा सैकड़ा किसानों के बीच में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा आज की वर्तमान सरकार पीडीए की अवहेलना कर रही है व उनके हक अधिकारों को छीनकर अपने पसंद के लोगों दिए जा रहे हैं। आज पूरे जनपद में पीडीए के लोगों को विभिन्न विभागों में पोस्टिंगों में वरीयता भी नहीं दी जा रही है। जो पीडीए के नेता भाजपा में हैं उनकी इतनी हैसियत भी नहीं की वह अपनी बात शीर्ष नेतृत्व को पहुंचा सकें। पीडीए समाज का लगातार शोषण हों रहा। इस मौके पर उनके साथ जिला सचिव एवं फ्रंटल प्रभारी रामपाल सिंह यादव,राजीव शाक्य,जितेंद्र शाक्य,शैलेन्द्र कुमार, लाखन सिंह, अखिल कठेरिया राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छात्र सभा मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के घर चोरी

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** बीजेपी के जिला अध्यक्ष बी उनके चाचा मोहित के घर विगत दिवश चोरों ने घर का ताला तोड़ कर लाखो रूपया के आभूषण और नकदी चोर ले गए। पूरा परिवार वृंदाबन में दर्शन के लिए गए थे चारों ने मौके का फ़ायदा उठाकर ताला तोड़ कर चोरी को अंजाम दिया। मोहित जी का कहना है घर में अलमारियां तीन थी तीनों के ताले तोड़ कर सब लूट ले गए।

## पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गोरखपुर।** पुलिस ने पति, ससुर, सास, ननद, फुफा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 12 केशोपुर निवासी बविता प्रजापति की शादी 1जून 2023 को रामरतन प्रजापति पुत्र दिनेश कुमार प्रजापति निवासी केशवापार थाना गोला के साथ हुई थी। शादी में उपहार के तौर पर नकदी,गहने,अन्य सामान दिए गए थे। ससुराल जाने के बाद लोग कम दहेज लाने का ताना मारने लगे। और दबाव बना रहे थे कि भाई सिपाही है। व्यवसाय के लिए 5 लाख रुपया मायके से लाओ। पीड़िता ने असमर्थता व्यक्त किया तो पति सहित ससुराल के लोग प्रताड़ित करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिए। 25 जून 2024 को पति और ससुराल के लोग मारपीट कर घर से निकाल दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति रामरतन प्रजापति,सास उर्मिला,ससुर दिनेश, ननद मनीषा, रामरतन के फूफा रामनिवास प्रजापति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स, भारत गैस, खसरा नं. 283 ग्राम बुन्टा प्र. थाना भवन तह. ऊन ज़िला शामली का रजिस्ट्रेशन सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर के द्वारा दिनांक 03.06.2023 को हुआ था। फर्म में रजिस्ट्रेशन के समय 1.अजय बिन्दल पुत्र जी0सी0बिंदल निवासी वी0वी0इण्टर कालेज रोड, शामली, जिला शामली 2. श्रीमती अंशु चौधरी पत्नी अनुज चौधरी निवासी माजरा रोड शामली, जिला शामली साझीदार थे दि. 11.10.2024 को फर्म में से श्रीमती अंशु चौधरी उपरोक्त ने अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है अर्थात श्रीमती अंशु चौधरी ने फर्म उपरोक्त से अपना हिसाब किताब चुकता कर लिया है तथा अजय बिन्दल एक मात्र पार्टनर रह गया है और इस प्रकार दिनांक 11.10.2024 को फर्म डिजोल्ड हो गयी। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी जिसके लिए फर्म जिम्मेदार होगी।

अजय बिन्दल (पार्टनर)

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-15-2024-25 |
| कार्य का नाम | ''कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ क्योसन मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग ऐट 17 स्टेशन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवे फॉर 36 मंथ्स'' |
| अनुमानित लागत | रु. 7,96,08,088.80 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 548100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.03.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग–टेंडर–15/2024–25 दिनांक 08.02.2025 464/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में वंदे भारत अमृत उत्सव में बेटियों ने जगायी राष्ट्रीयता की अलख

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** संस्कृति एवं पर्यटन परिषद लखनऊ और थिएटर एवं फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आजादी का अमृत काल एक भारत श्रेष्ठ भारत और महाकुंभ 2025 के अंतर्गत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की स्मृति में वंदे भारत अमृत उत्सव का आयोजन गोसाईगंज के लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय में वृहद रूप से मंगलवार 11 फरवरी को आयोजित किया गया।

इस प्रदेश व्यापी महा अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस तरह के देशभक्ति से ओतप्रोत समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह रही कि छात्राओं ने जब विद्यालय परिसर में प्रभात फेरी और तिरंगा यात्रा निकाली तो परिसर भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष से गूंज उठा। पोस्टर प्रतियोगिता मे प्रथम विधि गुप्ता दुर्तीय दिव्यांशी तृतीय दीपिका मोर्य, निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम कामिनी दुर्तीय पलक तृतीय साक्षी सिंह भाषण प्रतियोगिता के प्रथम शालिनी, दुर्तीय आरती रावत, तृतीय ज्योति यादव को मिला ढ्ढ इससे पूर्व गोंडा और शाहजहाँपुर में यह समारोह, जनसहभागिता से भव्य रूप में आयोजित किये जा चुके हैं। सांस्कृतिक मंच पर परंपरा के अनुसार समारोह की शुरुआत प्रथम देव गणेश वंदना से हुई। लवप्रीत कौर ने देशभक्ति के अंतर्गत हर करम अपना करेंगे÷ और प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के क्रम में गंगाजी नहाहिबो और सइया कुंभ के मेले जाइबे जैसे गीत सुनाए तो लोगों ने तालियां बजाकर उनके मधुर गायन की प्रशंसा की। सुर सरिता की अविरल धारा को प्रवाहित करते हुए बहराइच की विभा मैती और सह गायिका नलिनी त्रिपाठी ने सुमधुर राम भजन सुनाए। कुंदर सिंह के साथ ही गायिका श्वेता शुक्ला ने देश भक्ति के सदाबहार गीत ए मेरे वतन के, दिल दिया है, राम आए हैं और रेलिया बैरन सुनाकर वाहवाही लूटी। गायक रामगुलाम ने गुप्ता ने ÷छोड़ो कल की बातें, कही दूर जब दिन ढल जाये।

## झांसा देकर दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने मंगलवार को झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 469/2024 धारा 69 भारतीय न्याय सहिंता से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल सिंह पुत्र लाल साहब सिंह निवासी खोड्डा बड़हरिया टोला थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अतुल कुमार विन्द कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार विजय यादव मनोज यादव शामिल रहे।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक:- 750/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनाँक:- 11/02/2025

### (अल्पकालीन निविदा-सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 18/02/25 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 18/02/25 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनु0धन0 | अर्नेस्ट मनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *Reboring of Sumer Sible Pump at Ward Acharya Narendra Dev and Sheetla Devi Ward mein 2 nag* | Rs. 327720.00 | Rs. 6600 | Rs. 350 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्त:- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6


## पूर्व मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि पर मंत्री जयवीर सिंह व अनुराग मिश्रा हवन पूजन में शामिल हुए



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि पर पांचाल घाट पर हवन पूजन में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेंद्र सिंह राठौर व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज प्रबंधक अनुराग मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्युत बकाया की राजस्व वसूली को लेकर बैठक

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विद्युत बकाया की राजस्व बसूली के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि जनवरी 25 में 36 करोड़ के सापेक्ष 29 करोड़ 17 लाख की बसूली की गई है, जिलाधिकारी द्वारा बसूली को लक्ष्य के सापेक्ष बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी संविदाकर्मी औऱ मीटर रीडर अपने गृह फीडर पर तैनात न रहे, जो भी ग्रह फीडर पर तैनात है उनका स्थानान्तरण किया जाये व सभी अधि0अभि0 इसका प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए कि कोई भी कार्मिक अपने स्वयं के फीडर पर तैनात नही है, किसी भी उपभोक्ता का गलत बिल न बने, गलत बिलिंग करने बाले मीटर रीडरों पर कार्यवाही की जाये।

## पंडित दीनदयाल ने भाजपा की जड़ को सिंचा : विनय

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मंगलवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि पण्डित दीनदयाल जी ने एकात्म मानव दर्शन, राष्ट्रवाद, आंतरिक लोकतंत्र व स्वदेशी जागरण की परिकल्पना देने वाले पण्डित जी ने भाजपा की जड़ों को सींचा है। कालांतर में उनके द्वारा लगाए गए पौधे ने करोड़ों कार्यकर्ताओं से युक्त भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल किया है। वर्तमान युग मे पीएम मोदी और सीएम योगी को पण्डित उपाध्याय का नवरूप बताते हुए उन्होंने नपाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों राष्ट्र सन्तों के भाजपा रूपी विशाल वृक्ष का पूरे देश मे विस्तार कर अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने में महती भूमिका निभाई है। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सेक्टर संयोजक राजेश तिवारी, देवेश मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद सीएम योगी से शिष्टाचार भेंटः खब्बू तिवारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हाल ही में संपन्न हुए मिल्कीपुर उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेट करते हुए पूर्व विधायक गोसाईगंज, इंद्र प्रताप तिवारी %खब्बू% ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।इस दौरान पूर्व विधायक तिवारी ने मिल्कीपुर की ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने मिल्कीपुर की जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने का संकल्प लिया। श्री तिवारी ने कहा, ÷यह जीत मिल्कीपुर के युवाओं, बुजुर्गों, माताओं और बहनों तथा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। यह पार्टी के असली कार्यकर्ताओं की जीत है और उनकी बदौलत ही इतनी बड़ी विजय संभव हो पाई है। कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है, और हम हमेशा मिल्कीपुर की जनता के साथ खड़े रहेंगे।÷साथ ही, गोसाईगंज के विकास कार्यों पर भी मुख्यमंत्री के साथ गहन चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

# पं दीनदयाल की पुण्य तिथि पर भाजपाईयों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एकात्मक मानववाद के प्रेणता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर भाजपा नेताओं द्वारा सिविल लाइन बस अड्डे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धान्तों पर चलते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति संकल्पित है। सरकार की योजनाएं इसी को ध्यान में रखकर बनायी गयी है। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया गया है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीति में सादगी व समाज के हित में कार्य करने प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र का अध्ययन करने से मिलती है। राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव अपने भीतर समाहित करते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच है।

इस अवसर पिछड़ा आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य, महानगर महामंत्री शैलेंद्र कोरी काशीराम रावत, वरुण चौधरी, शशि प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, दिनेश जायसवाल, अनुभव जायसवाल, चंदन कसेरा, लक्ष्मीकांत जायसवाल, गोकुल प्रसाद, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम , हुकुम केस पांडे, संजय निषाद, आलोक द्विवेदी, हेमंत जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मंगलवार से भाजपा कार्यालय पर होगा वृहद भंडारे का आयोजन

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में श्री अयोध्या न्यास द्वारा ग्यारह फरवरी से भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में पुनः भण्डारे का आयोजन किया गया है। यहां पर श्रद्धालुओं के विश्राम, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ के उपरांत अयोध्या पहुंच रहे है। इससे पूर्व पांच दिवसीय भण्डारे का आयोजन 29 जनवरी से प्राम्भ हुआ था। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों की भोजन सेवा की गई थी। अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु रेलगाड़ियों से यहां आ रहे है। कैंट रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण यहां आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि भण्डारे की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। भण्डारा प्रात 11 बजे से देर रात दो बजे तक चलेगा। इसके लिए स्वंयसेवकों को नियुक्त किया गया है। जो भण्डारे की व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगे। भंडारें की व्यवस्थाओं के लिए जिला जीत सिंह, विपुल सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सूरज सोनकर, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद संतोष सिंह, श्री कृष्ण , बृजेन्द्र मनोज श्रीवास्तव, गणेश गुप्ता, राजकुमार सचदेवा को लगाया गया है।

## अयोध्या में सफर इंटरनेट डे के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

**अयोध्या।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार, और मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन लखनऊ के मार्गदर्शन में आज विकास भवन सभागार में सफर इंटरनेट डे के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन ऑफिस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान पी0पी0टी0, वीडियो इत्यादि के माध्यम से विभागीय कर्मचारियों को अपने-अपने विभाग के पासवर्ड बनाने, बदलने, यूपीआई लॉगिन/पासवर्ड, ऑनलाइन शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाइन लेन-देन, और इंटरनेट फ्रॉड से बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला में विभिन्न विभागों जैसे राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, उद्योग, युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, महिला कल्याण, खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दंबगो का खेत पर जबरन कब्जा का प्रयास, अधिवक्ता पर किया हमला, पुलिस को दी तहरीर



**बाराबंकी।** दंबगो ने खेत पर जबरन अवैध कब्जा करने कोशिश की। खेत मालिक अपने मित्र के साथ मौके पर पहुँचकर ऐसा करने पर मना किया तो दबंगो ने पीडितो पर जान लेवा हमला बोल दिया और कार का शीशा तौड़ते हुवे भाग गए। जिसके बाद पीड़ितो ने थाने में तहरीर देकर दबंगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की माँग की। पुलिस ने तहरीर लेकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी। मामला थाना सतरिख के ग्राम डल्लू खेरा है है जहाँ पर पीड़ित अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने खेत खरीदा था। जिसपर बगल के खेत मालिक दंबग रामसूचित आजाद पुत्रगण धनीराम व नीरज पुत्र रामदेव एवं पवन पुत्र भुल्लू ने जबरन पीड़ित मोहम्मद अब्बास के खेत पर अपना दावा करने लगे, लेकिन मोहम्मद अब्बास व भरत यादव ने खेत पर पिलर गाढ़ दिया। जिसके बाद दबंगो ने अपने साथ मौजूद 10-15 लोगो ने जबरन खेत से पिलर उखाड़ने लगे। जिसकी सूचना श्री ज़ैदी व भरत यादव को हुई तो आनन फानन मौके पर पहुँचकर पिलर उखड़ने को मना किया तो दबंगो ने पीड़ित मोहम्मद अब्बास व भरत यादव पर जान लेवा हमला बोलते हुवे मोबाइल छीनने का प्रयास किया। दंबगो का दिल नही भरा तो पीड़ित की कार नम्बर यूपी 32 ईई 3052 का शीशा तोड़ दिया। किसी तरह से पीड़ित जान बचाकर पास के हनुमान टीले वाली मंदिर पहुँचकर अपने मोबाइल से पीआरवी को सूचित किया। थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुँच गई। तबतक दंबग अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गए। पीड़ितो ने थाना सतरिख पुलिस को लिखित तहरीर देकर दंबगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की माँग की। पीड़ित मोहम्मद अब्बास ने बताया कि उक्त खेत गाटा संख्या 234 पर उनका कब्जा था। उन्होंने बताया कि उक्त खेत की लेखपाल द्वारा नपाई की गई थी जिसके बाद हम लोगो ने पिलर गाढ़ दिया था। लेकिन दबंगो को ये बात ना गवार गुजरी और राम सूचित, आजाद पुत्रगण धनीराम अपने 10 15 साथियों के साथ गाड़ियों से पहुचे जिसमे एक गाड़ी न यूपी 32 जीई 50 97 से पहुचे और हम लोगो पर जान लेवा हमला बोल दिया और भद्दी भद्दी गालिया देते हुवे कहा कि अगर जान की खैरियत चाहते तो तो दुबारा यहाँ नजर नही आना नही तो जान से हाथ धो बैठोगे। पुलिस ने तहरीर लेकर दंबगो को पकड़ने के लिये दबिश दे रही है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी फरार बताये जा रहे है।

# हिंदुस्तान मार्केटिंग कंपनी के नाम से लोगो को ठगने वाले गिरोह के 12 सदस्यों को भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा फर्जी हिन्दुस्तान मार्केटिंग कम्पनी के माध्यम से जनता को प्रलोभन देकर ठगी करने वाले 12 अन्तर्राज्यीय शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में कूटरचित पम्पलेट, 101 अदद एलईडी टीवी, लैम्प, साड़ियां के अलावा नकदी बरामद किया है। सभी अभियुक्तों को जेल रवाना कर दिया गया है। पुलिस लाइन स्थित सभगार में पत्रकारों से वार्ता करते हुवे एएसपी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त नरेश साहनी पुत्र मंजू साहनी निवासी ग्राम वसंत जगजीवन वार्ड नं0-8 थाना पुरनहिया जनपद शिवहर, बिहार, रंजीत कुमार पुत्र उमेश व बब्लू कुमार पुत्र जिनीश महतो निवासीगण थाना शुप्पी जनपद सीतामढ़ी, बिहार, रमेश साहनी पुत्र रामचन्दर साहनी निवासी खरिहनिया मलाई टोला वार्ड नं0-14 थाना ढ़ाका जनपद पूर्वी चम्पारण, मोतीहारी बिहार, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र शत्रोहन महतो निवासी ग्राम भण्डारी थाना बेलसन जनपद सीतामढ़ी, बिहार, नवीन साहनी पुत्र बैजनाथ साहनी निवासी ग्राम अखता मलाई टोला थाना शुप्पी जनपद सीतामढ़ी, बिहार, मंजू साहनी पुत्र हरेन्द्र साहनी व सुकन महतो पुत्र स्वरूप महतो और बिजली साहनी पुत्र जगदीश साहनी निवासीगण ग्राम अखता मलाई टोला थाना शुप्पी जनपद सीतामढ़ी, बिहार, पप्पू कुमार महतो पुत्र बच्चन महतो निवसी ग्राम अखता मलाई थाना बगड़निया जनपद सीतामढ़ी, बिहार, अजीत कुमार पुत्र प्रमोद पासवान निवासी ग्राम वसेलुहा पैगम्बरपुर थाना आहिमापुर जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार जग्गू कुमार पुत्र शम्भू साहनी निवासी ग्राम सुगामीपुर थाना पताही जनपद पूर्वी चम्पारण मोतीहारी, बिहार को आरएसघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने निशांदेही से 20 अदद कूटरचित पम्पलेट, 5050 अदद कूपन, 218 अदद साड़ी, 101 अदद सूर्या व जैको कम्पनी एलईडी टीवी, 50 अदद लैम्प, 50 अदद हाट केस और 48 हजार 350 रूपये नगद,एवं 4 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। एएसपी ने आगे बातया कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो फर्जी हिन्दुस्तान मार्केटिंग कम्पनी बनाकर उसके कूपन व पम्पलेट के माध्यम से आमजन को प्रलोभित कर उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। अभियुक्तगण द्वारा गांव-गांव जाकर हिन्दुस्तान मार्केटिंग कम्पनी को रजिस्टर्ड कम्पनी बताकर 7500 रुपये कीमत की साड़ियां खरीदने पर उसके साथ प्राप्त 4 कूपनों को स्क्रैच करने पर सूर्या व जैको कम्पनी की एलईडी टीवी, लैम्प, हॉट केश आदि ब्राण्डेड एवं महंगा सामान ईनाम के तौर पर प्राप्त होने का का प्रलोभन दिया जाता है किन्तु कूपन के माध्यम से मिलने वाला सामान नकली कम्पनी होता है।

## मां कामाख्या धाम महोत्सव का 6 मार्च से होगा आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** अयोध्या जिले के रुदौली तहसील के दक्षिणी छोर पर गोमती नदी के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय मां कामाख्या धाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कामाख्या भवानी गेस्ट हाउस में महोत्सव का पोस्टर जारी जारी किया। महोत्सव 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा इस महोत्सव के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया जाएगा। महोत्सव में धर्म , कला, संस्कृति व संगीत परंपराओं का समागन होगा , कवि सम्मेलन के आयोजन के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठान पर विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे सरकार पहले ही मां कामाख्या धाम को नगर पंचायत बना चुकी है मां कामाख्या धाम को योगी सरकार ने विकास की दर्जनों योजनाएं उतार चुकी है।विधायक श्री यादव ने बताया कि धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन रहे कामाख्याधाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। इस क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा देने के साथ ही यहां पर विकास की दर्जनों योजनाएं मूर्त रूप ले चुकी हैं। जिले का पहला जैविक पार्क यहां निर्माणाधीन है तो वहीं बस अड्डा निर्माण की कार्रवाई चल रही है।

# मां कामाख्या धाम महोत्सव का 6 मार्च से होगा आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** अयोध्या जिले के रुदौली तहसील के दक्षिणी छोर पर गोमती नदी के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय मां कामाख्या धाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कामाख्या भवानी गेस्ट हाउस में महोत्सव का पोस्टर जारी जारी किया। महोत्सव 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा इस महोत्सव के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया जाएगा। महोत्सव में धर्म , कला, संस्कृति व संगीत परंपराओं का समागन होगा , कवि सम्मेलन के आयोजन के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठान पर विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे सरकार पहले ही मां कामाख्या धाम को नगर पंचायत बना चुकी है मां कामाख्या धाम को योगी सरकार ने विकास की दर्जनों योजनाएं उतार चुकी है।विधायक श्री यादव ने बताया कि धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन रहे कामाख्याधाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। इस क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा देने के साथ ही यहां पर विकास की दर्जनों योजनाएं मूर्त रूप ले चुकी हैं।

# हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में 40 बच्चे हुवे सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*



**मसौली बाराबंकी।** हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मसौली मे सम्पन हुआ कार्यक्रम मे 40 निपुण बच्चो को माला पहनाकर एव प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक एव आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना अधिकारी उपेंद्र कुमार उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी उपेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि हमारा आँगन हमारे बच्चे नींव मज़बूत करने का कार्य करता है। निपुण भारत मिशन में शत प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने हेतु एक अध्यापक अपने विद्यालय में क्या-क्या नवाचार कर सकता है यह एक कुशल शिक्षक की भूमिका है। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने बताया की पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर प्ले स्कूल की भांति बच्चों को खेल-खेल में शिक्षित किया जा रहा है आज मसौली ब्लाक निपुण मे आगे है। एस आर जी अवधेश कुमार पाण्डेय ने निपुण भारत मिशन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।इस दौरान विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के बच्चो द्वारा स्कूल चलो,जैसे संस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किया गया तथा 40 निपुण बच्चो को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम मे एडीओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, संजय श्रीवास्तव, बनवारीलाल, विवेक गुप्ता, सचिन कुमार, गरिमा, निशा, कविता सिंह, सुचि ने अपने अपने विचार रखे।

## महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिलाधिकारी का निरीक्षण



**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने महाकुम्भ 2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मेन गेट पर श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने बिड़ला धर्मशाला और श्रीराम अस्पताल के पास लगाए गए बेरीगेटिंग का भी जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था हेतु टेंट सिटी में सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।इस निरीक्षण में एआरओ श्री राम प्रसाद त्रिपाठी, अन्य अधिकारीगण और पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा शिवालय परिवार का 72 वां महाशिवरात्रि महामहोत्सव

**अयोध्या धाम।** रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित ? शिवालय मंदिर के महंत गणेश राय दास ने घोषणा की कि शिवालय परिवार का 72वां चार दिवसीय महाशिवरात्रि महामहोत्सव 24 फरवरी से 27 फरवरी तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन में अनेकों प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

महामहोत्सव का प्रारंभ महादेव जी के आगमन के शुभ गीतों से होगा। इसके बाद निरंतर 24 घंटे की शिव महाधुनी का आयोजन किया जाएगा। शिवरात्रि की प्रभात वेला में शिव बारात का भव्य आयोजन होगा। शिवालय मंदिर परिसर में इस दौरान निरंतर भंडारे की सेवा भी जारी रहेगी। 27 फरवरी की प्रातः 4 बजे महादेव जी की आरती के साथ माता आशा राय जी के पल्लव साहब द्वारा इस महामहोत्सव का समापन किया जाएगा।धार्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं को इस महाशिवरात्रि के मौके पर आस्था और भक्ति में डूबने का अवसर मिलेगा।

## हाइवे पर बनाई गई सफ़ेद पट्टी हुई धूमिल, वाहन चालको को हो रही दिक्कत

**रामनगर बाराबंकी।** हाइवे पर सुरक्षा के लिए बनाई गई सफ़ेद पट्टी धूमिल हो गई हैं जो रात में नही दिखती है। इन्हें नए सिरे से नहीं बनाया जा सका है। चालकों को रात्रि में वाहन चलाने में दिक्क़त होती है। बाराबंकी बहराइच हाइवे पर घाघरा घाट तक सड़क के दोनो किनारो पर सफ़ेद पट्टी एन एच आई द्वारा कार्यदाई स्संस्था से बनवाई गई थी जो रात के उजाले में दिखती थी जिससे वाहन चालक उन पट्टियों के सहारे वाहन चलाते थे।इधर उधर किनारे नही जाते थे। एक साल से यह सफ़ेद पट्टी धूमिल हो गई है जो रात की कौन कहे दिन में नहीं दिखती है। इनको यदि नया कर दिया जाए रो यातायात व्यवस्था में बड़ी सुविधा हो लेकिन कोई अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा।महादेवा मेला आ रहा।

# दो दिवसीय भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को नगर के जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लुंबिनी पर्यटन बोर्ड के डायरेक्टर रामू जोशी पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह सदर विधायक जयमंगल कनौजिया पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर बलराम भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पांडे एसडीएम सदर रमेश कुमार यादव प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार मिश्रा सहित नेपाल के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे दो दिवसीय मैत्री महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर बेहतरीन प्रस्तुतियां का प्रदर्शन किया गया जिसमें राष्ट्रीय भोजपुरी गायिका मुंबई की अनुपमा राग ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। भारत नेपाल संबंधों पर आधारित कई गीतों के माध्यम से अनुपमा राग में भारत नेपाल की संस्कृतियों और रिश्तों पर भी अपने जीत गाए। रामू जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से भारत और नेपाल के बीच के संबंध और अधिक मधुर होंगे विधायक जयमंगल कनौजिया ने कहा कि नेपाल के साथ हमारा रिश्ता रोटी और बेटी का है कभी-कभी पटीदारी किसी बात की आती है तो हम दोनों आपस में बैठकर समझ लेते हैं, हमारी और उनकी संस्कृतियों लगभग एक जैसी हैं इसीलिए दुनिया में हम मित्र राष्ट्र के रूप में जाने जाते हैं। विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी और नेपाल की संस्कृति पूरी दुनिया में एक मानी जाती है हमारे उनके रिश्ते आज से नहीं प्राचीन है और आज भी हम उन रिश्तो को पूरी मधुरता के साथ निभा रहे हैं।

## कॉल्स पर संवेदनशील जानकारी साझा ना करेंः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के विषय में जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक परिदृश्य में सार्वजनिक एवं निजी जीवन में इंटरनेट का महत्व और उपयोगिता अत्यधिक बढ़ता जा रहा है। लेकिन इसके कारण इंटरनेट से जुड़े खतरे भी बढ़ रहे हैं। वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट इसके उदाहरण हैं। कहा कि कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण, अपनी व्यक्तिगत जानकारी आदि ऑनलाइन साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखे। अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि यदि आपके साथ किसी प्रकार का साइबर अपराध होता है, तो तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन अथवा 222.cybercrime.gov.in पर इसकी शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही ऑनलाइन गतिविधियों को करते समय सतर्क रहें और सुरक्षित वेबसाइट अथवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें।

## सीडीओ की अध्यक्षता में सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने के लिए कार्यशाला सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने हेतु कार्यशाला अंबेडकर सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों /कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट का उपयोग ऑफिस, स्कूल, बैंक, बच्चों व कॉरपोरेट कंपनी आदि द्वारा किया जाता है।

आजकल इंटरनेट के माध्यम से साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, बैंक ऑफर, क्रेडिट कार्ड, बीमा योजना आदि के माध्यम से लोगों को लालच देकर घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे बचने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अनजान नंबर से कॉल/संदेश आने पर उसको रिसीव न करें तथा किसी भी लिंक को बिना पुष्टि के क्लिक न करें। इंटरनेट पर वेबसाइट डालते समय अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करें। अधिकृत वेबसाइट से मिलते जुलते फर्जी वेबसाइट इंटरनेट पर मौजूद है जिसका उपयोग करने से साइबर अपराधियों द्वारा गोपनीय सूचना, मनी फ्रॉड, व्यक्तिगत सूचना आदि को हैक कर लेते हैं। किसी भी बैंक से संबंधित कॉल/संदेश में रिवॉर्ड पॉइंट ,केवाईसी, लोन ,आधार कार्ड, पैन कार्ड , सीवीवी, ओटीपी की मांग की जाती है तो कोई भी गोपनीय जानकारी शेयर ना करें तथा अपने संबंधित बैंक से संपर्क स्थापित करें। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर भी फर्जी तरीके से आईडी बनी हुई है जिसके माध्यम से भी फ्रॉड किया जाता है। अपने मोबाइल फोन में अधिकृत एप्लीकेशन ही डाउनलोड करें अन्य प्रकार के एप्लीकेशन को डाउनलोड करने से बचें। किसी भी मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर अपना मोबाइल फोन चार्ज ना करें अपने साथ चार्जर अवश्य रखें। किसी भी प्रकार की साइबर फ्रॉड के लिए 1930 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा पीपीटी, वीडियो क्लिप के माध्यम से साइबर की घटनाओं, सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने हेतु विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, एआईजी स्टांप राजेश सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से, उत्तर पुस्तिकाएं की गई वितरित

अवधनामा संवाददाता



- अहम बिंदुओं को लेकर डीआईओएस ने की मंथन
- जिले में इस वर्ष 119 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होनी हैं। जिले में इस साल 119 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। जनपद स्तर पर भी सघन मानीटरिंग शुरू हो चुकी है। परीक्षा केंद्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ से शुरू हो गई है। पहले दिन नौगढ़ तहसील के परीक्षा केंद्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की गईं। उत्तर पुस्तिकाएं 15 फरवरी तक वितरित होगी। डीआईओएस प्रकाश सिंह ने वितरण स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कड़ी निगरानी के साथ ही पूरी सजकता के साथ वितरित करने का निर्देश दिया।

मंगलवार से जीआईसी नौगढ़ से उत्तर पुस्तिका वितरण की शुरुआत की गई। स्कूलों को तहसीलवार उत्तर पुस्तिकाएं दी जाएंगी। पहले दिन सदर तहसील के अधिकांश कॉलेजों को कॉपियां दी गईं। 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रही हैं। जीआईसी के प्रिंसिपल दयाशंकर यादव ने बताया कि 10वीं और 12वीं की लगभग पांच लाख कॉपियों का वितरण होना है। कॉपियां स्कूलों के प्रिंसिपल, केंद्र व्यवस्थापक या उनके द्वारा नामित लिपिक( क्लर्क ) को ही दी जाएंगी। स्कूल के मैनेजर, प्रबंध तंत्र के सदस्य या किसी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कॉपियां नहीं दी जाएंगी। कॉपियों पर बार कोड दिए गए हैं। क्रमांक लिखे गए हैं। इसलिए पूरा रिकॉर्ड मेंटेन रहेगा। गिनती करके ही कॉपियां दी जाएंगी। कॉपियां सुबह 10:30 से शाम 4 बजे तक ली जा सकती हैं। बाद में कमी होने पर कॉपियां नहीं दी जाएंगी। वितरण के सघन निगरानी की जिम्मेदारी जीआईसी नौगढ़ के वरिष्ठ शिक्षक राम नवल सिंह को दी गई है।

### अहम बिंदुओं को लेकर डीआईओएस ने की मंथन

बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले सकुशल, निष्पक्ष और नकल विहीन करने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह ने मंगलवार को कार्यालय में राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक समेत कक्ष निरीक्षकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट कीह तैनाती समेत अन्य कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की और अंतिम रूप देने के लिए संबंधित को कड़े निर्देश दिए। बैठक में राजकीय इंटर कॉलेज इंद्रीग्रांट के प्रधानाचार्य समर बहादुर सिंह, नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, परसा जमाल के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार, पचमोहनी के प्रधानाचार्य करुणाकांत, दुल्हा सुमाली के प्रधानाचार्य अजय श्रीवास्तव, लिपिक अबरार अहमद, मंसब आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर किया नमन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। कन्हैया पासवान ने श्रद्धेय पंडित जी को नमन करते हुए कहा अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित करने वाले अंत्योदय एकात्म एवं मानववाद के प्रणेता मां भारती के महान सपूत त्याग और तपस्या के प्रति मूर्ति प्रखर राष्ट्रवादी एवं हम सब कार्यकर्ताओं की पथ प्रदर्शक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ही पदचिह्नों पर प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता आज कार्य कर रहा है और अंत्योदय को आगे बढ़ा रहा है। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय, गुड्डू त्रिपाठी, श्यामविहारी जायसवाल, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, अनुराग गगन, अरविंद पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंडित जी द्वारा लगायें गए जनसंघ के पौधे का विस्तार वट वृक्ष रूप में हुआः उमा अग्रवाल



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ़ मण्डल अन्तर्गत नगर पंचायत शोहरतगढ़ के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में उनके चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि कर मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमा अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ऋषि-राजनेता रहे। जिन्होंने राजनैतिक चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा हैं।

पंडित जी द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया में भी हुआ है। इसी क्रम मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने कहा कि रीति, नीति और संस्कृति के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित और आदिवासियों के कल्याण की बात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार उनके बताये मार्ग पर ही आगे बढ़ रही है। मण्डल कार्य समिति सदस्य अभिषेक चौधरी,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनीष पाठक, बूथ अध्यक्ष बासुदेव शर्मा, गौरव शर्मा, राहुल अग्रहरी, विक्रांत सिंह, सनी कनौजिया, आशीष पाण्डेय, अभिषेक निगम, अनिल गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## टी.बी. रोगी खोज कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दास्त : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि टी.बी.रोगी खोज कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 100 दिन तक टी.बी. रोगी खोज कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी एमओआईसी बर्ल्नेबल पापुलेशन का शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग, मैपिंग व रजिस्ट्रेशन पूर्ण करायें। सभी सीएचसी/पीएचसी पर टी0बी0 के मरीजों का सैम्पल नहीं आ रहा है जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी तथा बीसीपीएम को रूचि लेकर सैम्पल एकत्रित कराकर जिले पर भेजने का निर्देश दिया। सीएचओ व आशा के माध्यम से भी टी0बी0 के मरीजों का सैम्पल एकत्रित करायें। जिलाधिकारी ने टी0बी0 के मरीजों को उपचार के दौरान 1000 रूपये मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से शतप्रतिशत भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर टी0बी रोगी को पोषण पोटली का वितरण कराने तथा इस अभियान का बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। नैट जांच व एक्स-रे में प्रगति लाने व टी0बी के मरीजों को समय से दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसकी मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को वार रूम का नम्बर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा वार रूम व एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय करें जिससे कोई भी गर्भवती महिला व उसके परिजन सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकें। वार रूम व एनबीएसयू में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया जिसको निरीक्षण के दौरान देखा जायेगा। सभी एमओआईसी वार रूम का निरीक्षण करें तथा कम एचआरपी वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका बेहतर इलाज कराये और सावधानियां बरतने का सलाह दें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरसीएच पोर्टल पर सही डाटा फीड करायें, डाटा फीडिंग में गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## किशोरी को भगाने के मामले मे दर्ज की गुमशुदगी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** किशोरी के भगाये जाने के मामले मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने मे आनाकानी कर रही पुलिस ने आखिरकार खबर प्रकाशित होते ही रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दिया है। मालीपुर पुलिस चार दिन बाद भी किशोरी के गायब होने के मामले मे गुमशुदगी दर्ज नहीं कर रही है जिससे परिजन परेशान थे। विदित हो कि मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल पढ़ने गयी नाबालिग छात्रा को बहला फुसला कर भगा लेजाने के मामलें में पुलिस एक सप्ताह से परिजनों की प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही है। मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उस की 14 वर्षीय पुत्री अपने ननिहाल बेला परसा थाना बसखारी रह कर पढ़ती है। बीते 31 जनवरी को वह स्कूल से पढ़ कर वापस घर आरही थी इसी बीच गांव के समीप जूनियर स्कूल पहुंची तो जगतूपुर विल्टई गांव निवासी सुग्रीव राजभर पुत्र गनी राजभर व अमन राजभर पुत्र तुलसी राजभर रास्ते में मिले। पिता ने आरोप लगाया कि युवक अमन के सहयोग से सुग्रीव उस की पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा लेगया।काफी खोजबीन के बाद अमन की मोबाइल पर बात की गई तो उस ने खुद को गाजियाबाद में बताया और ज्यादा बात करने में आना कानी करने लगा। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी के गायब होने की लिखित तहरीर दिया मगर सप्ताह भर से ज्यादा समय बीतने के बाद पुलिस ने प्राथिमिकी दर्ज नहीं की।ततपश्चात इस मामले की खबर प्रकाशित होते ही पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा मंगलवार को दर्ज कर लिया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** स्थानीय कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार भोर में खेत से घर लौट रही किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता शौच के लिए सोमवार को भोर में करीब तीन बजे खेत गई थी। आरोप है कि तभी गांव के शिवांशु ने किशोरी को पकड़ लिया और उसके साथ दुराचार किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता धर पहुंची और परिवार के लोगों को पूरा प्रकरण बताया।

## अदबी और तालीमी मुकाबलों से छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का होता है विकास

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अदबी और तालीमी मुकाबलों से छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है और उन्हें आगे पढ़ने और बढ़ने का हौसला मिलता है। तालीमी इदारों में अदबी और तालीमी मुकाबलों का आयोजन नियमित होना चाहिए। यह विचार बांसी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध तालीमी इदारे दारुल उलूम फैजुर्रसूल बराँव शरीफ में आयोजित अदबी और तालीमी मुकाबले के दौरान सज्जादानशीन अल्लामा गुलाम अब्दुल कादिर अल्वी ने व्यक्त किए।

दारुल उलूम फैजुर्रसूल के नाजिमे आला पीर गुलाम अब्दुल कादिर अल्वी के जन्मदिन तेरह फरवरी के उपलक्ष्य में मजहरो जानशीने शोएब उल औलिया मजमून नवीसी और नातिया इनामी मुकाबले का आयोजन अन्नादी उल अलवी के जेरे इहतिमाम हुआ। इस मुकाबले में उन्नीस छात्रों ने मजमून नवीसी और बत्तीस छात्रों ने नातिया मुकाबले में हिस्सा लिया। मुकाबले के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को सर्टिफिकेट के साथ क्रमशः इक्कीस सौ, पंद्रह सौ तथा एक हजार रूपये के नकद इनाम से नवाजा गया।

मजमून नवीसी में प्रथम दौर-ए-हदीस के छात्र अब्दुल मुतीन शोएब अख्तर द्वितीय और सुहेब अल्वी ने त्रितय पूरस्कार हासिल किया, नातिया मुकाबले में मुहम्मद तलहा पहले मुहम्मद एजाजुल मुस्तफा दूसरे, मुहम्मद आसिफ रज़ा तीसरे स्थान पर रहेरहे। प्रोग्राम में पीर मुफ्ती मोहम्मद आसिफ अल्वी अजहरी नायब सज्जादानशीन व मुहतमिम ने कहा कि छात्र जीवन में अदबी और सकाफती सरगर्मियां छात्रों में आत्मविश्वास के साथ मेहनत करने और आगे बढ़ने का जज्बा पैदा करती हैं। प्रोग्राम के आयोजन में मौलाना इश्तियाक अहमद कादरी और कारी आफताब आलम उस्मानी की मुख्य भूमिका रही। क़ारी ज़ाहिद यार अल्वी ने सभी छात्रों के लिए लंच बॉक्स भेंट कर हौसला अफ़ज़ाई की। इस अवसर पर शेखुल हदीस मुफ्ती मोहम्मद इस्माइल अल्वी हाशमी, प्रधानाचार्य मुफ्ती अली हसन अल्वी अजहरी, मुफ्ती नूरानी शाह बदरी, सहित अन्य अध्यापक गण तथा छात्र उपस्थित रहे।

## खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज कुमार कार्तिकेय मिश्रा के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक ब्लॉक परिसर में मंगलवार को आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से टीबी मुक्त अभियान, नियमित टीकाकरण में आंगनबाड़ी की उपस्थिति, राष्ट्रीय कृमि दिवस, टीकाकरण में उदासीन परिवारों को टीकाकरण से जोड़ने एवं कोटेदार का सहयोग, स्वास्थ्य सखी का सहयोग के साथ-साथ नियमित टीकाकरण में सपोर्टिव सुपरविजन अन्य विभागों द्वारा विषय पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी से आह्वान किया गया कि लक्ष्य पूर्ति में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान में सभी लोग सहयोग करें जिससे शत प्रतिशत टीकाकरण अभियान को सफल किया जा सके। शोएब अख्तर ने कहा कि उदासीन परिवारों को टीकाकरण से जोड़ने में जो सहयोग अन्य विभाग द्वारा किया गया सभी को बधाई देते हुए ऐसे ही सहयोग रखने का निवेदन किया। उन्होंने यह भी बताया कि सभी विभागों के कर्मचारियों के सहयोग से अभियान को सफल किया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से मुकेश प्रसाद पूर्ति निरीक्षक, संजय कुमार खंड शिक्षा अधिकारी, डॉ अखिलेश एआर रो मोहम्मद साकिब, मुख्य सेविका विमला पांडे, आशा देवी कलस्टर कोऑर्डिनेटर नुसरत फातिमा, सुखदेव प्रसाद, राजेश कुमार लोग मौजूद रहे।

## तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मंगलवार को धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अचल प्रशिक्षण केन्द्र, प्रांगण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सिद्धार्थनगर में किया गया।

शिविर में वक्तागणों द्वारा द्वारा उपस्थित जनमानस व आशाबहुओं को बताया गया कि धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश में तंबाकू सेवन एक गंभीर समस्या बन चुका है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग तंबाकू सेवन के कारण कैंसर, हृदय रोग और श्वसन तंत्र की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। धूम्रपान और तंबाकू चबाने से शरीर पर अत्यधिक घातक प्रभाव पड़ते हैं, जो कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। यह न केवल कैंसर का मुख्य कारण है, बल्कि उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और सांस संबंधी बीमारियों को भी बढ़ावा देता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे वह अन्य संक्रामक रोगों की चपेट में आ सकता है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए तंबाकू अत्यंत हानिकारक होता है, जिससे शिशु के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई सख्त कानून लागू किए हैं। जैसे- उत्तर प्रदेश पुलिस अधिनियम, 1861, उत्तर प्रदेश सार्वजनिक स्थान धूम्रपान निषेध अधिनियम, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम COTPA, 2003 की धारा 4: सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध व उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक जुर्माना, धारा 5: तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध व उल्लंघन करने पर 1,000 रुपये तक का जुर्माना, धारा 6(A): 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना निषिद्ध उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना, धारा 6(B): शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना तथा धारा 7: तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी देना अनिवार्य उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक की सजा या 5,000 रुपये तक का जुर्माना का प्राविधान है। साथ ही साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 270 और 280, धारा 125, धारा 271 और 272 पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर-15100 पर कॉल कर तत्काल सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या आगामी 8 मार्च को जनपद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया गया गया। उक्त विशेष जागरूकता शिविर में डा0 वी0एन0 चतुर्वेदी नोडल अधिकारी कार्यक्रम, मानबहादुर जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक, अशोक कुमार एच0ई0आ0 कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी एवं आशासंगिनी प्रशिक्षक श्री नीरज सिंह व खरीदन प्रसाद तथा आशासंगिनी व आमजन उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व डीएम ने दीप प्रज्ज्वलन कर जनपदस्तरीय कृषक गोष्ठी/मेला का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना 2024-25 के अन्तर्गत मंगलवार को जनपदस्तरीय कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की उपस्थिति में राजकीय अलंकृत उद्यान पार्क में सम्पन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को कृषि के लिए व कृषि यंत्रो पर सब्सिडी उपलब्ध करायी जा रही है जिससे किसान अच्छे ढंग से वैज्ञानिक विधि से खेती कर सकें और उनकी आय दोगुनी हो सके। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर कालानमक चावल के लिए जाना जाता है।

कालानमक के साथ-साथ बागवानी और हरी सब्जियों की खेती करनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देष दिया कि उद्यान विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनाए चल रही हैं उसकी जानकारी किसानों को उपलब्ध करायें तथा उनका लाभ दिलायें। जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत ड्रिप/माइक्रो/मिनी संयत्र की स्थापना हेतु लघु/सीमांत कृषकों को 90 प्रतिशत तथा सामान्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत आम, लीची, पपीता, केला की खेती तथा फूलों की खेती, मशाले की खेती, मधुमक्खी पालन आदि कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण, अनाज प्रसंस्करण, बेकरी प्रसंस्करण, मशरूम उत्पादन आदि इकाई की स्थापना आदि नये उद्यम लगाने पर 35 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा उद्यान विभाग के 15 प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिक डा प्रदीप कुमार, डॉ0 प्रवीण कुमार मिश्रा,लीड बैक अधिकारी आरके सिन्हा, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, कृषि रक्षा अधिकारी विवके दूबे व किसान भाई उपस्थित रहे।

## भाजपा ज़िलामंत्री के घर हुई लाखों की चोरी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** भाजपा जिला मंत्री के घर शादी के 1 दिन बाद घर के पीछे की दीवाल से पांच लाख नकदी समेत लाखों रुपए गहने और नए कपड़े अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने तत्काल टीम गठित कर मामले को खुलासा करने का निर्देश दिया। चोरी की घटना से आहत परिजन लोगों के कर्ज देने को लेकर चिंतित हैं। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कन्नूपर गांव का है। उक्त गांव निवासी भाजपा जिला मंत्री के बहन की बीते रविवार विवाह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। बीते सोमवार शादी समारोह में आए रिश्तेदारों को ससम्मान विदाई कर शाम आश्वस्त होकर रात आराम कर रहे थे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष- 1989 अनुक्रमांक, 1543610 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

संतराम पुत्र अगनू, ग्राम - हथिवड़ ताल, पोस्ट -उसका बाजार, जनपद- सिद्धार्थनगर

## क्या अब मणिपुर शांत होगा?

प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह का इस्तीफा मजबूरन लेना पड़ा। मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय हिंसा और हत्याओं के कारण जलता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री को बरकरार रखा गया। अब विरोध और बगावत अविश्वास प्रस्ताव तक आ गई है। बीती 3 फरवरी को भाजपा के 19 विधायकों समेत कुल 33 विधायक दिल्ली आए और प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से मुलाकात कर मुख्यमंत्री बदलने का आग्रह किया। आगाह किया गया कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ भाजपा विधायक भी मुख्यमंत्री के खिलाफ वोट कर सकते हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को लगा कि 60 के सदन में करीब 35 विधायक विरोध में हैं, लिहाजा राज्य सरकार का पतन अपरिहार्य है। अंततः मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तलब कर उन्हें इस्तीफे के लिए आदेश देना पड़ा। यह ऐसा राजनीतिक इस्तीफा है, जो बहुत पहले ही अतिदेय था। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यथावत क्यों पदासीन रखा गया, इसका रहस्य तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही जानते हैं। बगावत की चिंगारी लपटों में तबदील हो सकती है, यह यथार्थ तो सितंबर-अक्तूबर में ही सामने आ गया था। तब भाजपा के 19 विधायक स्पीकर सत्यब्रत सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले थे। उस दौरान महाराष्ट्र चुनाव के कारण मामला ठंडा कर दिया गया, लेकिन मणिपुर जलता रहा। राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव इतना हिंसक हो गया कि अभी तक 250 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो चुके हैं। करीब 5000 घर जलाए जा चुके हैं। 386 धर्मस्थल तोड़े जा चुके हैं। भीड़ ने 3 मंत्रियों समेत 6 विधायकों के घर फूंक दिए। हिंसा के करीब 6000 मामले दर्ज हैं। इनमें 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। 6745 लोग जेल में कैद हैं। ये सभी सरकारी आंकड़े हैं। असली डाटा भिन्न और ज्यादा हो सकता है। मणिपुर वीभत्स होता गया है।

वैसे मणिपुर में हिंसा और हत्याओं के दौर कांग्रेस सरकारों के दौरान भी देखे गए हैं, लेकिन मौजूदा दौर में महिलाओं को सरेआम नग्न कर सड़कों पर घुमाया गया। इससे अधिक असामाजिक, अराजक और शर्मनाक हालात क्या होंगे! लेकिन मुख्यमंत्री बरकरार रहे और सत्ताओं के खेल जारी रखे गए। मणिपुर का मुद्दा संसद में भी पुरजोर तरीके से गूंजता रहा। चुनावों के दौरान भी कभी-कभार सुना गया, लेकिन 21 महीने तक यह नरक क्यों उबलता रहा, शायद ही देश को कभी इसका जवाब मिल सके! बेशक बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को सौंप दिया है। भल्ला केंद्रीय गृह सचिव रह चुके हैं, उसी अनुभव के मद्देनजर उन्हें मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया। सवाल यह है कि अब बीरेन सिंह के जाने के बाद मणिपुर के हालात कैसे होंगे? क्या अमन-चैन का दौर लौट सकता है? क्या मैतेई और कुकी के बीच अनुसूचित जनजाति के दर्जे का विवाद हल हो सकता है? क्या मणिपुर में ड्रग सिंडिकेट को नियंत्रित किया जा सकेगा और म्यांमार की खुली सीमा का कानून संशोधित किया जाएगा? फिलहाल ये सवाल बहुत कठिन और पेचीदा लगते हैं। बगावती गुट स्पीकर टी. सत्यब्रत सिंह को अपना नया मुख्यमंत्री चुनने के पक्ष में है। क्या भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनके नेतृत्व के लिए सहमत है?

**रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है।**

# रैदास युगपुरुष और युगदृष्टा सिद्ध संत थे

**संत रविदास जयन्ती**

महामना संत रविदास कहो या रैदास-भारतीय संत परम्परा, भक्ति आन्दोलन और संत-साहित्य के जहां महान् हस्ताक्षर है, वहीं वे अलौकिक-सिद्ध संत, समाज सुधारक, साधक और कवि हैं। दुनियाभर के संत-महात्माओं में उनका विशिष्ट स्थान है। सद्गुरु रामानंद के पारस स्पर्श ने चर्मकार रैदास को भारत वर्ष का महान चमत्कारी एवं


ललित गर्ग

सिद्धात्मा संत बना दिया था। वे निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। मन चंगा तो कठौती में गंगा, यह संत शिरोमणि रैदासजी के द्वारा कहा गया अमर सूक्ति भक्ति दोहा है, जो आज भी भारत के घर-घर में लोकप्रिय है। वे कबीर के समसामयिक कहे जाते हैं। उन्होंने जीवनपर्यन्त छुआछूत, ऊंच-नीच, जातिवाद जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराइयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान समाज सुधारक संत रैदासजी को जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।



रैदासजी ने समता और समरसता की शिक्षा भी दी, और हमेशा दलितों, वंचितों की विशेष रूप से चिंता भी की। स्पष्ट है कि रैदासजी जैसे महान भक्त जाति, क्षेत्र तथा व्यवसाय आदि बंधनों से मुक्त थे। इसलिए रैदासजी हर जाति, वर्ग तथा व्यवसाय के लोगों के लिए पूजनीय है। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी बूंटी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यों से हुई।

रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन उनके जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- 'चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 12 फरवरी 2025 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए।

जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रैदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित मानवता, समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। जूते बनाने के कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। रैदासजी श्रीराम और श्रीकृष्ण भक्त परंपरा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं जिन पर कई धुनों में भजन भी बनाए गए हैं। जैसे, प्रभुजी तुम चंदन हम पानी- इस प्रसिद्ध भजन को सभी गुनगुनाते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी धन के बदले आत्मा की आवाज को नहीं बदला तथा शक्ति और पुरुषार्थ के स्थान पर कभी संकीर्णता और अकर्मण्यता को नहीं अपनाया। रैदासजी के उच्च आदर्श और उनकी वाणी, भक्ति एवं अलौकिक शक्तियों से प्रभावित होकर अनेक राजा-रानियों, साधुओं-महात्मा तथा विद्वज्जनों ने उनको सम्मान दिया है। जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अंधकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति'। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो - सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन का द्योतक है।

पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता रैदासजी के मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया। रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे।

रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी।

## सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत रविदास


शिल्पी गौतम

मध्यकाल में लोकदर्शन, संतों की वाणी की आधार भूमि थी। इसलिए संतों ने लोक जीवन की रूढ़ परंपरावादिता और अंधविश्वास को अस्वीकार करके, संस्कार के ऊंचे स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न किया है। संत रविदास ने अपने युग के सभी समन्वयवादी संतो के इसी लोकदर्शन का अनुकरण किया है। उनके लोक-संबंधी विचारों में जहां भारत की परंपरागत सांस्कृतिक ऊर्जा का तेज विद्यमान है, वहीं तत्कालीन लोक-संस्कृति की स्वच्छता है, और विद्रोहात्मकता का भी उन्मेष दिखाई देता है। इसका सबसे बड़ा साक्ष्य यह है कि उन्होंने लोक जीवन में प्रचलित प्रतीक, उपमान, दृष्टांत, काव्य-रूप, छंद अलंकार आदि को मुक्त हृदय से स्वीकार किया है। संत रविदास ने लोक-मानस में विद्यमान विभिन्न कौतूहलपूर्ण जिज्ञासाओं, चमत्कारिक रुचियों, भविष्य संबंधी अनिष्ट की आशंकाओं, भावी मंगल से जुड़ी आशाओं और महत्वकांक्षाओं आदि को लोक जीवन में व्याप्त अन्याय रूढ़ियों और विश्वासों के माध्यम से जगह-जगह पर अभिव्यक्त किया है। उनके अंदर जनमानस के दुःख-दर्द, वेदना-संवेदना को समझने की सबसे अधिक समझ थी। उस समय तमाम सामाजिक संकीर्णताएं विद्यमान होने के बावजूद भी, संत रविदास का योगदान मनुष्य की आचरणिक एवं नैतिक मान्यताओं पर अधिक जोर देना रहा है।

भारत में सुधारवादी शीर्षस्थ संत कवियों की लंबी परंपरा रही है। इन्हीं संत कवियों की श्रेणी में संत रविदास थे। यद्यपि उनके जीवन और परिवार के विषय में अत्यंत प्रामाणिक जानकारी नहीं मिलती तथापि कतिपय शोधकर्ता विद्वानों के अनुसार उनका जन्म 15वीं शताब्दी के पांचवें दशक में काशी वाराणसी के निकट माडुर नामक स्थान पर संवत् 1433 यानी 1376 ई. में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ। विवाहोपरांत वे पत्नी लोना सहित गृहस्थ जीवन विताने लगे, किंतु इनका मन सांसारिक माया मोह से नितांत निरपेक्ष था। कवीरदास की तरह संत रविदास भी ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे किंतु साधु, संतों और विद्वानों के प्रगाढ़ सानिध्य में रहने के कारण आध्यात्मिक चेतना तथा वेद, शास्त्र, पुराण और व्यावहारिक ज्ञान से सर्वदा परिपूर्ण थे। उनके काव्य में वेद, पुराण और पौराणिक ज्ञान की स्पष्ट छाप है। लेकिन जो उल्लेखनीय है, वह है उनकी समाज सुधारक दृष्टि, स्पष्टवादिता और कलुषित यथास्थितिवाद को तोड़ने का प्रयास।

भारतीय समाज की निम्न एवं तिरस्कृत जाति से उनका जन्मना संबंध रहा। परंतु उनका संबंध उस लोक कल्याणकारी समाज से रहा, जो किसी एक जाति या संप्रदाय का नहीं, बल्कि समस्त मानव समुदाय से रहा है। उन्होंने एक महान समाज सुधारक की दृष्टि से जहां एक तरफ अपनी परख वाणियों से जनमानस को जीवन सत्य का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर मानव मात्र में उदात्त भावना जाग्रत कर, देश-काल और परिस्थिति के अनुकूल, प्रचलित रूढ़ियों व वर्ण-व्यवस्था से ऊपर उठकर मानव उत्थान हेतु सामाजिक वातावरण को संतुलित बनाने की बात कही है। मानवतावादी संत होने के कारण उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया है। उनकी वाणी में दीनहीन और शोषितों के प्रति एक विकल पीड़ा, अपमान के विरुद्ध समाधान में प्रतिफलित घुटन और समस्याओं के प्रति एक जागरूक, उदार विचारों व भक्ति-भावना की पूर्णदृष्टि थी।

रविदास के साहित्य में जहां दर्शन, अध्यात्म, ज्ञान की गूढ़ता मिलती हैं, वहीं उनके साहित्य में समाज सुधार का शंखनाद भी है। मध्यकाल से अनुप्रेरित होता रहा है। समाज सुधार यानी जनजीवन का उत्थान रविदास के जीवन की साधना थी। उनका समाज-दर्शन अथवा आदर्श समाज विषयक उनकी मान्यताएं ठोस यथार्थ का आधार लेकर खड़ी हैं। अपने समय के सामंती समाज में जिस प्रकार का शोषण दमन और उत्पीड़न उन्होंने देखा-सुना था, उसके मूल में उन्हें सामंती स्वार्थ एवं धार्मिक पाखंड दिखाई दिया। जिसकी पुष्टि दार्शनिक सिद्धांतों की भ्रामक व्यवस्था से भी की जाती थी। जड़त्ववादी व्यवस्था का प्रतिवाद करती उनकी मूल दृष्टि बेहतर मनुष्य और अच्छा समाज बनाने में प्रेरक और सहायक है। उनका काव्य सकारात्मक अभिव्यक्ति देने में पूर्णतयः सफल है। संत रविदास के समय सामाजिक स्थिति जड़त्व की थी।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


# इस बार का कुभ क्यों कहा जा रहा है महाकुंभ

**144 वर्षों के पश्चात् आने वाला महाकुंभ धार्मिक, आध्यात्मिक, और ज्योतिषीय महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति की अवधारणा में ही सामूहिकता निहित है। हमने प्रारंभ से ही विश्व को एक कुटुंब की तरह माना है। महाकुंभ जैसे आयोजन केवल देश को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को अपने भीतर सहेज लेने का सामर्थ्य रखते हैं। यहाँ जो श्रद्धालु आ रहें हैं वे भारत से ही नहीं पूरे विश्व से आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति के महत्व को समझाने का एक सुनहरा अवसर है।**

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की धूम पूरे विश्व में सिर चढ़कर बोल रही है। बारह कुंभ आयोजनों के बाद 144 वर्षों के पश्चात् आने वाले महाकुंभ का महत्व वैसे ही बहुत अधिक हो जाता है तथा श्रेष्ठ प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के चलते महाकुंभ महापर्व का महत्व उच्चतम स्तर पर दिखाई दे रहा है। संगम स्थल पर श्रेष्ठतम चिकित्सीय व्यवस्था, ठहरने व रात्रि निवास की व्यवस्था एवं भोजन के साथ-साथ यातायात की


डॉ उमेश प्रताप वत्स

उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं महाकुंभ को कभी भी विस्मृत न होने वाला स्मरणीय धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन बना रही है।

यद्यपि कुंभ मेला तो प्रत्येक बारह वर्ष के बाद चारों पावन तीर्थ स्थल हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक व उज्जैन में आता ही है और लाखों-करोड़ों भक्त प्रत्येक कुंभ अथवा अर्ध कुंभ में परिवार सहित पावन गोता लगाते ही हैं फिर इस बार ऐसा क्या विशेष है कि तीर्थराज प्रयाग राज में यह बीसवीं एवं इक्कीसवी शताब्दी का सबसे बड़ा महाकुंभ माना जा रहा है। जहां नित नये नये रिकार्ड स्थापित हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश सरकार का अनुमान था कि मेला समापन तक लगभग 45 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर लेंगे किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार माघ पूर्णिमा तक ही यह 45 करोड़ का आंकड़ा पार होने जा रहा है तथा अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी तक श्रद्धालुओं का यह आंकड़ा यदि 50 करोड़ के पार हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। प्रश्न यह है कि इस बार ऐसा क्या है कि हर व्यक्ति येन केन प्रकारेण महाकुंभ में पहुंचना चाहता है। कैसे आजतक के सारे रिकॉर्ड टूट गये। भीड़ इतनी कि कई स्थानों पर तो सैंकड़ों किलोमीटर का जाम लग गया है और गाड़ियाँ चलने के स्थान पर रेंग रही हैं। यह महाकुंभ मेला जीवन में एक बार होने वाला अनुभव है, जो आध्यात्मिक शुद्धि और सांस्कृतिक विसर्जन प्रदान करता है। अतः सभी झंझावातों को समझते हुए भी हर श्रद्धालु इस श्रद्धा से सरोबार आन्नद को पूर्ण रूप से ग्रहण करना चाहता है। फिर चाहे जाम लगे या असुविधाओं का सामना करना पड़ें।



उल्लेखनीय है कि 2025 में 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि तक चलने वाला तथा बारह कुंभ मेले के बाद 144 वर्षों के पश्चात् आने वाला महाकुंभ धार्मिक, आध्यात्मिक, और ज्योतिषीय महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति की अवधारणा में ही सामूहिकता निहित है। हमने प्रारंभ से ही विश्व को एक कुटुंब की तरह माना है। महाकुंभ जैसे आयोजन केवल देश को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को अपने भीतर सहेज लेने का सामर्थ्य रखते हैं। यहाँ जो श्रद्धालु आ रहें हैं वे भारत से ही नहीं पूरे विश्व से आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति के महत्व को समझाने का एक सुनहरा अवसर है। यहां क्या मजदूर क्या किसान, बॉलीवुड के कलाकार हो या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कोई कर्मचारी हो या देश के राष्ट्रपति हर कोई इस पावन अवसर का लाभ उठाना चाहता है। इन सभी लोगों की अवधारणा है कि महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने से इंसान के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों लोग आकर धार्मिक अनुष्ठान, स्नान, और पूजा करते हैं,यहां पूजा करने से कई गुना ज्यादा पुण्य की प्राप्ति होती है। आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति का अनुभव होता है। जब ग्रामीण क्षेत्रों से जत्थे के जत्थे आते हैं तो यह यात्रा लोकोत्सव में बदल जाती है, जिसमें भारतीय संस्कृति के विभिन्न सांस्कृतिक रंग पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

बारह वर्षों आने वाले कुंभ मेले के आयोजन का विश्व पटल पर भी कितना महत्व है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन अर्थात् यूनेस्को ने 2017 में कुंभ मेला को 'मानवता की अर्मूत सांस्कृतिक विरासत' की सूची में शामिल कर लिया था। यहां पहुंचते ही भारत के भोले भाले लोगों को विरासत में मिली जो संस्कृति-परंपराएं हैं उनकी छटा चहूँ ओर बिखर जाती हैं। उत्तर भारत की लोक संस्कृति दक्षिण भारत के साथ, दक्षिण की पश्चिम के साथ और पश्चिम की पूर्व के साथ तथा पूर्व की उत्तर लोक-संस्कृतियों के साथ मिलकर जो अठखेलियां करने लगती है तो पहाड़ी, मैदानी, मरुस्थलीय व तटीय क्षेत्रों की संस्कृति के बहुरंगी लोकरंग में झूम उठने वाले अलग-अलग रंगों में भेद करना भूल जाते हैं और यही मिश्रित रंग भारत की वैश्विक अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम को ओर अधिक सुदृढ़ कर जाता है। यहां क्या भारतीय क्या विदेशी सभी संगम की पावन रेती पर नाचते-गाते हुये आन्नद में मग्न होते दिखाई देंगे। यही बात कुंभ को वैश्विक बनाती है। वैसे तो कुंभ मेला हर तीन वर्षों के बाद चार स्थान हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में बारी-बारी से मनाया जाता है। इस दौरान ध्यान रखा जाता है कि हर स्थान पर प्रत्येक बारह वर्षों में एक बार कुंभ मेले का आयोजन अनिवार्य रूप से हो। प्रयागराज कुंभ मेला गतिविधियों और अनुष्ठानों से भरा एक अद्भुत आयोजन है, नागा साधु और संतों से सुसज्जित ये पवित्र नगरी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन जाती हैं। उनका स्वछंद रवैया एवं निडर भाव, भक्ति और अनोखी परम्पराएं उन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता का वातावरण निर्मित करती है। नागा साधुओं का शिवगणों वाला शृंगार, नृत्य व हाव-भाव के साथ अभिनय उन्हें शिव गण ही प्रदर्शित करता है। प्रयागराज महाकुंभ मेला आध्यात्मिकता, संस्कृति और भक्ति के मिश्रण का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। दुनिया भर से लोग एक साथ आते हैं और पूरा वातावरण एकता और आस्था से परिपूर्ण होता है। जो विदेशी श्रद्धालु आध्यात्मिक ज्ञान की खोज करने अथवा भारतीय संस्कृति को जानने की लालसा रखते है, उसके लिए महाकुंभ से श्रेष्ठ अवसर अन्य कोई हो ही नहीं सकता। महाकुंभ मेले में यह सब कुछ सहज प्राप्य है। कुंभ का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। यह अनुष्ठान तप, अनुशासन और कठोर भक्ति का प्रतीक माना जाता है, जहां साधक तर्पण-समर्पण, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करते हैं। कुंभ मेला कल्पवास के रूप में हमें अपनी आध्यात्मिक, सामाजिक, मानसिक और शारीरिक चेतनाओं की अनुभूति करने का अवसर प्रदान कराता है। जो लोग कल्पवास करते हैं उन्हें ब्रह्म मुहुर्त में उठना चाहिए, सत्यवचन बोलना तथा ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। प्रतिदिन तीन बार गंगा स्नान कर पिंतरों का पिण्डदान, नाम जप, सत्संग, सन्यासियों की सेवा, एक समय का भोजन करना, जमीन पर सोना आदि के साथ-साथ उन्हें किसी की निंदा नहीं करनी चाहिए।

# भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा में फ्रांस अमेरिका यात्रा से एक और अध्याय जुड़ा

**ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली अमेरिका यात्रा को पीएम ने द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर करार दिया। पीएम ने फ्रांस रवाना होने से पहले कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और ऊपर उठाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी। फ्रांस में वे एआई एक्शन समिट की सह- अध्यक्षता करेंगे।**

वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते रुतबे व प्रतिष्ठा में एक और अध्याय जुड़ गया है,जब माननीय भारतीयपीएम ने एआई एक्शन समिट में आगाज़ हुआ। बता दें भारतीय पीएम 10 से 14 फरवरी 2025 को फ्रांस व अमेरिका के अधिकृत यात्रा पर हैं जिसमें 10 से 12 फ्रांस व 12 से 14 फरवरी 2025 तक अमेरिका यात्रा पर हैं, जहां वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे इस दौरे के दौरान,पीएमअमेरिकी बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह


किशन भावनानी

दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब अमेरिका ने हाल ही में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया है, यह पीएम और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी। इनकी पहली मुलाकात 26 जून 2017 को वॉशिंगटन में हुई थी, जबकि सातवीं मुलाकात 24-25 फरवरी 2020 को अहमदाबाद में हुई थी। उम्मीद है कि दोनों के बीच व्यापार और रक्षा सहयोग पर चर्चा महत्वपूर्ण होगी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा बाद में होगी, हालांकि रक्षा सहयोग पर चर्चा से दोनों देशों के संबंधों को मजबूती मिलेगी। अमेरिका ने भारत से निष्पक्ष व्यापार संबंध बनाए रखने के लिए अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरण खरीदने की मांग की है। ट्रंप ने भारत पर दबाव डाला है कि वह अमेरिका से अधिक सुरक्षा उपकरण खरीदे हालांकि, ट्रंप ने कई मौकों पर भारतीय पीएम की प्रशंसा भी की है, जिससे यह उम्मीद बनती है कि दोनों देशों के बीच अनुकूल व्यापार समझौता हो सकता है। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली अमेरिका यात्रा को पीएम ने द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर करार दिया। पीएम ने फ्रांस रवाना होने से पहले कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और ऊपर उठाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी। फ्रांस में वे एआई एक्शन समिट की सह- अध्यक्षता करेंगे। वे फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर यूएसए की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।चूँकि दुनियाँ में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा में फ्रांस अमेरिका यात्रा से एक और अध्याय जुड़ गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ देखेगी जब बिल बैठे चर्चा करेंगे दो बॉस।




साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम की फ्रांस अमेरिका यात्रा पर रवाना होने पर पीएम के बयान की करें तो,उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनियाँ के लिए बेहतर भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मेरे पास भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के निर्माण में उनके पहले कार्यकाल में एक साथ काम करने की बहुत अच्छी यादें हैं। वहीं,फ्रांस यात्रा को लेकर पीएम ने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। इसमें वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 के रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी होगी। साथ ही पीएम ने यह भी बताया कि मैं मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा,वो विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के एक सम्मेलन एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं, जहां वे समावेशी,सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार एवं व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी को लेकर सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे पीएम ने कहा,दो देशों की मेरी यह यात्रा मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी, वैश्विक कल्याण को लेकर ऊर्जा के दोहन से संबंधित इस विश्व संघ के फ्रांस और भारत सदस्य हैं।पीएम ने कहा,मैं प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारग्यूज वॉर सिमेट्री का भी दौरा करूंगा।पीएम ने अपनी यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा,अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। मैं भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करूंगा। हम वहां वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।यह यात्रा भारत-अमेरिका की दोस्ती को मजबूत करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करना अच्छी तरह याद है। मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी। वे 10 फरवरी को पेरिस पहुचे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल हुए। डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।पीएम की अमेरिका यात्रा अमेरिका से 100 से अधिक भारतीयों को अमानवीय तरीके से वापस भेजे जाने के मामले पर राजनीतिक विवाद के बीच हो रही है।पिछले सप्ताह एक विशेष ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने कहा कि पीएम की यात्रा इस महत्वपूर्ण साझेदारी को और दिशा व गति प्रदान करेगी।

# माघ पूर्णिमा स्नान पर महाजाम से बचने के लिए महा उपाय



मेला क्षेत्र में पैदल आगमन करने वाले श्रद्धालु जी0टी0 जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जा सकेंगे। जबकि वापसी संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग होते हुए इण्टर लाकिंग वापसी मार्ग त्रिवेणी मार्ग से होगी। संगम मेला क्षेत्र में जाने के लिए प्रवेश मार्ग जवाहरलाल नेहरू मार्ग काली सड़क से एवं निकास मार्ग त्रिवेणी मार्ग प्रस्तावित है। प्रमुख स्नान पर्व के दिनों में अक्षयवट दर्शन के लिए बन्द रहेगा।

### मेला क्षेत्र नो व्हीकल ज़ोन घोषित

माघी पूर्णिमा स्नान को देखते हुए 11 फरवरी 2025 से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। इस दौरान सिर्फ आवश्यक और आकस्मिक सेवा वाहनों का ही मेला क्षेत्र में प्रवेश होगा। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम पांच बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए ये विशेष ट्रैफिक प्लान बनाया गया है।

### सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

माघ पूर्णिमा स्नान को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों का साथ बैठक की और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सीएम योगी ने तैयारियों का आकलन किया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को कई दिशानिर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुव्यवस्थित यातायात और भीड़ प्रबंधन योजना लागू की जानी चाहिए।

### डीआईजी वैभव कृष्ण का बयान

महाकुंभ के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि कल्पवासियों के निकलने पर ट्रैफिक जाम ना हो, इसके लिए प्रयागराज कमिश्नरेट के साथ ही आसपास के जिलों की पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन किया गया है। मेला क्षेत्र में कहीं जाम की स्थिति नहीं है। पांटून पुलों को जरूरत के मुताबिक खोला जा रहा है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगमता के साथ उनका स्नान प्राथमिकता में है।

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** प्रयागराज में महाकुम्भ पर्व का चौथा बड़ा स्नान है, स्नान में देश दुनिया से आ रहे श्रद्धालुओं के जान सैलाब को देखते हुए पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गयी है , पिछले चार दिन से पूरा प्रयागराज बीस किलोमीटर के एरिया में जाम से जूझ रहा है। । जिससे पूरे प्रयागराज की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। पुलिस प्रशासन ने आने वाली भीड़ को देखते हुए बड़े स्तर पर तैयारी की है। पूरे मेला जोन क्षेत्र को आज से नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। बाहर से आने वाले तमाम वाहनों को सीमाओं पर रोकने की तैयारी की गई है। 36 जगहों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। जहां वाहनों को रोका जाएगा।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में माघी पूर्णिमा स्नान 12 फरवरी है जिसे देखते हुए ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन के मुताबिक दस फरवरी रात 8 बजे से 13 फरवरी सुबह 8 बजे तक मेला क्षेत्र में प्रशासनिक/चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों की एंट्री पर रोक रहेगी। श्रद्धालु अपने वाहनों को निर्धारित 36 पार्किंग स्थलों पर खड़ा कर सकेंगे। जिसके बाद ये यात्री ओल्ड जीटी मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे।

अयोध्या-प्रतापगढ़ से आने वाले वाहनों को शिव बाबा पार्किंग रोका जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालु संगम लोवर मार्ग से पैदल मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे।

## महाकुम्भ के माघ पूर्णिमा स्नान के लिए भव्य तैयारी

- पूरे क्षेत्र में रहेगी कैमरे की नजर, श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान
- पूरे एआई इनेबल्ड कैमरे का उपयोग, संपूर्ण मेला क्षेत्र बना नो व्हीकल जोन

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को माघ पूर्णिमा के रूप में चौथे स्नान पर्व के सफल आयोजन को लेकर योगी सरकार अपनी तैयारियों को चाक-चौबंद करने में जुटी हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट आदेश है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर में किसी भी स्नानार्थी, श्रद्धालु, कल्पवासी या आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ऐसे में, यातायात, वाहनों के सुगम आवागमन, पार्किंग, सुरक्षा, सर्विलांस तथा मॉनिटरिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर पूरी तत्परता के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। पुलिस व स्थानीय प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन और यातायात निगरानी के लिए एएनपीआर एवं एआई इनेबल्ड कैमरों का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही, टोल तथा नजदीकी जनपद के अधिकारियों से भी यह जानकारी प्राप्त की जा रही है कि किस मार्ग से कितने वाहन आ रहे है जिससे समुचित व्यवस्थाएं उस मार्ग पर की जा सके। इसके साथ ही, माघ पूर्णिमा के स्नान से एक दिन पूर्व से ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वहीं, प्रयागराज शहर में भी मंगलवार शाम से वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। मेला क्षेत्र में निवास कर रहे कल्पवासियों के लिए भी अलग से यातायात योजना बनाकर सभी को सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आमजन से सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित न करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

### महीनों पूर्व बनाई योजना का हो रहा सफल क्रियान्वयन

इस विषय में जानकारी देते हुए प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं यूपी पुलिस कृत संकल्पित है और कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तरुण गाबा के अनुसार, यातायात के लिए महीनों पूर्व से योजनाएं बनाई गई थी, जिनका हम लोग सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं। सप्ताह के अन्त में एवं बीच में कभी-कभार, भारी संख्या में वाहनों के आगमन के दृष्टिगत यहां तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसबल द्वारा अथक प्रयास करके जो भी विषम परिस्थिति आयी उनका सफल निस्तारण किया गया है। मेला क्षेत्र, प्रयागराज आने वाले सभी सड़क मार्गों पर यातायात सुचारु रूप से चल रहा है। इसका परिणाम यह है कि शहर के अंदर भी जाम की स्थिति नहीं है।



### श्रद्धालुओं से पार्किंग में वाहन खड़ा करने की अपील

पुलिस तथा प्रशासन की ओर से महाकुम्भ आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वह अपने मार्ग पर पड़ने वाली पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करने की अपील की गई है। साथ ही, यह भी अपील की गई है कि सभी लोग संगम के नजदीक आने का प्रयास न करें, क्योंकि विभिन्न मार्गों की विभिन्न व्यवस्थाएं है। तरुण गाबा के अनुसार, हम लोग दिन रात इसी व्यवस्था में लगे हुए है कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो और यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहे, अतः निर्देशित स्थानों पर ही अपना वाहन पार्क करें।

## महाकुम्भ में अफवाह को लेकर पुलिस आयुक्त ने किया सावधान



### यातायात वाहनों पर एआई कैमरे से निगरानी

यातायात वाहनों के नियमों को लेकर उन्होंने बताया कि, हम लोगों द्वारा ANPR एवं AI Enabled कैमरा का प्रयोग करने के साथ-साथ टोल तथा नजदीकी जनपद के अधिकारियों से भी यह जानकारी प्राप्त करते है कि किस मार्ग से कितने वाहन आ रहे हैं। जिससे समुचित व्यवस्थाएं उस मार्ग पर की जा सके। बता दें कि माघी पूर्णिमा के स्नान से एक दिन पूर्व से ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, प्रयागराज शहर में भी शाम से वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। मेला क्षेत्र में निवास कर रहे कल्पवासियों के लिए भी अलग से यातायात योजना बनाकर सभी को सूचित कर दिया गया है।

- सभी लोग संगम के नजदीक आने का प्रयास न करें: पुलिस आयुक्त
- लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील : पुलिस आयुक्त

महाकुंभ में आज बुधवार को पांचवां अमृत स्नान है। ऐसे में कल का दिन राज्य सरकार और प्रशासन दोनों के लिए काफी अहम होने वाला है। श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा का बयान सामने आया है।

पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा ने महाकुंभ में व्यवस्थाओं को लेकर एक बयान जारी कर कहा है कि, यूपी पुलिस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद सुगम अनुभव हेतु यूपी सरकार एवं यूपी सरकार कृत संकल्पित है। यातायात हेतु महीनों पूर्व से योजनाएं बनाई गई थी, जिनका हम लोग सफल क्रियान्वयन कर रहें है।

उन्होंने आगे कहा कि, सप्ताह के अंत में एवं बीच में कभी-कभार, भारी संख्या में वाहनों के आगमन के देखते हुए, यहां तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल द्वारा अथक प्रयास करके जो भी विषम परिस्थिति आई उनका सफल निस्तारण किया गया है। मेला क्षेत्र, प्रयागराज आने वाले सभी सड़क मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है, शहर के अंदर भी जाम की स्थिति नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वह अपने मार्ग पर पड़ने वाली पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करें, सभी लोग संगम के नजदीक आने का प्रयास न करें, क्योंकि विभिन्न मार्गों की विभिन्न व्यवस्थाएं है। हम लोग दिन रात इसी व्यवस्था में लगे हुए है कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो और यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहे, अतः निर्देशित स्थानों पर ही अपना वाहन पार्क करें।

पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा ने कहा- आम जन से अनुरोध है कि, सोशल मीडिया पर गलत सूचना अथवा अफवाह ना फैलाएं, यातायात संबंधी जो भी चुनौती आयी है उसका हम लोगों ने अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर एवं अथक प्रयास करके सभी समस्या का निस्तारण किया गया है।

# टीएमयू फिजियौथेरेपी के युवा संवाद में हुई जबर्दस्त बहस



**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता- युवा संवाद में वन नेशन-वन इलेक्शन- क्या यह लोकतंत्र को सुदृढ करेगा? के संग-संग मानसिकता को आकार देने में मीडिया की भूमिका और 21वीं सदी में भारत- एक वैश्विक नेता के रूप में आदि पर स्टुडेंट्स ने पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने तर्क रखे। स्टुडेंट्स अभिनंदन ने वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष, जबकि विनिश खान ने इसके विपक्ष में अपने-अपने तर्क दिए। मानसिकता को आकार देने में मीडिया की भूमिका के पक्ष में स्टुडेंट्स अनादिल पाशा ने जोरदार बहस की तो मो. अनस ने इसके विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्र विकास कुमार ने 21वीं सदी में भारत- एक वैश्विक नेता के पक्ष में अपने तर्क दिए, जबकि मो. हमजा ने इसके विपक्ष में तर्क विचार रखे।

वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष में कहा, इससे निरंतर चुनावी चक्र से मुक्ति मिलेगी और वित्तीय लाभ भी होगा। विपक्ष में तर्क दिए गए, इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली हो जाएगी। क्षेत्रीय दलों को बड़ा नुकसान होगा। साथ ही इतने बड़े देश में एक साथ चुनाव कराना भी चुनौती है। इससे पूर्व मेडिकल लैब टेक्निक की एचओडी डॉ. रूचि कांत ने बतौर मुख्य अतिथि मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। इस मौके पर फिजियोथैरेपी की विभागाध्यक्षा डॉ. शिवानी एम. कौल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रोग्राम्स के जरिए विभिन्न क्षेत्रीय लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर देश की सांस्कृतिक विविधता और देशभक्ति को दिखाया।

# राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)।** आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में 19 फरवरी को कल्कि धाम ऐंचोडा कम्बोह के स्थापना दिवस पर महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के सम्मिलित होने तथा मा. राज्यपाल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित होने के दृष्टिगत कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल महोदया के आगमन तथा हैलीपैड तैयार करने के संबंध में चर्चा की गयीं एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सेफ हाउस, मंच व्यवस्था, पंडाल, मंच संचालन, आदि व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, एवं समस्त संबंधित अधिकारी तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल चित्रकला प्रतियोगिता में सीएमएस छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं ने नेशनल चित्रकला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 'टाइगर - माई फ्रेण्ड' थीम पर आयोजित इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में कक्षा-2 की छात्रा व्योमी सिंह ने ऑल इण्डिया पाँचवी रैंक अर्जित की है जबकि रितिका शुक्ला ने 10वीं, फबीहा खान ने 11वीं, फतीहा खान ने 12वीं एवं पर्णिका श्रीवास्तव ने 17वीं रैंक अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन द हेरिटेज फाउण्डेशन ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर के 140 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अपनी योग्यता सिद्ध की है। यह प्रतियोगिता छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा का विकास करने, उनमें आत्मविश्वास का संचार करने एवं उनके ज्ञान को परखने के उद्देश्य से आयाजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# 'बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें'



**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतनारायण गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी मेजर डा देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। जिला विद्यालय निरीक्षक को शाल उडाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जनपद सम्भल के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा बोर्ड परीक्षा के सकुशल सम्पन्न किए के लिए पूरा सहयोग करने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने स्तर से समस्त प्रकरण शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। जिला संरक्षक एवं प्रान्तीय सदस्य नवाब हसन, जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष डा तालिब, प्रान्तीय प्रतिनिधि एके सिंह, मनोज, पंचम सिंह, शकील अहमद, धनंजय आर्य, संगठन मंत्री विद्युत कुमार, जिला उपाध्यक्ष रिजवान खां, शान मियां, आय व्यय निरीक्षक यूसुफ अली, पूर्व जिला मंत्री ब्रजलाल कोरी, निगम, जिला मंत्री शमशाद तथा अन्य बहुत से शिक्षक साथियों ने भेंट की।

# भाजपा महिला शक्ति का शोर मचाती : समीना

## शहर कांग्रेस की मासिक बैठक का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



- समाजसेवी समीना बेगम ने भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

**संभल।** शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में आज आलम सराय स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें समाजसेवी समीना बेगम ने भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़कर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने उन्हें सदस्यता दिलाई और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका कांग्रेस के परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया ब धाइयां दी हार्दिक अभिनंदन किया जॉइन के समय समीना बेगम ने बताया की जब मुझे तलाक हुई मैं बहुत परेशान थी दुखी थी और खुद को न्याय मिलने की उम्मीद में मैंने सोचा कि भाजपा महिलाओं की बात करती है मुझे न्याय मिलेगा और मैंने भाजपा ज्वाइन की लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने तीन तलाक और हलाला जैसे मुद्दे पर मुझे इस्तेमाल किया मुझ जेसी सैकड़ो मुस्लिम महिलाओं को इस्तेमाल किया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है जब मुझ जैसी महिला जो भारतीय जनता पार्टी का तीन तलाक एवं हलाला जैसे मुद्दे का चेहरा रही हो विक्टिम रही हो जब भाजपा उसे न्याय नहीं दिला सकती तो भारत की किसी भी महिला को भाजपा से न्याय मिलने की उम्मीद कैसे लगाई जा सकती है भारतीय जनता पार्टी महिला शक्ति का शोर मचाती है जबकि इसके उलट चाहे हाथरस का मुद्दा हो मणिपुर का मुद्दा हो या भारत के किसी भी प्रदेश में महिला पर हो रहे उत्पीड़न की बात हो भाजपा ने उस पर आंखें मूद ली कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी जी ने हमेशा महिला उत्पीड़न की आवाज उठाई और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया कांग्रेस महिला शक्ति की बात करती ही नहीं उसे पर अमल भी करती है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी के चेहरे को अब मैंने पहचान लिया है और उन महिलाओं से भी मैं अपील करती हूं जो भाजपा से न्याय की उम्मीद लगाती हैं कि भाजपा से उन्हें केवल छल मिलेगा न्याय मिलने की बात को भूल जाए और महिला का संरक्षण अगर कहीं है तो केवल कांग्रेस है महिलाओं की बात अगर कोई करता है तो केवल राहुल गांधी हैं और प्रियंका गांधी हैं मैं खुशी से कांग्रेस पार्टी में ज्वाइन करके कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए फरसक प्रयास करूंगी

इस अवसर पर अमित कुमार उठवाल, शिवकिशोर गौतम, ठाकुर कल्पना सिंह, आरिफ तुर्की, मोहम्मद अंसार, वीर सिंह सागर, सफी सैफी, अकील अहमद, अक्षय ठाकुर, फाजिल अंसारी, योगेंद्र ठाकुर, मुअज्जम हुसैन, इरफान खान, फैजान, मो. फराज आदि उपस्थित रहे।

# मदह कर रहा हूं मैं मौला आपकी सकीना की



**अवधनामा संवाददाता**

**अमरोहा।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अज़ाख़ाना मोहल्ला चाहग़ौरी में जश्ने बिन्तुल हुसैन के उनवान से एक मंक़बती महफ़िल का आयोजन मौलाना डॉ0 कौसर मुज्तबा की सदारत में किया गया जबकि निज़ामत डॉ0 लाडले रहबर ने की मंक़बती महफ़िल का आग़ाज़ शहरयार इमरान ने तिलावत ए कलाम पाक से किया जबकि नाते रसूल (स0) का नज़राना अहमद अली ने पेश किया। ज़ीनते मसन्द नौशाद अमरोही, मौलाना मंज़र सिरसिवी, लियाकत अमरोहवी, मौलाना डॉ0 कौसर मुज्तबा, वाहिद अमरोहवी, मौलाना सफदर रज़ा इमामी , राक़िम नौगानवी रहे। इफ्तेताही तक़दीर में मौलाना सफदर रज़ा इमामी साहब क़िब्ला ने सीरते जनाबे सकीना पर रौशनी डाली। इसके बाद नौशा अमरोहवी ने कहा-

**सुकून ए क़ल्बे इमामे हुसैन है लेकिन।**
**सकीना नाम है अब्बास की वफाओं का।।**

**मेहमान शायर राक़िम नौगानवी ने कुछ यूं कहा- चूम कर आया हूं नज़रों से सकीना का मजार।**
**मेरी आंखों को न तारों की नज़र लग जाए।।**

**निज़ाम कर रहे डॉ0 लाडले रहबर ने इस तरह कहा - आज की नूरानी महफ़िल से यह लगता है हमें।**

# जिले की 8 हस्तियों को मिला पुष्कल सिंह वीरभूमि समृति सम्मान

■ बुंदेली समाज ने फिर उठाई महोबा महोत्सव शुरू करने की मांग



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिला स्थापना दिवस पर सोमवार को बुंदेली समाज ने वीरभूमि का नाम रौशन करने वाली आठ विभूतियों को स्वण् पुष्कल सिंह वीरभूमि स्मृति सम्मान प्रदान किया। जिले की वर्षगांठ पर बुंदेली समाज ने फिर से महोबा महोत्सव शुरू करने की मांग उठाई। कार्यक्रम में सुपरहिट बुंदेली गीत तुनक तुनक तुन तुन्ना की भी धूम रही जिसको दो महीने के अंदर यूट्यूब पर 8.5 करोड़ से अधिक लोग देख चुके हैं। आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने पुष्कल सिंह सम्मान से अलंकृत सभी विभूतियों को आशीर्वाद दिया एवं महोबा के जिला बनने के बाद के सफरनामा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अगले वर्ष से पुनः महोबा महोत्सव शुरू कराने का आश्वासन भी दिया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि सम्मानित होने वाली हस्तियों में तुनक तुनक तुन तुन्ना के कलाकार रौनक राजपूत व सपना श्रीवास के अलावा मामा पान वाले, चिंटू महाराज मंगौड़ा वाले, भूपेन्द्र चौरसिया बदनाम लस्सी वाले, नर सेवा नारायण सेवा रोटी बैंक, गौसेवा के लिए राम कुंड गौशाला के भारत सिंह, बिलबई तिगैला गौशाला के डाण् एसडी त्रिपाठी को स्वण् पुष्कल सिंह वीरभूमि स्मृति सम्मान दिया गया।

पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह ने कहा कि महोबा का खोया हुआ गौरव वापस लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है। कार्यक्रम में बुंदेली समाज के महामंत्री डा. अजय बरसैया, डा. विभा पुरवार, डाण् राम सेवक, लालता, कमलेश चौरसियाए गया प्रसाद, ब्रह्म कुमारी सुधा दीदी, साधना, कैप्टन मोहन सिंह, कैप्टन देवीदीन यादवए नईम अंसारी, नियाज मोहम्मद, अमरचंद विश्वकर्मा, महेन्द्र, प्रेम, रामेश्वर चौरसियाए मनीष जैदका, डाण् देवेन्द्र, नीरज पुरवार, आलोक खरे, शशांक, प्रशांत गुप्ता व सत्येन्द्र प्रताप समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने सीखा योग



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय की प्राचार्या की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने की कला योग सिखाया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ माया गुप्ता एवं नम्रता प्रसाद ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से पिछले छः दिनों की गतिविधियों की झलकियां प्रस्तुत की गई। अतिथि वक्ता डॉ जीसी पालीवाल, पायल त्रिपाठी के साथ प्रो सीमारानी जैन, दर्शना कुमारी,डॉ नीलम, प्रीति सिंह, पल्लवी पाण्डेय, डॉ सीमारानी, डॉ पिंकी आदि वक्ताओं की झलकियों को दिखलाया गया। सप्त दिवसीय कार्यक्रम के दौरान चौथे दिवस में स्वयंसेविकाओं ने जसलई गॉव में रैली निकाली और वहॉ मध्यपान और धुम्रपान निषेध के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके बाद प्रो सीमारानी जैन, सोनिका ने आजीविका परामर्श पर व्याख्यान दिया। डॉ सीमारानी एवं डॉ पिंकी ने महिला सुरक्षा और आरक्षण पर व्याख्यान देकर स्वयंसेविकाओं का ज्ञानवर्धन किया। प्रीति सिंह एवं पल्लवी पाडेय ने योग के महत्व पर व्याख्यान दिया और योगा कराया। सप्त दिवसीय शिविर के समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। साथ ही कलश प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था।

# मथुरा में स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु ने रचा सजा कराने का इतिहास

अवधनामा संवाददाता

■ चार फांसी, 50 से अधिक आजीवन कारावास, तीन सौ से अधिक केसों में त्वरित कराए निर्णय

■ देश की नंबर वन सरकारी अधिवक्ता बनी अलका उपमन्यु

■ कैदी ही नहीं ब्रजबासी बोलते हैं फांसी बाली मैडम

**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सरकार की संतुति पर उत्तर प्रदेश शासन की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन द्वारा नियुक्त मथुरा में पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा अपने सवा चार साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय कराकर देश की पहली सरकारी अधिवक्ता के वन गयी है, जेल के कैदी ही नहीं अब तो बृजवासी भी उन्हें फांसी वाली मैडम बोलने लगे हैं

डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल के अंदर ऐतिहासिक निर्णय कराए है, इसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख गृह सचिव एवं डीजीपी द्वारा पुलिस मेडल एवं प्रशस्ति पत्र तथा अभियोजन विभाग के डीजीपी, एवं कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक डीआईजी डी एम द्वारा प्रशस्ति पत्र भी देकर उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की है, यही नहीं उन्हें लगातार दो बार से गणतंत्र दिवस की परेड में सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया है वहीं जिले की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की प्रशंसा की गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर तैनात श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने एक फांसी की सजा घटित घटना के कोर्ट के 22 वे वर्किंग डे में दूसरी फांसी की सजा 35 दिन में और तीसरी फांसी की सजा 42 दिन में और चौथी फांसी की सजा 14 महीने में कराई है जो देशभर में अभियोजन विभाग में एक इतिहास है यही नहीं 50 से अधिक घटनाओं में अपराधियों को आजीवन की सजा अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा कराई तथा जो लोग पहले रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं और फिर समझौता कर लेते हैं और कोर्ट में आकर अपने बयान से मुकर जाते हैं ऐसे ढाई सौ से अधिक केसों में 22 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत जुर्माना आदि की सजा करा कर सरकार को लाखों का राजस्व जमा कराया है।

# मथुरा विकास कार्यों की रैंकिंग में 69वा स्थान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा, काशी (वाराणसी), अयोध्या और प्रयागराज ये चारों जिले सरकार की आंख के तारे हैं। तीर्थस्थल होने के साथ ही पर्यटन की अपार संभावनाओं वाले इन जिलों में विकास के लिए भी सरकार ने खजाना खोल रखा है लेकिन विकास की रफ्तार में ये जिले पिछड़े हुए नजर आ रहे हैं। विकास कार्यों की रैंकिंग में मथुरा जहां 69वें स्थान पर है तो वहीं अयोध्या और वाराणसी की स्थिति भी ठीक नहीं है। वहीं महाकुंभ की नगरी प्रयागराज 74वें स्थान के साथ सबसे फिसड्डी है। सीएम डैशबोर्ड दर्पण के तहत प्रत्येक माह जिले में कराए जाने वाले विकास कार्यों के आधार पर प्रदेश स्तरीय रैंकिंग जारी होती है। जनवरी में कराए गए विकास कार्यों का मूल्यांकन कर शासन ने सोमवार को जिलों की रैंकिंग जारी कर दी। इसमें श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा की रैंकिंग बेहद पिछड़ गई है। इस बार प्रदेश के 75 जिलों में मथुरा को 69वां स्थान मिला है। वहीं भोलेनाथ की नगरी कही जाने वाली वाराणसी की स्थिति भी कुछ खास अच्छी नहीं है। प्रदेश की सूची में वाराणसी का स्थान 45वां और और श्रीराम की नगरी अयोध्या 53वें स्थान पर है। सबसे खराब स्थिति तो उस जिले की जहां इन दिनों विश्व का सबसे बड़ा आयोजन महाकुंभ चल रहा है। हम बात कर रहे हैं तीर्थराज प्रयागराज की। प्रयागराज की स्थिति विकास कार्यों में सबसे खराब है। प्रदेश की सूची में 74वें स्थान पर प्रयागराज पहुंच गया है। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह का कहना है कि उनकी तैनाती कुछ दिन पूर्व ही हुई है। आगामी रैंकिंग में सुधार के लिए और प्रयास किए जाएंगे। केवल विकास में ही नहीं राजस्व कार्यों के आधार पर जारी रैंकिंग में भी मथुरा, काशी, अयोध्या और प्रयागराज का प्रदर्शन बेहद खराब है। प्रयागराज जहां प्रदेश में 75वें स्थान के साथ सबसे नीचे है तो वहीं मथुरा 61वें स्थान पर है। वाराणसी 66वें और अयोध्या 70वें स्थान पर है। जालौन विकास के साथ-साथ राजस्व कार्यों में भी प्रदेश में टॉप पर है। शासन द्वारा राजस्व और विकास दोनों के कार्यों को मिलाकर संयुक्त रूप से मूल्यांकन कर एक संयुक्त रैंकिंग भी जारी की जाती है। इसमें भी चारों तीर्थनगरी का हाल बेहाल ही नजर आ रहा है। मथुरा जहां 68वें स्थान है तो वहीं वाराणसी 63वें, अयोध्या 68वें और प्रयागराज सबसे फिसड्डी 75वें स्थान पर ही है।

# विकसित भारत की झलक हैं केंद्रीय बजट: घनश्याम लोधी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने के उद्देश्य से जो बजट पेश किया हैं वो सराहनीय हैं।

इसी के निम्मित भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा केंद्रीय बजट के विषय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय होटल गुरु कृपा ग्रांड में किया गया।

पत्रकार बंधुओं को जानकारी देते हुए विधायक मेघश्याम सिंह ने बताया कि ये बजट नये भारत का बजट हैं,इस बजट से मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से मज़बूत किया गया हैं साथ ही गरीबों का भी विशेष ख्याल रखा गया हैं। इस बजट से निम्न वर्ग भी मध्यम वर्ग में शामिल होने लगेगा।

जिलाध्यक्ष महानगर घनश्याम लोधी ने कहा कि मोदी जी के विजन विकसित भारत को पूर्ण करने के लिये ये बजट महत्वपूर्ण होगा और जो टैक्स में छूट की गयी हैं इससे मध्यम वर्ग को पैसा खर्च करने के लिये बचेगा जिससे वो निवेश और खरीदारी कर सकेंगे। कार्यक्रम संजोयक प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि वित्त मंत्री ने इस बजट से सभी क्षेत्र जैसे शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, कृषि, विकास और रक्षा में भारत मजबूत जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एडवोकेट ने बताया की किसानों, निम्न वर्ग, युवाओं, मध्यम वर्ग इस बजट से लाभान्वित होंगे और एक नये भारत की संकल्पना पूर्ण होगी। कुल मिलकर बजट ऐतहासिक हैं और जनहित के लिए हैं।जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंघल एडवोकेट ने सभी पत्रकार बंधुओं आभार व्यक्त किया। प्रेस वार्ता में पंकज शर्मा आकाश शर्मा प्रिंस , यशराज चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# बीजेपी के कार्यकर्ताओं दीनदयाल की 57वीं पुन्य तिथि मनाई

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुन्य तिथि मनाई गई। पुन्य तिथि के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ चड़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर रहे। जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुन्य तिथि पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर एमएलसी ने कहा कि समाज व राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले अंत्योदय के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय है। उपाध्याय जी ने अपने जीवन काल में जो कार्य किए है उनकों सदैव याद किया जाएगा। एमएलसी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समय के कुछ संस्मरण कार्यकर्ताओं को सुनाए। उन्होंने कहा कि पार्टी आज पूरे देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन में प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक काम करने का कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह इसके वैचारिक मार्ग दर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत रहे है। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की अवश्यकताओं के अनुरूप और हमारे प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एंव शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने एक चहुमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र, नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रशांत गुप्ता, जिला मंत्री दीपाली तिवारी, नगर महामंत्री राजेश चौरसिया, नगर मंत्री जागेश्वर चौरसिया, नगर उपाध्यक्ष दीपक राजौरे, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप जैन, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप सहित दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता के लिए सौंपा ज्ञापन

**बाँदा।** जिले के भदेदू गांव की एक पीड़िता ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई। पीड़िता सुमन पत्नी प्रमोद ने बताया कि उसके पति प्रमोद (पुत्र रामभगवान) ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर 4 फरवरी 2025 को दोपहर 11 बजे गांव के पास स्थित खेत में बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता ने बताया कि उनके चार छोटे बच्चे हैं-तीन बेटियां और एक बेटा-जिनका भरण-पोषण पहले से ही मुश्किल था। अब घर के मुखिया के गुजर जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। परिवार की कोई खेती नहीं है और मृतक प्रमोद मजदूरी कर किसी तरह घर चला रहा था। आर्थिक संकट के चलते वे सूरत जाकर भी मजदूरी कर चुके थे, लेकिन परिवार की जरूरतें पूरी नहीं हो पाई। पीड़िता ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग करते हुए कहा कि अब परिवार के पास जीने का कोई सहारा नहीं बचा है। उसने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई कि उसे सहायता राशि प्रदान की जाए, ताकि बच्चों का भरण-पोषण हो सके।

# जन्मदिन पर प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिए एक पौधा : राठौर

■ एनएसएस शिविर के मौके पर वक्ताओं ने दी जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सांई कालेज आफ एजुकेशन में एक दिवसीय शिविर का मंगलवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण प्रबंधक संजय साहू व मुख्य अतिथि दया शंकर राठौर और प्राचार डॉ एलसी अनुरागी व प्रशासनिक अधिकारी वीके साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि दया शंकर कार्यक्रम का संचालन प्रवीण वाजपेयी द्वारा किया गया। इसके बाद आए हुए अतिथियों का अविनंदन मैराज खान ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि दया शंकर राठौर ने बीएनएस की धारा का विस्तार से व्याख्या कर जल संरक्षण पेड़ो को कटने से बचाने व प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्म दिवस पर एक पौधा लगाने का संदेश दिया। प्रबंधक संजय कुमार साहू ने पौधों के संरक्षण व उनके महात्व के बावत छात्र छात्राओं को बताया। उन्होने कहा कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते है, और पर्यावरण प्रदुषण को रोकते है। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति को वनो की रक्षा करनी चाहिए।

सांई कॉलेज के प्राचार डॉ एलसी अनुरागी ने कहा कि ये वृक्ष हवा के झोके, वर्षा धूप और पाला सब कुछ सहन करते है, फिर भी बदले में हमें फल देते है। वृक्षों के पत्ते फूल, फल, छाया, जल, छाल, लकड़ी और गोंद कोयला देते है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें वृक्षा रोपण करना चाहिए। इस मौके पर शशि कांत अग्रवाल, आशीष चैरसिया, रवेंद्र कुमार, अंजना श्रोती, पूनम सहित तमाम अध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण बाजपेई ने किया।

## कुंभ स्नान से लौटते वक्त हुआ बड़ा सड़क हादसा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस पर खड़ी डबल डेकर बस में पीछे से डबल डेकर बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गए, जबकि दो की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पर अधिकारियों का पहुंचना शुरू हो गया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि मंगलवार की दोपहर यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 103 पर डबल डेकर बस खड़ी हुई थी। बस के ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। पीछे से आई डबल डेकर बस के चालक ने खड़ी बस में टक्कर मार दी। दुर्घटना में उत्तर नगर निवासी 70 वर्षीय परमानंद जोशी समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों बस प्रयागराज से कुंभ स्नान कराकर नोएडा लौट रही थी। जिला अस्पताल पहुंचा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि अस्पताल में कुल 10 लोग उपचार के लिए आए हैं।

# भाषा वि.वि. ने क्रेडिट ट्रांसफर और ऑनलाइन शिक्षा के नए दिशा-निर्देशों को दी मंज़ूरी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज अकादमिक परिषद की बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. जे. पी. पांडे की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों में कई महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरुआत में कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और एजेंडे के बिंदुओं से अवगत कराया। परिषद ने छात्रों के लिए क्रेडिट ट्रांसफर, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और शोध कार्य से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की, जिनका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता और लचीलापन लाना है। बैठक में क्रेडिट ट्रांसफर और ऑनलाइन पाठ्यक्रम मोबिलिटी के दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को स्वीकृति दी गई, जिससे छात्रों के लिए नामांकन की प्रक्रिया अधिक सुचारू और पारदर्शी होगी। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (GC) द्वारा निर्धारित SWAYAM के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट फ्रेमवर्क, 2021 को भी अपनाने का निर्णय लिया। इससे विद्यार्थी SWAYAM, NPTEL और अन्य मान्यता प्राप्त MOOCs प्लेटफार्मों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। परिषद ने उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की मैपिंग और क्रेडिट ट्रांसफर नीति को लागू करने का प्रस्ताव भी पारित किया। विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण और आवेदन पत्रों की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु परिषद ने SWAYAM नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तावित फॉर्मेट को मंजूरी दी, साथ ही ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन की अनुमति प्रक्रिया को औपचारिक बनाने के लिए एक नया अनुमति पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। परिषद ने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता और कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के लिए SWAYAM सलाहकार समिति के गठन को भी स्वीकृति दी। इसके अतिरिक्त, पीएच.डी. समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद के प्रस्ताव पर परिषद ने पाँच शोधार्थियों को पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने की घोषणा की। कुलपति प्रो. जे. पी. पांडे ने परिषद के निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध है।

## जिलाधिकारी ने किया मंडलीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बाँदा।** विकास खंड बड़ोखर खुर्द स्थित जिला प्रशिक्षण केंद्र, ग्राम्य विकास संस्थान में मंगलवार को नव प्रोन्नत चकबंदी कर्मियों के मंडलीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जे.रीभा ने दीप प्रवलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए चकबंदी कार्यों को पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ संपादित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी कार्य को संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, जिससे भूमि विवाद, चकरोड विवाद और पैमाइश संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके और किसानों को अधिक सुविधा मिले। जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में कर्मियों को चकबंदी कार्यों की संपूर्ण जानकारी दी जाए, ताकि कार्यान्वयन के दौरान किसी प्रकार की जटिलता या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर जनपदों के नव प्रोन्नत चकबंदी कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित हुए किसान

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्बर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत 21 जनवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में कृषि भवन सभागार में ई-लॉटरी के माध्सम से चयनित किया गया। इस अवसर पर कृषि यन्त्रीकरण योजनान्तर्गत रिसिया विकास खण्ड के श्री ध्यान सिंह, श्रीमती चम्पा देवी चित्तौरा विकास खण्ड के श्री नरेन्द्र कुमार श्री मुबारक अली श्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य किसानों का रोटावेटर, शिवपुर के श्री गिरजेन्द्र प्रताप सिंह का चयन कम्बाइन हार्वेस्टर में राम फेरन रिसिया के हाई टेक हब फार कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिये चयन हुआ। श्रीमती कोयली विकास खण्ड बलहा, श्री पाण्डेय महसी आदि किसानों का कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से चयन हुआ। समिति की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने उपस्थित/चयनित किसानों से कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पास के किसानों को भी लाभान्वित करें। उप निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि एसएमएएम एवं इन-सीटू योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिये बुकिंग किसानों द्वारा की गई थी जिसमें निर्धारित लख्य 01 से अधिक किसानों द्वारा बुकिंग करने के कारण कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन करने का निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में 11 फरवरी 2025 को कृषि भवन सभागार बहराइच में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया है, जिसमें 58 किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से उन्होंने चयनित किसानों से अनुरोध किया है कि 01 सप्ताह के अन्दर चयनित कृषि यन्त्र क्रय कर बिल पोर्टल पर अपलोड करा दें, जिससे अतिशीघ्र बजट प्राप्त कर अनुदान का भुगतान सत्यापनोपरान्त डीबीटी के माध्यम से किया जा सके। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डा0 सूबेदार यादव, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, एलडीएम जितेन्द्र कुमार, डिप्टी एलडीएम बाबू लाल, सहायक गन्ना निरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, प्रगतिशील कृषक श्रीमती माया देवी, निरन्जन लाल वर्मा, लालता प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार सिंह सहित ई लॉटरी से सम्बन्धित कृषक मौजूद रहे।

## 15 वें वित्त से कराया जाए सभी 70 वार्डों में विकास

**मथुरा।** 15 वें वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों को लेकर मथुरा वृंदावन नगर निगम के पक्ष व विपक्ष के सभी पार्षद लामबंद हो गए हैं। इस राशि से सभी 70 वार्डों में कार्य नहीं होने से क्षुब्ध होकर पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल आज जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह व मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकारण के उपाध्याक्ष एसबी सिंह ने मिला। दोनों अधिकारियों ने पार्षदों को अश्वस्त किया कि वे महापौर व नगर आयुक्त से वार्ता करके इस धनराशि से शीघ्र कार्य प्रारंभ करायेंगे। मंगलवार को पार्षद दल के नेता चौधरी राजवीर सिंह के नेतृत्व में करीब 50 पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम सीपी सिंह से मिला। पार्षदों ने अपने पत्र में कहा है कि 15 वें वित्त की आगामी बैठक 17 फरवरी को होने जा रही है।

# ''इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की निर्देशन में पूर्वाहन 11:00 बजे विकास भवन सभागार में ''इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित द्वारा किया गया, जिसमे इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर ैंमित प्दजमतदमज क्ंलष् मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ष्ज्वहमजीमत वित ठमजजमत प्दजमतदमजष् थीम के तहत इस वर्ष भी आज 11 फरवरी 2025 को ैंमित प्दजमतदमज क्ंलष् मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अधिकतर लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं जिसके कारण उन्हें कभी-कभी भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता और व्यक्तिगत डाटा भी चोरी हो जाता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें हो सकता है, वह साइबर अपराधियों से संबंधित हो। उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्टिंग जैसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है, यदि इस प्रकार की कोई कॉल आती है तो तत्काल उसकी सूचना दें, ताकि साइबर अपराधियों के खिलाफ समुचित स्तर से उचित कार्य अमल में लाई जा सके।

# भारतीय लोक से रूबरू कराती है इनकी सुरीली आवाज

**नई दिल्ली।** मशहूर लोकगायिका मालिनी अवस्थी आज 11 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रही हैं। उनकी सुरीली आवाज से दुनिया परिचित है, अब पहली किताब चंदन किवाड़ से उनके शब्द भी महक रहे हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज की बिटिया! मालिनी अवस्थी, इनका नाम लेते ही परिचय की जरूरत नहीं पड़ती। इन्होंने भारतीय लोक के रंग अपने संगीत और सुरीली आवाज से जन-जन तक पहुंचाए हैं। सोहर हो, कजरी गीत हों या विवाह गीत और भजन, मालिनी अवस्थी जिस अंदाज में पेश करती हैं उसमें अपनी संस्कृति और सभ्यता की झलक नजर आती है। आज मालिनी अवस्थी की बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आज 11 फरवरी को इनका जन्मदिन है। आइए जानते हैं... मालिनी अवस्थी का जन्म 11 फरवरी 1967 को उत्तर प्रदेश के कन्नौज में हुआ। मालिनी अवस्थी हिंदी और अवधी गानों के अलावा ठुमरी और कजरी की भी प्रस्तुति देती हैं। लोकगायिका ने भातखंडे विश्वविद्यालय, लखनऊ से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। मालिनी अवस्थी पढ़ाई में बहुत




होशियार रही हैं। वे हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक में गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। इसके अलावा मालिनी अवस्थी ने लखनऊ यूनिवर्सिटी में मॉर्डन हिस्ट्री में एमए भी किया और फिर से गोल्ड मेडल हासिल किया। वे बनारस घराने की महान हिंदुस्तानी क्लासिकल गायिका पद्म विभूषण विदुषी गिरिजा देवी की शिष्या रहीं। मालिनी भोजपुरी के अलावा अवधि और हिंदी भाषा में भी गाती हैं। गायन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारत सरकार उन्हें साल 2016 में देश के बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित कर चुकी है। उन्हें सहारा अवध सम्मान (2003), यश भारती यूपी सरकार (2006), नारी गौरव (2000) और कालिदास सम्मान सहित कई और पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। मालिनी अवस्थी की निजी जिंदगी की बात करें तो उनका विवाह आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी से हुआ, जो यूपी सरकार के प्रमुख सचिव के रूप में रिटायर हुए। मालिनी अवस्थी के दो बच्चे-बेटा अद्वतीय और बेटी अनन्या हैं।

मालिना अवस्थी ने कई फिल्मों के गाने भी गाए हैं। उन्होंने फिल्म दम लगा के हईशा फिल्म का सुंदर सुशील गाना गाया, जिसमें अनु मलिक ने म्यूजिक दिया था। इसके अलावा वो बम बम बोले, एजेंट विनोद, इश्क जैसी बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी गाने गा चुकी हैं। मालिनी अवस्थी ने बतौर लेखिका सफर शुरू किया है। उनकी पहली किताब चंदन किवाड़ है। 02 फरवरी को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में किताब का विमोचन किया गया।

## 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल, नाव की सवारी करती दिखीं एक्ट्रेस

अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।

## क्या विदेश दौरा बीच में छोड़कर वापस लौटेंगे समय रैना, समन जारी हुआ तो क्या होगा?



**नई दिल्ली।** समय रैना इस समय अपने शो इंडियाज गॉट लैटेंट में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के आपत्तिजनक बयान के बाद मुश्किलों में घिर गए हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि समय रैना को पुलिस द्वारा समन भेजा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो समय को अपने देश से बाहर होने वालो शो रद्द करने होंगे।

समय रैना के शो पर रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान के बाद दोनों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रविवार को मुंबई पुलिस की टीम रणवीर के घर पहुंची। हालांकि, समय रैना ने इस पूरे मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस बीच 'ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' ने इंडियाज गॉट लैटेंट और यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना पर बैन लगाने की मांग की है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि समय रैना को भी पुलिस द्वारा समन भेजा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो समय को देश के बाहर होने वाले अपने कई शो रद्द करने पड़ सकते हैं। समय रैना अपने उत्तरी अमेरिका दौरे के अंतर्गत कनाडा में भी शो करने वाले हैं। समय ने हाल ही में कैलिफोर्निया के सैन जोस सिविक में प्रदर्शन किया। वह 13 फरवरी को वाशिंगटन डीसी और 14 फरवरी को न्यू जर्सी में प्रदर्शन करने वाले हैं। इनके बाद वह 15 फरवरी को मॉन्ट्रियल में होंगे और यहां दो शो करने वाले हैं।

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' ने रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को बैन करने की मांगी की है। उन्होंने कहा, ÷पूरे भारतीय फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए, 'ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' आधिकारिक तौर पर इंडियाज गॉट लैटेंट का बहिष्कार करता है। हम सभी अभिनेताओं, फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों और तकनीशियनों से आग्रह करते हैं कि वह इस शो में शामिल व्यक्तियों, जिसमें होस्ट समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया शामिल हैं। इनके साथ किसी भी तरह का सहयोग तुरंत बंद कर दें। इसके बाद इन लोगों को भारतीय फिल्म उद्योग से कोई समर्थन नहीं मिलेगा।÷

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' ने इन दोनों पर बैन के अलावा रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सामग्री के लिए सख्त नियम की भी मांग की है।


## सबसे गंभीर विषय पर कार्रवाई होनी चाहिए वर्ना.., रणवीर-समय मामले में आयशा ने कसा तंज



**मुंबई।** यूट्यूबर्स रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना इन दिनों एक बड़े विवाद के केंद्र में हैं। यह विवाद उनके शो इंडियाज गॉट लेटेंट के एक हालिया एपिसोड के कारण हुआ है। इस एपिसोड में रणवीर ने एक प्रतियोगी से एक असंवेदनशील और आपत्तिजनक सवाल पूछा, जिसने दर्शकों को भड़का दिया। इसके बाद इस गंदी टिप्पणी पर उनकी जबर्दस्त आलोचना का सिलसिला शुरू हो गया। इस मामले में रणवीर और समय के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। कई सेलिब्रिटी इस मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त कर चुके हैं। इनमें से अधिकांश ने शो में इस प्रकार की हंसी-मजाक की निंदा की है और इसे आपत्तिजनक और संवेदनहीन करार दिया है। हालांकि, कुछ सेलेब्स, जैसे उर्फी जावेद और राखी सावंत ने रणवीर और समय का बचाव किया है। इस बीच अभिनेत्री आयशा खान इस पूरे विवाद पर अपने अंदाज में टिप्पणी की है। आयशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी राय साझा करते हुए उन मुद्दों को उठाया जिन्हें वह मानती हैं कि देश में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने लिखा, ÷हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं- खराब सड़कें, ट्रैफिक जाम, वायु प्रदूषण, सामान्य सुरक्षा और डार्क कॉमेडी के मंच पर डार्क कॉमेडी। आयशा ने इस स्टोरी में आगे समाधान का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, ÷समाधान- सबसे गंभीर मुद्दों पर कार्रवाई होनी चाहिए, वर्ना कहीं विकास रुक न जाए। काश देश में इससे बड़े मुद्दों के लिए भी सवाड़ खड़े किए जाते। ताजा अपडेट के मुताबिक हाल ही में मुंबई पुलिस रणवीर इलाहाबादिया के घर पहुंची है।

## दो जगह बन रही 'सनम तेरी कसम' की सीक्वल, हीरो को नहीं पता निर्देशकों की प्लानिंग





**मुंबई।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। लेकिन, न तो उन्होंने इस बारे में फिल्म 'सनम तेरी कसम' के अधिकार रखने वाली कंपनी सोहम रॉकस्टार से कोई बात की है और न ही उनके इस ऐलान के बारे में फिल्म के हीरो हर्ष वर्धन राणे को ही कुछ पता है। इस बीच खबर ये भी कि फिल्म की हीरोइन ने ठीक इसकी री रिलीज के दिन पाकिस्तान में शादी कर ली है। फिल्म 'सनम तेरी कसम' तब तक साउथ के हीरो के तौर पर पहचाने जाने वाले अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की पहली हिंदी फिल्म है। हालांकि, उन्हें जॉन अब्राहम की कंपनी की फिल्म '17 को शादी है' से बड़े परदे पर डेब्यू करना था लेकिन सपना पब्बी के साथ बन रही ये फिल्म कुछ दिन की शूटिंग के बाद बीच में ही रुक गई। वजह रही इसे बना रही कंपनी यूटीवी कम्युनिकेशन का डिज्नी के हाथों बिक जाना। 'अमर उजाला' से एक एक्सक्लूसिव मुलाकात में हर्ष वर्धन बताते हैं, 'जॉन सर के साथ मेरे रिश्ते आज भी वैसे ही जैसे उनसे पहली बार मिलने पर बने थे। मुझे आज भी वह लम्हा नहीं भूलता कि मैं उनके होटल रूप के बार उनका हेलमेट डिलीवर करने के लिए खड़ा हूं। फिल्म 'सनम तेरी कसम' के दोबारा रिलीज होने पर सोशल मीडिया पर जो उन्होंने चार शब्द लिखे, वे मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार हैं। उन्होंने लिखा, फाइनली..यू गॉट योर ड्यू!'

फिल्म 'सनम तेरी कसम' की हीरोइन मावरा हुसैन ने इसी साल 5 फरवरी को पाकिस्तान में शादी कर ली है, इसकी जानकारी फिल्म की पूरी टीम को है। हर्ष वर्धन के मुताबिक इसकी मुबारकबाद भी उनको सबकी तरफ से जा चुकी है। क्या मावरा फिल्म 'सनम तेरी कसम' की सीक्वल की हीरोइन होंगी और क्या पाकिस्तानी कलाकारों के हिंदी सिनेमा में काम करने पर लगी अघोषित पाबंदी ठीक है।

## मुझे नहीं लगता इसके लिए उन्हें जेल होनी चाहिए, विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आईं उर्फी

**मुंबई।** समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आई हैं। मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं। समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गईं, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए। उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।

## शादी की सालगिरह पर संजय दत्त-मान्यता ने एक-दूजे पर लुटाया प्यार



**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त और मान्यता दत्त की शादी को आज मंगलवार को 16 साल हो गए हैं। इस मौके पर दोनों सितारों ने सोशल मीडिया पर एक-दूजे के लिए प्यार लुटाया है। संजय दत्त ने मान्यता को शुक्रिया अदा किया है। संजय दत्त और मान्यता ने साल 2008 में शादी रचाई। कपल के दो बच्चे-इकरा और शहरान हैं। संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी और मान्यता की खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, शादी की सालगिरह मुबारक मा, मेरी जिंदगी में हमेशा साथ देने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए शुक्रिया। मुझे इकरा और शहरान देने के लिए शुक्रिया। तुम्हें ढेर सारा प्यार। वहीं मान्यता दत्त ने भी संजय दत्त के लिए एक पोस्ट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, जब आप किसी इंसान से सच्चा प्यार करते हैं, तो आप उससे दोगुना प्यार करते हैं!! जब हम पहली बार आई लव यू कहते हैं, तो हम बहुत जल्दबाजी करते हैं। हम उनके अंदाज पर, उनकी खुशबू, उनके चलने के तरीके, उनके बात करने के तरीके, उनकी हर बात पर आकर्षित होते हैं। लेकिन, कुछ महीनों या वर्षों के बाद परदा हटता है और वे उतने आकर्षक नहीं रह जाते! फिर हम उनके असल व्यक्तित्व का सामना करते हैं।

मान्यता ने आगे लिखा है, ट्रॉमा, मन की स्थिति में बदलाव, कभी मूड स्विंग्स तो कभी आदतों के चलते कभी-कभी चीजें पहले जैसी नहीं रह जाती हैं। लेकिन, तब भी अगर आप उसी व्यक्ति से प्यार करना चुनते हैं, तो ऐसा प्यार,...समझने का प्यार है...जानने का...और जब आप कहते हैं, आई लव यू तो यही प्यार ताकत है। यही प्यार है और हमेशा के लिए रहने वाला है। शादी की सालगिरह मुबारक हो जीवनसाथी।

# स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन रस्साकसी में शिक्षक, कबड्डी में नॉन टीचिंग स्टाफ ने मारी

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में चार दिवसीय प्रतियोगिता में सोमवार को टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच रस्साकसी, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं हुई।


रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में चल रही स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं। चार दिवसीय प्रतियोगिता में सोमवार को टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच रस्साकसी, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं हुईं। दिन की प्रतियोगिताओं का आगाज कुलसचिव संजीव कुमार, सचिव क्रीड़ा परिषद एसएस बेदी, प्रो. आलोक श्रीवास्तव के बीच बैडमिंटन मैच से हुआ। उसके बाद हुई रस्साकसी प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ ने बाजी मारी। कबड्डी में नॉन टीचिंग स्टाफ विजयी रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रथम पर रही।



बैडमिंटन और टेबल टेनिस में महिला व पुरुष वर्ग में एकल और युगल मैच खेले गए। महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ को पहला और नॉन टीचिंग स्टाफ को दूसरा स्थान मिला। पुरुष वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम, टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग टेबल टेनिस में नॉन टीचिंग स्टाफ को पहला, टीचिंग स्टाफ को दूसरा स्थान मिला। महिला वर्ग टेबल टेनिस में टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और नॉन टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रो. संतोष अरोरा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय बहादुर, डॉ. नीरज कुमार उपस्थित रहे।

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित युवा महोत्सव उमंग का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. संध्या रानी शाक्य ने क्रीड़ा ध्वजारोहण कर किया। इसमें 200 व 400 मीटर दौड़ में इरम प्रथम, मंतशा द्वितीय, वर्षा पटेल तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक में वर्षा पटेल प्रथम, सना मंसूरी द्वितीय व गुनगुन सिंह तृतीय स्थान जीता। चक्का फेंक में सना पहले, वर्षा पटेल ने दूसरा और प्रतीक्षा पटेल ने तीसरा स्थान जीता। ऊंची कूद में इरम प्रथम, मंतशा द्वितीय और दामिनी देवी तृतीय स्थान पर रहीं।

## कारुआना के खिलाफ लगातार दूसरी बाजी हारकर गुकेश का सफर समाप्त



**हैम्बर्ग।** सफेद मोहरों से खेलते हुए पहली बाजी गंवाने के बाद गुकेश करो या मरो के मुकाबले में भी कारुआना के खिलाफ नहीं टिक पाए और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर ने सिर्फ 18 चाल में जीत दर्ज की।

भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश का सफर फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट में समाप्त हो गया है। गुकेश को क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियाना कारुआना के खिलाफ लगातार दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सफेद मोहरों से खेलते हुए पहली बाजी गंवाने के बाद गुकेश करो या मरो के मुकाबले में भी कारुआना के खिलाफ नहीं टिक पाए और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर ने सिर्फ 18 चाल में जीत दर्ज की।

गुकेश अब आखिरी चार स्थान के लिए चुनौती पेश करेंगे। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं, जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। करुआना पिछले कुछ समय से इस प्रारूप में खेल रहे हैं और वह 15 चाल के बाद सामान्य शतरंज स्थिति में पहुंच गए जिसके बाद गुकेश ने जल्द ही हार मान ली।

## राज्य स्तरीय महिला पावर लिफ्टिंग में फतेहपुर ओवरऑल चैंपियन, बरेली की टीम उप विजेता

**बरेली।** बरेली पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में फतेहपुर की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। बरेली की




टीम दूसरे और कानपुर की टीम तीसरे स्थान पर रही। बरेली में द्वितीय उषा मां राज्य स्तरीय महिला पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का सोमवार को समापन हो गया। बरेली पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में फतेहपुर की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। बरेली की टीम दूसरे और कानपुर की टीम तीसरे स्थान पर रही। यह प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स, एक्विप्ड और अन-एक्विप्ड वर्गों में हुई। मिनी बाइपास के बैंक्वेट हाल में हुई सब जूनियर महिला एक्विप्ड वर्ग के 43 किलो भार में फतेहपुर की पूनम सिंह ने पहला, कानपुर की यशी यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में भी फतेहपुर की पूनम सिंह ने बाजी मारी। 47 किलो सब-जूनियर एक्विप्ड वर्ग में कानपुर की श्रेया गौड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में बरेली की आकृति कश्यप ने पहला स्थान हासिल हुआ। सीनियर वर्ग में फतेहपुर की पूनम सिंह ने प्रथम स्थान पाया। 52 किलो सब-जूनियर एक्विप्ड वर्ग में कानपुर की नैनसी कटियार प्रथम, फतेहपुर की स्वप्निल सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग में सीतापुर की संध्या मिश्रा ने पहला, स्वप्निल सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 57 किलो जूनियर एक्विप्ड वर्ग में बरेली की चांदनी को पहला स्थान हासिल हुआ। सीनियर वर्ग में बरेली की अनीता देवी ने पहला, फतेहपुर की रीना गुप्ता ने दूसरा स्थान हासिल किया। मास्टर वर्ग में फतेहपुर की रीना गुप्ता ने बाजी मारी। वहीं 63 किलो सब-जूनियर एक्विप्ड वर्ग में उन्नाव की अराध्या तिवारी प्रथम स्थान मिला।

## पंकज आडवाणी ने जीती राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप, करियर का 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता



**नई दिल्ली।** आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की। भारत के अनुभवी और स्टार स्नूकर खिलाड़ी पंकड आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीत ली है। पंकज के करियर का यह कुल 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। दमानी ने पहला फ्रेम जीत कर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद आडवाणी के सामने उनकी एक नहीं चली। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की। आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया तथा यह फ्रेम, मैच और चैंपियनशिप अपने नाम कर दी। दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे। एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा, यह एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था। यहां स्वर्ण पदक जीत कर बहुत अच्छा लग रहा है। प्रतियोगिता में एक समय मैं बाहर होने के कगार पर था।

## देव कुमार मीना ने पोल वॉल्ट में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**देहरादून।** मीना ने 5.32 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता और पहले स्थान पर रहे। मीना ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने देहरादून में जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना ने 5.32 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता और पहले स्थान पर रहे। मीना ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।


इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे जिसमें से पंजाब ने तीन जीते, जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सेना, तमिलनाडु और मेजबान उत्तराखंड के खाते में एक-एक स्वर्ण पदक आया।

तमिलनाडु के जी रीगन (पांच मीटर) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश के कुलदीप कुमार (पांच मीटर) ने कांस्य पदक जीता। उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने महिला तार गोला फेंक में खेलों के रिकॉर्ड 62.89 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 62.47 मीटर के प्रयास से 2023 राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सोमवार को तान्या 59.74 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि उत्तर प्रदेश की ही नंदिनी ने 58.89 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता।

पुरुष गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के तेजिंदर पाल सिंह तूर ने 19.74 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। गत चैंपियन मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल (19.38 मीटर) और पंजाब के प्रभकृपाल सिंह (19.04 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रविवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण पदक जीतने वाली आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने अपनी हीट 23.85 सेकेंड में जीतकर 200 मीटर फाइनल में जगह बनाई।

सेना के सुमित कुमार ने आठ मिनट 46.26 सेकेंड के समय के साथ पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण जीता, जबकि गिटसन धमरि, आकाश बाबू, वासन और अश्विन कृष्णा की तमिलनाडु की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी खिताब अपने नाम किया। महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में उत्तराखंड की अंकिता नौ मिनट 53.63 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहीं, जबकि पंजाब की निहारिका वशिष्ठ ने 13.37 मीटर के प्रयास से महिला त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीता। महिला चार गुणा 400 मीटर रिले का स्वर्ण पदक रमनदीप कौर, ट्विंकल चौधरी, किरणपाल कौर और रशदीप कौर की पंजाब की टीम के नाम रहा।

## शादियां कर दुष्कर्म को देता था अंजाम, चौथी पत्नी की फेसबुक दोस्त ने किया भंडाफोड़



**कोच्चि।** पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी दीपू फिलिप (36 वर्षीय) केरल के कासरगोड जिले के वेल्लारीकुंडु इलाके का रहने वाला है। दीपू पर आरोप है कि उसने शादियां कर कई महिलाओं को अपनी हवस का शिकार बनाया।

पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने शादी को खेल बना लिया था और वह महिलाओं से शादी कर, उनके साथ दुष्कर्म को अंजाम देता और फिर फरार हो जाता था। हालांकि उसकी ये चालाकी ही उसे भारी पड़ गई और उसकी इस साजिश का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने आरोपी की चौथी पत्नी की शिकायत पर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी दीपू फिलिप (36 वर्षीय) केरल के कासरगोड जिले के वेल्लारीकुंडु इलाके का रहने वाला है। केरल पुलिस ने विस्तृत जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया है। दीपू पर आरोप है कि उसने शादियां कर कई महिलाओं को अपनी हवस का शिकार बनाया।

पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि दीपू ने बीते एक दशक में चार शादियां कीं और शादी कर महिलाओं का शारीरिक उत्पीड़न किया। दीपू ने पहली बार कासरगोड के वेल्लारीकुंडु में रहने वाली महिला से शादी की और उसके आभूषण और पैसे लेकर फरार हो गया। पहली पत्नी से दीपू के दो बच्चे भी हैं। बाद में दीपू भागकर तमिलनाडु पहुंचा और वहां कासरगोड की ही एक अन्य महिला के साथ रहने लगा। कुछ समय उस महिला के साथ रहने के बाद दीपू वहां से भी भाग निकला और केरल के एर्नाकुलम पहुंचा, जहां फिर उसने एक महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ रहने लगा।

# कश्मीर के लिए वंदे भारत की इस दिन शुरू हो सकती है टिकट बुकिंग

**कटरा**

**यानी अगर आप दिल्ली या देश के किसी अन्य हिस्से में रहते हैं तो आपको पहले कटरा पहुंचना होगा।**




**नई दिल्ली।** रेलवे से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कश्मीर के लिए शुरू होने वाली विशेष वंदे भारत ट्रेन फिलहाल कटरा से श्रीनगर के बीच ऑपरेट की जाएगी। इस ट्रेन को कुछ महीनों के बाद जम्मू तक करने पर विचार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में अगर आप कश्मीर घूमने का प्लान बना रहे है तो यह खबर आपके लिए है। जल्द ही भारतीय रेलवे कश्मीर के लिए शुरु होने वाली वंदे भारत ट्रेन की तारीख का ऐलान करने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, 17 फरवरी 2025 को श्रीनगर के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। यानी 17 फरवरी के बाद आप वंदे भारत ट्रेन से सीधे श्रीनगर तक पहुंच सकेंगे। श्रीनगर के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का ऑपरेशन कटरा से श्रीनगर के बीच होगा। यानी अगर आप दिल्ली या देश के किसी अन्य हिस्से में रहते हैं तो आपको पहले कटरा पहुंचना होगा। इसके बाद कटरा में आपको ट्रेन बदलनी होगी। यहां से आप कश्मीर से स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से श्रीनगर तक का सफर पूरा कर सकेंगे। यदि आप दिल्ली से कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन से सफर कर रहे हैं तो आपको दिल्ली से कटरा और फिर कटरा से श्रीनगर का अलग-अलग टिकट बुक कराना होगा। रेलवे से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कश्मीर के लिए शुरू होने वाली विशेष वंदे भारत ट्रेन फिलहाल कटरा से श्रीनगर के बीच ऑपरेट की जाएगी। इस ट्रेन को कुछ महीनों के बाद जम्मू तक करने पर विचार किया जा रहा है। इसके बाद यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर के बीच ऑपरेट की जाएगी। इस ट्रेन के रूट में रियासी, बक्कल, दुग्गा, सावलकोट, संगलदान, सुंबेर, खारी, बनिहाल, काजीगुंड, सदुरा, अनंतनाग, बिजबेहरा, पंजगाम, अवंतीपोरा, रत्निपोरा, काकापोरा, पंपोर स्टेशन होंगे। ये ट्रेन कटरा से श्रीनगर के बीच की दूरी यह ट्रेन करीब ढाई से तीन घंटे के बीच तय करेगी। कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली कश्मीर स्पेशल वंदे भारत ट्रेन देश के अन्य हिस्सों में चल रही वंदे भारत ट्रेनों से बिल्कुल अलग होगी। इस स्पलेश ट्रेन को मौसम और जरूरतह्यह्यों के हिसाब से डिजाइन किया गया है।

## लोकसभा की कार्यवाही का संस्कृत भाषा में होगा रूपांतरण



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा, अब बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू में सदन की कार्यवाही का रूपांतरण होगा। उन्होंने बताया कि दुनिया में भारत की संसद ही एकमात्र विधायी संस्था है जहां एकसाथ इतनी भाषाओं में कार्यवाही का रूपांतरण हो रहा है। वहीं इस घोषणा पर द्रमुक सांसद के आपत्ति पर स्पीकर ने उन्हें फटकार भी लगाई है। लोकसभा की कार्यवाही का भाषा रुपांतरण हिंदी, अंग्रेजी समेत 10 क्षेत्रीय भाषा में किया जाता है। लेकिन अब इसमें छह भाषाएं और जुड़ जाएंगी। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की, तो डीएमके सदस्यों ने इसे लेकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद स्पीकर ने दयानिधि मारन से पूछा कि उनकी समस्या क्या है। इस पर दयानिधि मारन ने कहा कि वे आधिकारिक राज्य भाषाओं के एक साथ अनुवाद का स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें संस्कृत भाषा के अनुवाद पर आपत्ति है क्योंकि यह संप्रेषणीय नहीं है। उन्होंने 2011 के जनसंख्या सर्वेक्षण का हवाला देते हुए दावा किया कि 73 हजार लोग संस्कृत बोलते हैं। उन्होंने कहा, आरएसएस की विचारधारा के कारण करदाताओं का पैसा क्यों बर्बाद किया जाना चाहिए। दयानिधि मारन के लोकसभा कार्यवाही के संस्कृत भाषा रूपांतरण उठाए गए सवाल पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें फटकार लगाई। इसके साथ ही उनकी आपत्ति को खारिज करते हुए स्पीकर ने कहा, आप किस देश में रह रहे हैं? उन्होंने कहा, यह भारत है और इसकी प्राथमिक भाषा संस्कृत रही है। मैंने 22 भाषाओं की बात की, अकेले संस्कृत की नहीं। आपको संस्कृत पर आपत्ति क्यों है।

## 16 सीआईएसएफ परिसरों में लगेंगे 3281 केवी के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में रूफटॉप ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के तहत परियोजना के निष्पादन की जिम्मेदारी एनवीवीएन को सौंपी है।

नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के साथ 11 राज्यों में स्थित 16 सीआईएसएफ परिसरों में 3281 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए पावर परचेज समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की पूर्ण स्वामित्व ह्यह्यवाली सहायक कंपनी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) द्वारा इस वर्ष 31 अक्तूबर तक सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना और संचालन शुरू करने की उम्मीद है।

सीआईएसएफ के मुताबिक, यह समझौता चार सीआईएसएफ परिसरों अर्थात् आरटीसी अराकोणम (तमिलनाडु), महिपालपुर परिसर (दिल्ली), आरटीसी बहरोड़ (राजस्थान), 8वीं आ.वा. जयपुर (राजस्थान) में स्थापित 1990 किलोवाट क्षमता की मौजूदा परियोजनाओं के अतिरिक्त होगा। नए सोलर प्लांट स्थापित होने पर, सभी सीआईएसएफ परिसरों में कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 5271 किलोवाट तक पहुंच जाएगी। यह पहल भारत सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और हरित भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में रूफटॉप ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के तहत परियोजना के निष्पादन की जिम्मेदारी एनवीवीएन को सौंपी है। इस मॉडल के तहत, पूंजीगत व्यय निष्पादन फर्म, एनवीवीएन द्वारा वहन किया जाता है, जबकि विभाग को 25 वर्षों की संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए एक निश्चित टैरिफ दर पर केवल उत्पादित बिजली के लिए भुगतान करना होता है। एनवीवीएन द्वारा 31 अक्टूबर 2025 तक सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना और संचालन शुरू करने की उम्मीद है।

## साइबर अपराध रोकने के लिए सरकार का बड़ा कदम

**कोशिश**

**गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि मुखौटा खाते चालू होने से पहले ही बंद हो जाएं।**



**नई दिल्ली।** अमित शाह ने बताया कि 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थों के साथ छह लाख से अधिक संदिग्ध डेटा पॉइंट साझा किए गए हैं। साथ ही 19 लाख से अधिक मुखौटा खाते या म्यूल खाते पकड़े गए हैं और 2,038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन को रोका गया है।

साइबर अपराध रोकने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। दरअसल सरकार साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले मुखौटा खातों की पहचान के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करने पर विचार कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की सोमवार को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अमित शाह ने की। इस दौरान शाह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की सिफारिशों के आधार पर 805 ऐप और 3,266 वेबसाइट लिंक ब्लॉक किए गए हैं।

अमित शाह ने बताया कि 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थों के साथ छह लाख से अधिक संदिग्ध डेटा पॉइंट साझा किए गए हैं। साथ ही 19 लाख से अधिक मुखौटा खाते या म्यूल खाते पकड़े गए हैं और 2,038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन को रोका गया है। शाह ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सभी बैंकों के साथ समन्वय में मुखौटा खातों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की कोशिश हो रही है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि मुखौटा खाते चालू होने से पहले ही बंद हो जाएं। मुखौटा खाता, वो बैंक खाता होता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी साइबर अपराध से हासिल किए पैसों को स्थानांतरित करने में करते हैं। साथ ही सरकार लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक भी कर रही है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने भारत को साइबर-सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के 95 प्रतिशत गांव डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं, जबकि एक लाख ग्राम पंचायतें वाई-फाई हॉटस्पॉट से लैस हैं। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में 4.5 गुना वृद्धि हुई है और 2024 में यूपीआई के माध्यम से 17.221 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन किए गए। शाह ने कहा कि 2024 में वैश्विक डिजिटल लेनदेन का 48 प्रतिशत भारत में हुआ और स्टार्टअप इकोसिस्टम के मामले में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। उन्होंने कहा 2023 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान लगभग 32 लाख करोड़ रुपये था, जो 12 प्रतिशत है, जबकि इस अवधि में लगभग 1.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुईं। शाह ने यह भी कहा कि आज भारत डिजिटल परिदृश्य के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है और डिजिटल अर्थव्यवस्था देश की कुल अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत का योगदान देती है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय का लक्ष्य है कि देश में साइबर अपराध का कोई भी मामला न हो।

## संसद में गूंजा रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान का मुद्दा; संसदीय समिति कर सकती है समन

**नई दिल्ली।** बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने कहा, बयान यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संचार और आईटी पर संसदीय स्थायी समिति के सदस्य के रूप में मैं इस मामले को समिति में उठाने जा रहा हूं। हम जल्द ही एक बैठक करने जा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश और सख्त कानून हों। संसद के बजट सत्र के दौरान रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान का मुद्दा उठा। इसके बाद से ही उम्मीद जताई जा रही है कि संसदीय समित उन्हें तलब कर सकती है। दरअसल, यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया इस वक्त अपने एक विवादित बयान को लेकर लोगों की नाराजगी का सामना कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में मुझे फांसी की सजा देने की मांग उठ रही, कानूनी विवाद पर बोले जुकरबग




**कैलिफोर्निया।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सअप की मूल कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने खुद पर पाकिस्तान में कानूनी विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। बता दें कि, फेसबुक पर ईशनिंदा से जुड़े पोस्ट को लेकर उनपर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में पाकिस्तान में अपने खिलाफ चले कानूनी मामले पर बात की। यह मामला फेसबुक पर साझा की गई एक पोस्ट से जुड़ा था, जिसे पाकिस्तान में ईशनिंदा माना गया। जो रोगन के पॉडकास्ट में जुकरबर्ग ने बताया कि इस मामले में उन्हें ह्यह्यपाकिस्तान में मौत की सजा तक देने की मांग उठी थी। उन्होंने कहा, कुछ देशों में ऐसे कानून हैं, जिनसे हम सहमत नहीं होते। एक समय था जब पाकिस्तान में किसी ने मेरे खिलाफ केस किया था क्योंकि फेसबुक पर किसी ने पैगंबर मोहम्मद का एक चित्र साझा किया था। वहां इसे ईशनिंदा माना गया और मेरे खिलाफ आपराधिक मुकदमा चला। मुझे नहीं पता कि यह मामला कहां तक पहुंचा, क्योंकि मैं पाकिस्तान जाने की योजना नहीं बना रहा था, इसलिए ज्यादा चिंता नहीं की। मार्क जुकरबर्ग ने यह भी बताया कि दुनियाभर में सरकारें टेक कंपनियों पर कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए दबाव बना रही हैं। उन्होंने कहा, कुछ देशों के कानून हमारे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल्यों से मेल नहीं खाते। वे चाहते हैं कि हम बहुत सारी चीजें हटा दें, जिन्हें हम गलत नहीं मानते। अगर सरकारें टेक कंपनियों के सीईओ को जेल में डालने की धमकी देंगी, तो यह बड़ा मुद्दा बन जाएगा। इससे पहले, 7 जनवरी को मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक और इंस्टाग्राम के फैक्ट-चेकिंग सिस्टम को हटाकर कम्युनिटी नोट्स नाम के नए मॉडल को अपनाने की घोषणा की। उनका कहना था कि पुराने सिस्टम में बहुत ज्यादा गलतियां और राजनीतिक पक्षपात था। बता दें कि, डोनाल्ड ट्रंप की 2024 में जीत के बाद जुकरबर्ग ने मार-ए-लागो में उनसे मुलाकात की और मेटा ने डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के लिए 1 मिलियन डॉलर का दान भी दिया।

## मस्क ने ओपनएआई को खरीदने का दिया प्रस्ताव, तो सैम ऑल्टमैन ने एक्स की लगा दी बोली

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क के खुद के एआई स्टार्टअप एक्सएआई और निवेशक फर्मों के एक समूह ने मिलकर चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को खरीदने की इच्छा जताई है। एलन मस्क के वकील मार्क टोबरॉफ ने बताया कि मस्क ओपनएआई को एक गैर लाभकारी रिसर्च लैब में बदलना चाहते हैं। एलन मस्क के नेतृत्व वाले एक निवेशक समूह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) स्टार्टअप ओपनएआई को 97 अरब डॉलर में खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मस्क के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साथ ही ऑल्टमैन ने ये भी कहा कि अगर आप चाहते हैं तो हम ट्विटर को 9.7 अरब डॉलर में जरूर खरीद सकते हैं।

# हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में, यही मानवता के मार्ग को आकार देगा

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा। प्रधानमंत्री ने

**सम्मेलन**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की।**




कहा, संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है।AI एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।

## निर्वासितों के साथ इंसानियत का व्यवहार होना चाहिए, भारतवंशी अमेरिकी सांसद की अपनी सरकार से अपील

**असंतुलन**

**भारत के साथ भी अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। रो खन्ना ने कहा कि इस व्यापार असंतुलन को खत्म किया जाना चाहिए।**



**वॉशिंगटन।** रो खन्ना ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आगामी मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे और दोनों देशों के कुछ अहम मुद्दों पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बात की। उन्होंने अपनी सरकार से अपील की कि निर्वासित किए जा रहे लोगों के साथ इंसानियत वाला व्यवहार किया जाना चाहिए। रो खन्ना ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आगामी मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किए जाने पर रो खन्ना ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर निर्वासन होता है तो वो इंसानी तरीके से होना चाहिए और लोगों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उनका अमानवीय तरीके से उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि बेशक, अमेरिका आने वाले लोगों को कानूनी तरीके से ही अमेरिका आना चाहिए और कानून का पालन करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि ये मुद्दा जल्द सुलझ जाएगा। रो खन्ना ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार असंतुलन का भी मुद्दा है। अमेरिका का चीन, कनाडा और यूरोप के साथ भी व्यापार असंतुलन है। इनमें अमेरिका ज्यादा सामान खरीदता है, लेकिन ये देश अमेरिका से कम सामान खरीदते हैं। भारत के साथ भी अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। रो खन्ना ने कहा कि इस व्यापार असंतुलन को खत्म किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि रो खन्ना की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब बीती 5 फरवरी को ही 100 से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान भारत पहुंचा। निर्वासित किए गए इन भारतीयों को हाथ-पैरों में बेड़ियां बंधी थीं और रास्ते में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

## मोदी-ट्रंप के रिश्ते, भारत-अमेरिका के रिश्तों के लिए अहम



**वॉशिंगटन।** डेविड स्मिथ ने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध भी गहरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते भूराजनैतिक परिदृश्य में दोनों देशों की साझेदारी बेहद अहम होगी। अमेरिका के प्रमुख ब्रॉडकास्ट ग्रुप सिनक्लेयर के कार्यकारी अध्यक्ष डेविड स्मिथ ने भारत-अमेरिका के मजबूत होते रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साझा हित और साझा मूल्य हैं और पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की आपसी समझ, दोनों देशों के रिश्तों के लिए बेहद जरूरी है। डेविड स्मिथ ने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध भी गहरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते भूराजनैतिक परिदृश्य में दोनों देशों की साझेदारी बेहद अहम होगी। दोनों देशों की जनता की धारणा को आकार देने में दोनों देशों के मीडिया की भूमिका भी अहम है। दोनों देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। आर्थिक वृद्धि, सुरक्षा, तकनीक और कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने में भारत-अमेरिका की साझेदारी खास है। डेविड स्मिथ ने भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं की आपसी समझ, दोनों देशों के मजबूत रिश्तों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मजबूत नेताओं का आपस में मिलना और बात करना व्यापार सुनिश्चित करने, निवेश और लोगों के लोगों से संबंध बेहतर करता है। उन्होंने कहा कि जब नेता एक दूसरे का समर्थन करते हैं तो इससे एक विश्वास पैदा होता है और इसका असर समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचता है।

## ट्रंप कैबिनेट से मुलाकात, जंगी वाहन-लड़ाकू विमानों पर बात

**अमेरिका।** पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का क्या एजेंडा रहेगा? भारत के वे कौन से मुद्दे होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने उठाएंगे? इसके अलावा दोनों देशों के रिश्ते बढ़ाने के लिए कौन से समझौते हो सकते हैं? व्यापार के क्षेत्र में दोनों नेता क्या घोषणाएं कर सकते हैं? इसके अलावा पीएम मोदी अमेरिका में और किन-किन कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं? आइये जानते हैं... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस में अपने कार्यक्रमों के बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री का यह दौरा अपने आप में काफी अहमियत रखता है। दरअसल, बीते दिनों में ट्रंप ने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनका भारत पर प्रत्यक्ष या परोक्ष असर देखने को मिला है। इतना ही नहीं ट्रंप ने भारत से व्यापार और आव्रजन के मुद्दे पर भी कई बयान दिए हैं, जिनके गहरे मायने हैं। इसके चलते पीएम मोदी का अमेरिका दौरा काफी महत्वपूर्ण हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री अमेरिका में कई अहम चर्चाओं में शामिल रहेंगे। इसके अलावा वह अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोस्ती बढ़ाने से इतर भारत को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सीधी बात करेंगे। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का क्या एजेंडा रहेगा? भारत के वे कौन से मुद्दे होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने उठाएंगे? इसके अलावा दोनों देशों के रिश्ते बढ़ाने के लिए कौन से समझौते हो सकते हैं? व्यापार के क्षेत्र में दोनों नेता क्या घोषणाएं कर सकते हैं? इसके अलावा पीएम मोदी अमेरिका में और किन-किन कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं? आइये जानते हैं...

पीएम मोदी जब अमेरिका पहुंच कर डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे, तो वह नए राष्ट्रपति से मिलने वाले दुनिया के महज तीसरे नेता होंगे। मोदी से पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और जापान के शिगेरु इशिबा का ही ट्रंप ने व्हाइट हाउस में स्वागत किया था। ट्रंप के शपथग्रहण के एक महीने के अंदर ही भारत-अमेरिका के शीर्ष नेताओं की मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों की अहमियत भी दर्शाती है।

बताया जा रहा है कि पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ट्रंप उन्हें कैबिनेट के सदस्यों से भी मिलवाएंगे। इसके अलावा अरबपति कारोबारी और ट्रंप के करीबी एलन मस्क भी पीएम मोदी से मिल सकते हैं। इस दौरान दोनों के बीच टेस्ला, स्टारलिंक और अन्य कंपनियों के कारोबार को भारत लाने पर बात हो सकती है। ट्रंप और मोदी मुलाकात के दौरान बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की सरकार और क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर भी चर्चा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा का सबसे बड़ा विषय व्यापार का मुद्दा रहेगा। दरअसल, बीते कुछ महीनों में ट्रंप कई बार भारत को टैरिफ के मामले में घेर चुके हैं।

# डीएम ने महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क जलपान कराया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** महाकुंभ-2025 के माघी पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के साथ मछलीशहर रोडवेज परिसर में प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क बिस्कुट, पेयजल, फल एवं सूक्ष्म जलपान, मिष्ठान आदि का वितरण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कहा कि हर्ष का विषय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में दिव्य भव्य महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया गया है, जनपद में जितने भी श्रद्धालु अन्य जनपदों/ प्रान्तो से आ रहे है, उन्हे सम्मान के साथ सुगमतापूवर्क यातायात, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से तथा शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जनपद के शाहगंज, मुगराबादशाहपुर, बदलापुर सहित समस्त बस स्टेशनों पर निःशुल्क बिस्कुट, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की गयी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। जिलाधिकारी द्वारा मुंगराबादशाहपुर और मछलीशहर में श्रद्धालुओ हेतु सूक्ष्म जलपान के वितरण के साथ ही विभिन्न स्थानों पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था सुगमतापूर्वक संचालित होते हुए पाया गया। जिलाधिकारी ने समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह सहित अन्य समाजसेवी संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था किए जाने पर सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, जिलास्तरीय अधिकारी सहित इस पुनीत कार्य में लगे सभी लोगों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। इस दौरान समस्त अधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ भोजन भी ग्रहण किया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, इशिता किशोर, एआरएम रोडवेज ममता चौबे, ई0ओ0, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राजकीयहोमियोपैथिक चिकित्सालय बीबीपुर जौनपुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 उदय राज मौर्य एवं फार्मासिस्ट साकेत पाण्डेय द्वारा सतहरिया जौनपुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

# समाज को नई दिशा देने वाले विचारक थे पं. दीनदयाल उपाध्याय

**पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कुलपति समेत शिक्षकों और छात्रों ने किया नमन**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांत को याद किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और समाज को एक नई दिशा देने वाले महान विचारक थे। उन्होंने अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प लिया था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए। शोधपीठ के संयोजक एवं अध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के सर्वांगीण विकास का व्यापक दर्शन है। उनके विचार हमें समाज में समरसता एवं राष्ट्रवाद को सशक्त करने की प्रेरणा देते हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा, आज के दौर में हमें दीनदयाल जी के सिद्धांतों को अपनाकर देश के समग्र विकास की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उनका दर्शन न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा, दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन हमें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमें शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. राजन तिवारी समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दलितों और गरीबों का जमकर शोषण कर रही सरकार : शैलेन्द्र यादव ललई

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने कहा कि वर्तमान सरकार में दलित व गरीबों का जमकर शोषण किया जा रहा है। उन्हें बाबा साहेब द्वारा दिलाए गये संवैधानिक अधिकार से भी वंचित किए जाने के लिए कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। शासन प्रशासन के तानाशाही रवैये के भय के चलते वे अपने अधिकारों के लिए भी आवाज नहीं उठा पा रहे हैं। जो लोग गरीबों और दलितों को अधिकार दिलाने की बात करते हैं उन्हें निरापराध जेल भेज दिया जा रहा है। जिसे पीडीए नहीं बर्दाश्त करेगी। उक्त बातें उन्होंने मंगलवार को आदिनाथपुर गांव में बाबा साहेब मान पर चर्चा, घर घर पहुंचे पीडीए पर्चा के बैनर तले आयोजित पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा भय,भूख औरभ्रष्टाचार की धुरी पर सामंतवादी विचार धाराओं के साथ टिकी सरकार का असली चेहरा अब जनता के बीच उजागर हो रहा है। किसानों को भी ठगने से नहीं छोड़ रही सरकार। पचास किग्रा यूरिया की बोरी को अब 45 किग्रा कर दाम भी बढ़ा दिया गया है। किसानों को समय पर डाई नहीं मिल रही है। पुलिस प्रशासन बगैर पैसे के कोई काम नहीं कर रहे हैं। आवास और पेंशन में खुलेआम घुसखोरी की जा रही है। प्रदेश में हजारों स्कूल कालेजों को बंद कर दिया जा रहा है।बिजली विभाग फर्जी बिल भेज किसानों से जबरन वसूली में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिर सपा की सरकार बनी तो सबसे पहले भ्रष्टाचार और घुसखोरी का सफाया किया जायेगा। किसानों को चौबीस घंटे निश्शुल्क बिजली दी जायेगी।

## ग्राम पंचायत मसुरी खेरवा में सफाई व्यवस्था पर लापरवाही

**बाँदा।** महुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत मसुरी खेरवा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, सफाई कर्मचारी महेश कुशवाहा मात्र महीने में कुछ ही दिन काम करता है, वह भी ग्राम प्रधान और प्रधान पति की सहमति से। इससे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, पूर्व में इस मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी नरैनी से की गई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने सफाई कर्मचारी को फटकार लगाई थी और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी थी। बावजूद इसके, सफाईकर्मी और ग्राम प्रधान के बीच मिलीभगत जारी है, जिससे योगी सरकार के स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है, कि जब भी कोई इस मुद्दे को उठाता है, तो उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। खासकर ग्राम प्रधान व उनके पति एससी होने का फायदा उठाकर किसी भी तरह की कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं। समाजसेवी धीरज मिश्रा ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए जिलाधिकारी से अपील की है, कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, ग्राम पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

## जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने द्वारिकेश यादव मंडेला



**बाँदा।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में द्वारिकेश यादव मंडेला अध्यक्ष पद पर विजयी रहे। उन्होंने 623 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संतोष त्रिपाठी को पराजित किया। वहीं, महासचिव पद पर मनोज निगम लाला 527 मतों के साथ विजयी रहे, जबकि दूसरे स्थान पर यदुनाथ सिंह रहे, जिन्हें 508 मत मिले। मत दान जनपद मुख्यालय में शाम 4 बजे तक हुआ, जिसके बाद एक घंटे के भीतर मतगणना शुरू हुई। मत गणना देर रात तक चली, जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए। जीत के बाद विजयी प्रत्याशियों ने संकट मोचन मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर आभार प्रकट किया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

## बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, सरस्वती बनीं सिंगिंग में नंबर वन

**बाँदा।** बच्चों ने सिंगिंग, मिमिक्री, रैंप व पोएट्री में शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा कवि एवं शायर अनुराग विश्वकर्मा तथा युवा कल्याण से अमन यादव द्वारा किया गया। आयोजन के उपरांत सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फतेहपुर के मशहूर कवि डॉ.शिवम हथगामी, युवा कवि आदित्य कौशल, अतुल तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतर्रा, बबेरू तिंदवारी सहित जिले के अनेक प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्रेया आकर्ष इंस्टीट्यूट के पांच बच्चों ने सिंगिंग में भाग लिया, जिसमें दिव्यांग छात्रा सरस्वती ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## भारतीय स्टेट बैंक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल



**बाँदा।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय द्वारा आर्यकन्या इंटर कॉलेज में 25 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जे.रीभा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदीप गुप्ता ने बताया कि बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के तहत समाज उत्थान के लिए निरंतर योगदान देता रहता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने जिलाधिकारी और बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेविका गायत्री सिंह, बैंक के मुख्य प्रबंधक अनूप द्विवेदी, विवेक कुमार तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बैंकर्स को लोन निस्तारण में शीघ्रता करने के दिये निर्देश


अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जिलाधिकारी बाँदा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देश दिये कि जिन बैंको का सीडी रेसियो कम है, उसको शीघ्र बढाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैंक के शाखा प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं एनआरएलएम समूहों के बैंको से क्रेडिट लिंकेज किये जाने के लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करें। उन्होंने बैंक प्रतिनिधयों को निर्देश दिये कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत बैंकों में भेजे गये आवेदनों का बिना जांच एवं पर्याप्त कारणों से आवेदन निरस्त न किये जायें तथा प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कराकर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबन्धक/प्रतिनिधि के बैठक में उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को सीएसआर फण्ड से शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बच्चों के हितों में कार्य किये जाने तथा आंगनबाडी केन्द्रों को और अधिक विकसित करने हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, स्वयं सहायता समूहों ऋण स्वीकृत किये जाने की समीक्षा करते हुए आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अन्तर्गत बैंकों में लम्बित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण किये जाने के निर्देश बैंक प्रबन्धकों को देते हुए निर्देशित किया कि यदि किसी प्रकार की समस्या है तो परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण को तत्काल अवगत करायें। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने तथा समूहों को सीसीएल के आवेदनों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित बैंक शाखा के प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए इंडियन बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबन्धकों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## आजीविका शिव आजीविका समूह का उद्घाटन

**आजमगढ़।** विकास खंड ठेकमा में आज ग्राम पंचायत सरायमोहन के शिव आजीविका समूह को ँटम्च् योजना से 30000 फंड प्राप्त करा कर स्वरोजगार का कार्य दिया गया।जिसमें ब्लॉक के वरिष्ठ ब्लॉक प्रबंधक अमित चतुर्वेदी जी के कुशल मार्ग दर्शन में दीदी के दुकान का उद्घाटन किया गया और भविष्य में निरंतर प्रयास से सभी समूहों को रोजगार से जोड़ने का कार्य हो रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रबंधक रोशन राम, श्रम् आर के गुप्ता, प्रफुल्ल सिंह, ऑपरेटर सचिन चौबे जी, विनोद चौहान, चंदन दुबे, बहुगुणा, रमजनम आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई’



**आजमगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एवं गौ रक्षा जिला आजमगढ़ के सदस्य अनिल राय ने फूल माला चढ़ाकर एवं उनके पद पर चलने के लिए शपथ लिए और कहा कि अंतिम व्यक्ति तक जब तक हर योजना का लाभ नहीं पहुंच जाएगा तब तक हम लोग आराम नहीं करेंगे यह पंडित दीनदयाल का सपना था। पुण्यतिथि में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश राय मंडल अध्यक्ष शरद राय अनिल राय सुनील सिंह नवीन राय अमरीश राय अमित बिंद राजेश विश्वकर्मा चंद्रबली सरोज अशोक राय आदि लोग उपस्थित रहे। बताते चले की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बरदह शरद राय का स्वागत भी किया गया स्वागत में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश सरोज ने स्वागतट किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर पंडित दीनदयाल के कदमों पर चलने के लिए शपथ लिया।

# मंडी में सब्जी बेचकर घर आ रहे युवक को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** पटैला मार्ग पर तबेला मैदान के पास सेंवई नाला पुल पर मंगलवार की सुबह लगभग दस बजे खुटहन मंडी में सब्जी बेचकर वापस घर लौट रहे साईकिल सवार युवक को निशाना कर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फायर झोंक दिया। गोली उसकी कमर में लगने से वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। बदमाश अपनी बाइक से पटैला बाजार की तरफ भाग गए।मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। घायल को उपचार हेतु सीएससी लाया गया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे वाराणसी भेज दिया। घायल के चाचा ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मूल रूप से ख्वाजा पुर गांव निवासी मुन्नीलाल मौर्या गत लगभग छह वर्षो से रसूलपुर गांव में आवास बनाकर रह रहे हैं। वे सूरत शहर में कपड़े की मिल में मजदूरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी लालपरी पुत्र सचिन व सौरभ रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेतीबाड़ी करते हैं। सचिन स्नातक के बाद आईटीआई कर रहा है। वह खेत में सब्जियां उगाकर उसे मंडी में बेच फीस किताब के पैसे का जुगाड़ कर लेता है। मंगलवार को सचिन खेत से चुकंदर उखाड़ उसे बेचने साइकिल से खुटहन सब्जी मंडी आया था। जहां से सुबह लगभग दस बजे वापस घर जा रहा था। उक्त नाले के पुल के बीचोबीच ज्यों पहुंचा तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाता कि तभी बाइक पर पीछे बैठा बदमाश तमंचा निकाल उस पर फायर झोंक दिया। गोली सचिन की कमर में लगी। वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश पटैला बाजार की तरफ भाग गए। घटनास्थल पर पहुंचे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। एसपी सिटी अरविंद और सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान घटनास्थल पर पहुंच निरीक्षण के बाद घायल के घर जाकर श्वजनो से पूछताछ किए। घायल के चाचा मुन्नीलाल मौर्या ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामला अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। छानबीन के साथ साथ सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। बहुत जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अवैध असलहा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली के गिरफ्तारी का विवरणध्घटना का अनावरण किया उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद पटेल चौकी प्रभारी पहाड़पुर, मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान मोजरापुर मुबारकपुर पुलिया से 3 व्यक्ति 1.अभिनन्दन यादव पुत्र मदन यादव निवासी ग्राम मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 22 वर्ष, 2. अभिषेक यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 23 वर्ष , 3 अजय राजभर पुत्र स्व0 दिनेश राजभर निवासी ग्राम मालव थाना मोहम्दाबाद गोहना जनपद मऊ उम्र 22 वर्ष को असलहा कारतूस के साथ पुलिस हिरासत में लिया गया तथा कब्जे से कट्टा व कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थआना कोतवाली पर 1.मु0अ0सं0 76,2025 धारा 3,25 शस्त्र अधि. थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़, 2.मु0अ0सं0 77,2025 धारा 3, 25 शस्त्र अधि. थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ 3.मु0अ0सं0 78,2025 धारा 3,25 शस्त्र अधि. थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान कर जेल भेज दिया गया।

# रेहड़ी-पटरी वालों के विस्थापन पर जेडीयू महिला प्रकोष्ठ का विरोध

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** नगर प्रशासन द्वारा अशोक लाट से महाराणा प्रताप चौक और अशोक लाट से क्योटरा तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर रेहड़ी-पटरी वालों को जबरन हटाए जाने की कार्रवाई पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) महिला प्रकोष्ठ ने कड़ा विरोध जताया है। प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने इसे स्ट्रीट वेंडर (प्रोटेक्शन ऑफ लाइवलीहुड एंड रेगुलेशन ऑफ स्ट्रीट वेंडिंग) एक्ट 2014 का उल्लंघन करार देते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब और मेहनतकश लोगों को हटाना अमानवीय और तानाशाहीपूर्ण कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन लगातार शोषित वर्गों के अधिकारों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नगर पालिका द्वारा पहले ही इस सड़क का चौड़ीकरण किया जा चुका है,फिर दोबारा तोड़फोड़ और निर्माण पर सरकारी धन क्यों बर्बाद किया जा रहा है? स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के तहत बिना पुनर्वास के फुटपाथ विक्रेताओं को हटाना गैरकानूनी है,फिर यहाँ इसका उल्लंघन क्यों किया गया? गरीबों के पुनर्वास की कोई योजना क्यों नहीं बनाई गई? पहले से चौड़ी सड़क को दोबारा तोड़ने का क्या औचित्य है? प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी दी,कि यदि जल्द ही विस्थापित विक्रेताओं को उचित स्थान नहीं दिया गया,तो जेडीयू जिला कमेटी और महिला प्रकोष्ठ सड़कों पर आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की रोजी-रोटी छीनना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासनिक लापरवाही और जन प्रतिनिधियों की निष्क्रियता से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की छवि धूमिल हो रही है। जनता के हक और अधिकारों के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-24-2024-25 |
| कार्य का नाम | "कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ एच० बी० एल० मेक आई० पी० एस० (66 नंबर्स) ओवर लखनऊ डिवीजन फॉर थ्री इयर्स" |
| अनुमानित लागत | रू 3,28,40,363.87 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 314200.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03/03/2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू सं0: 106–सिग–टेंडर–24/2024–25 दिनांक: 08.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 462/25


# साइबर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी चन्दन यादव एवं साइबर क्राइम से ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि एक डिजिटल युग में सिर्फ एक क्लिक से अवसरों के अथवा खतरों के दरवाजे खुल सकते हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैश्विक रूप से मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य आनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होने बताया कि साइबर स्वच्छता एक ऐसी प्रक्रिया है, जो व्यक्तियों को उनके उपकरणों और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाये रखने में मदद करती है। जैसे आप कीटाणुओं से बचने के लिए हाथ धोते हैं, वैसे ही साइबर स्वच्छता में आपकी आनलाइन आदतों को साफ करना शामिल है, ताकि आप अपनी डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रख सकें। अच्छी साइबर स्वच्छता से फिशिंग, हैकिंग और मैलवेयर जैसी चीजों से आपके व्यक्तिगत खातों और उपकरणों को प्रभावित होने से रोका जा सकता है। साइबर स्वच्छता के लिए फोन में आसान पासवर्ड का उपयोग करने से बचें, इसके बजाय अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों का मिश्रण करके मजबूत पासवर्ड बनायें। दो चरणीय प्रमाणिकता सुरक्षा की एक अतिरिक्त स्तर जोड़ता है, जिसमें आपको एक दूसरा पासवर्ड जैसे आपके फोन पर भेजा गया कोड, के माध्यम से अपनी पहचान सत्यापित करनी होती है। अपने डिवाइस को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए बायोमेट्रिक्स (उंगलियों के निशान या चेहरा पहचान) या एक मजबूत पिनध्पासवर्ड का उपयोग करें। उन्होने बताया कि फोन में केवल विश्वसनीय श्रोतों से ही ऐप्स डाउनलोड करें। अनौपचारिक श्रोतों से ऐप्स में मैलवेयर हो सकता है या वे आपका डेटा चुराने के लिए डिजाइन किये जा सकते हैं। सुरक्षित कनेक्शन का उपयोग करें। जब सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करें, तो संवेदनशील खातों, जैसे आनलाइन बैंकिंग तक पहुंचने से बचें। किसी भी लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट डाउनलोड करने से पहले हमेशा ईमेल के श्रोतों की पुष्टि करें। नियमित अपडेट सुरक्षा की खामियों को ठीक करता है, जिन्हें बुरे लोग हैक कर सकते हैं। इसके साथ ही कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाईन या सोशल मीडिया पर साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखें। अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें, जो केवाईसी अपडेट के बहाने आपकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए निवेदन करें। विशेषज्ञ साइबर सेल एक्सपर्ट हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर ऐसा कोई वीडियो कॉल या फोन कॉल आता है तो आप अलर्ट हो जाएं, क्योंकि ये लोग साइबर अपराधी होते हैं और झांसा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर आप अपना पॉसवर्ड बहुत ही सिंपल न रखें, उसे स्पेशल कैरेक्टर का यूज करते हुए बनाएं, ताकि वह स्ट्रांग रहे और कोई हैक न कर सके। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वि0,रा0 आजाद भगत सिंह, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, मो0 अबूशाद अहमद (एसआई) सहित संबंधित अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांकः- 393/1ए

दिनांक - 06.02.20025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में ''सेतु कार्य'' में पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | पात्र ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | परासराय अलावल देवरिया मार्ग के किमी0 3 से कुनमुनपुरवा मार्ग पर 6 मी0 लघु सेतु के मरम्मत का कार्य। | 30.00 | 3.00 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 2 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | धानेपुर दतौली मार्ग से दसकपुरवा गैनपुरवा काशीदासपुरवा रत्तीरामपुरवा होते हुए मुंगरौल मन्दिर मार्ग के किमी0 1 से 6 मी0 लघु सेतु के मरम्मत का कार्य। | 30.10 | 3.01 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 3 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | गोसेन्द्रपुर सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 2 में 2x3.5 मी0 स्पान का लघु सेतु के मरम्मत कार्य। | 31.04 | 3.10 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 4 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | गोण्डा उतरौला मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) पर सोनबरसा स्थानीय नाला कि0मी0 14 में 3x5.3 मी0 स्पान का लघु सेतु मरम्मत का कार्य। | 30.43 | 3.04 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 5 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | गोण्डा उतरौला मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) पर सोहिला नाला किमी0 17 में 2x4.5 मी0 स्पान का लघु सेतु मार्ग के मरम्मत कार्य। | 30.39 | 3.04 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 6 | गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड | गोकरन शिवाला बलुआ घाट मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 9 में 1x7.5 मी0 स्पान का लघु सेतु मार्ग के मरम्मत का कार्य। | 30.50 | 3.05 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.02.2025 से 21.02.2025 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 21.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 21.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।


निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 21.02.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(पी.के. त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा.खं., लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-228661 Dated-10-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# शेयर बजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1018 अंक टूटा, निफ्टी 23100 से फिसला

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान बीएसई




पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9.3 लाख करोड़ रुपये घटकर 408.52 लाख करोड़ रुपये हो गया। पांच दिनों में शेयर निवेशकों की पूंजी 16.97 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पांच दिनों में 16,97,903.48 करोड़ रुपये घटकर 4,08,52,922.63 करोड़ रुपये (4.70 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया।

विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका की ओर से नए टैरिफ लगाए जाने के बाद व्यापार युद्ध की आशंका फिर से बढ़ने के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,018.20 अंक या 1.32 प्रतिशत गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,281.21 अंक या 1.65 प्रतिशत गिरकर 76,030.59 पर आ गया। एनएसई निफ्टी 309.80 अंक या 1.32 प्रतिशत टूटकर 23,071.80 अंक पर आ गया, जिसमें 44 शेयर गिरावट के साथ तथा छह लाभ के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से जोमैटो में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टूब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी में सबसे अधिक गिरावट रही। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल एकमात्र लाभ में रही।

पिछले पांच दिनों में बीएसई का सूचकांक 2,290.21 अंक या 2.91 प्रतिशत गिरा है, जबकि निफ्टी 667.45 अंक या 2.81 प्रतिशत गिरा है। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,463.72 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।


## सेबी की बड़ी कार्रवाई, एलएस इंडस्ट्रीज, प्रमोटर और चार अन्य प्रतिभूति बाजार से किए गए प्रतिबंधित



**नई दिल्ली।** सेबी ने धोखाधड़ी गतिविधियों और शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के बाद हिमाचल प्रदेश स्थित एलएस इंडस्ट्रीज, इसके प्रवर्तक प्रोफाउंड फाइनेंस और चार अन्य को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। आदेश में कहा गया है कि बाजार नियामक ने दुबई स्थित एनआरआई सार्वजनिक शेयरधारक जहांगीर पनिक्कावेटिल पेरुम्बरम्बाथु (जेपीपी) को शेयरों की बिक्री से 1.14 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी योजना के तहत जब्त करने का भी निर्देश दिया है। सेबी ने सुरेश गोयल, अलका साहनी, शशिकांत साहनी एचयूएफ और जेपीपी को भी अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नियामक ने संस्थाओं को सभी प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत करके सेबी की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। यह मामला एलएस इंडस्ट्रीज से संबंधित है और इसके प्रमुख सहयोगी नगण्य राजस्व और वित्तीय अस्थिरता के बावजूद कंपनी के शेयर मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने में शामिल थे। मंगलवार को पारित अंतरिम आदेश में सेबी ने कहा कि बीएसई में सूचीबद्ध इकाई एलएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एलएसआईएल) और उसके प्रवर्तक ने एक योजना तैयार की, जिसमें कंपनी के पूर्व निदेशक सुएट मेंग चाई ने शुरुआत में कंपनी की 12.12 प्रतिशत हिस्सेदारी सिर्फ एक डॉलर में जेपीपी को हस्तांतरित कर दी। इसके बाद, मल्टीप्लायर शेयर एंड स्टॉक एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, सेतु सिक्योरिटीज, परेश धीरजलाल शाह और रुचिरा गोयल जैसी संस्थाएं कंपनी के शेयरों में तेज उछाल और गिरावट लाने में शामिल रहीं।

## मेटा का नया कदमः इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स के साथ किशोरों के लिए और भी सुरक्षित ऑनलाइन अनुभव!

**नई दिल्ली।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर, मेटा भारत में चरणबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का विस्तार कर रहा है, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। ये टीन अकाउंट्स खासतौर पर किशोरों के लिए बनाए गए हैं, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और उनकी उम्र के उपयुक्त डिजिटल अनुभव मिल सके। इन अकाउंट्स में पहले से मौजूद सुरक्षा सुविधाएं अवांछित बातचीत को सीमित करती हैं, गोपनीयता सेटिंग्स को मजबूत बनाती हैं और माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद करती हैं, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं को एक अधिक सुरक्षित सोशल मीडिया अनुभव मिल सके। आज के डिजिटल दौर में, जहां इंटरनेट बच्चों की सोच और आदतों को प्रभावित कर रहा है, वहां उनकी ऑनलाइन सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है। माता-पिता, शिक्षक और नीति-निर्माता लंबे समय से साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और गोपनीयता जोखिमों को लेकर चिंतित हैं। इंस्टाग्राम का नया टीन अकाउंट फीचर इन चिंताओं का




समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह 16 साल से कम उम्र के सभी किशोरों के लिए सख्त सुरक्षा सेटिंग्स को अपने आप लागू कर देता है, जिससे संदेश भेजने, बातचीत करने और हानिकारक सामग्री देखने पर कड़ा नियंत्रण रहता है। साथ ही, यह युवाओं को डिजिटल दुनिया को सुरक्षित तरीके से समझने और उसका उपयोग करने के लिए बेहतर टूल्स भी प्रदान करता है। भारत में टीन अकाउंट्स के विस्तार पर बात करते हुए, इंस्टाग्राम की डायरेक्टर, पब्लिक पॉलिसी इंडिया, नताशा जोग ने कहा, मेटा के लिए एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत में इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स के विस्तार के साथ, हम किशोरों की सुरक्षा को और मजबूत कर रहे हैं, कंटेंट नियंत्रण को बढ़ा रहे हैं और माता-पिता को सशक्त बना रहे हैं, ताकि युवा उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित अनुभव मिल सके।

# भारतपे यूपीआई ने लॉन्च किया महाकुंभ शील्ड




**नई दिल्ली।** भारत की तेजी से बढ़ती यूपीआई भुगतान सेवा, भारतपे ऐप ने, महाकुंभ शील्ड को लॉन्च करने की घोषणा की है, जो प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्रियों के यूपीआई भुगतान को सुरक्षा प्रदान करेगा व्यापक धोखाधड़ी सुरक्षा योजना को विशेषरूप से महाकुंभ 2025 के लिए डिजाइन किया गया है। यूजर्स 30 दिनों की अवधि के लिए 25,000 रुपए तक के अपने मोबाइल भुगतान को मुफ्त में सुरक्षित बना सकेंगे। अभिनव महाकुंभ शील्ड एक ऐसी सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं को फिशिंग घोटालों, डिवाइस चोरी होने के कारण अनधिकृत लेनदेन और अन्य साइबर खतरों से बचाना है।

इस लॉन्च पर बोलते हुए, नलिन नेगी, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफसिर (सीईओ), भारतपे ने कहा महाकुंभ दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है। महाकुंभ शील्ड के साथ, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रद्धालु पूरी मन की शांति के साथ लेनदेन कर सके। हमारा लक्ष्य बहुत आसान है डिजिटल भुगतान को न केवल आसान, बल्कि सुरक्षित बनाना, ताकि श्रद्धालु बिना किसी चिंता के अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हम आगे भी ऐसे समग्र समाधान पेश करना जारी रखेंगे, जो हमारे यूजर्स को सुविधाजनक और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन का अनुभव प्रदान करने में मदद करें।

## लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**दिल्ली।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, INDIAWOOD 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। NuernbergMesse के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। INDIAWOOD की 25 साल की धरोहर स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक अपनी स्थापना से, INDIAWOOD ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20% बढ़ाने के लिए तैयार है, INDIAWOOD उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है इसका अधिकांश हिस्सा INDIAWOOD में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है, सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, NuernbergMesse इंडिया ने कहा।

## लखनऊ के आकाश एजुकेशनल के श्रेयस लोहिया बने जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में यूपी टॉपर

**लखनऊ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी देश के प्रमुख संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक शानदार सफलता की घोषणा की है। लखनऊ के श्रेयस लोहिया परीक्षा के पहले सत्र में 100 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर यूपी टॉपर बने हैं। श्रेयस ने मैथ्स और फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डी के मिश्रा ने बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है।



उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं। जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का द्वार है।

# बजट का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर

### बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बोलीं वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं को राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करता है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की महंगाई कम होती दिख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को ग्रोथ इंजन बनाने के साथ गांवों में समृद्धि लाने पर सरकार जोर दे रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2025-26 का फोकस ÷गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर है। इसका आधार कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सुधारों को प्रस्तुत करना था। विकास, ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन के प्रावधान के साथ-साथ उठाए गए कदम विकास के इंजन के रूप में काम करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन में सबसे पिछड़े 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2014 से पहले 45% घरों में LPG कनेक्शन या स्वच्छ ईंधन नहीं था। अब करीब 32 करोड़ घरों तक, यानी करीब 100% घरों तक खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध है। 10.3 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को 503 रु में एलपीजी सिलेंडर मिल रहा है।

पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 डिग्री बदल गया है। बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। लोकसभा में केंद्रीय बजट बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷मैं बहुत आभारी हूँ कि सदस्यों ने बजट के विवरण में जाने का विकल्प चुना है। यह बजट बहुत अनिश्चितताओं के समय आया है, और वैश्विक वृहद आर्थिक परिवेश में परिवर्तन इसे चुनौतीपूर्ण बनाता है। इसलिए, यदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनके कारण बजट की तैयारी में वास्तव में बहुत अधिक अनिश्चितताएं हैं, तो मुझे कम से कम सम्मानित सदन के सामने यह रखना होगा कि ऐसे मुद्दे हैं जो वैश्विक चिंता के हैं, जिनका हमारे अपने बजट निर्माण पर भी प्रभाव पड़ता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मध्य पूर्व में वैश्विक संघर्ष जारी है, रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में स्थिरता और उभरते बाजारों में स्थिर मुद्रास्फीति सभी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में माहौल को खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास आदर्श रूप से ऐसी स्थिति है जो मुक्त व्यापार को प्रोत्साहित करेगी, हम कोई प्रतिबंध नहीं देख रहे हैं, जहां हम वैश्वीकरण के लिए बहुत दृढ़ता से वचनबद्ध हैं, हम बहुत अधिक विखंडन देख रहे हैं, जहां हमें राजकोषीय विवेक की आवश्यकता है, हम बढ़ते कर्ज देख रहे हैं। वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि 2025-26 के लिए प्रभावी पूंजीगत व्यय का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद का 4.3% है और राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद 4.4% है। यह दर्शाता है कि सरकार प्रभावी पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए ऋण संसाधनों का तर्कसंगत उपयोग कर रही है।

वित्त मंत्री ने कहा, सरकार आगामी वर्ष (2025-26) में प्रभावी पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए लगभग 99% उधार संसाधनों का उपयोग करने का इरादा रखती है। वर्ष 2025-26 में क्षेत्रीय परिव्यय में कृषि को 1.71 लाख करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास को 2.67 लाख करोड़ रुपये, शहरी विकास और परिवहन को 6.45 लाख करोड़ रुपये, स्वास्थ्य और शिक्षा को 2.27 लाख करोड़ रुपये, रक्षा (जिसमें रक्षा पेंशन शामिल नहीं है) को 4.92 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। मैं सिर्फ इस तथ्य को उजागर करना चाहती हूं कि किसी भी पूंजीगत व्यय खाते में पैसा देने से इनकार नहीं किया जा रहा है।

## दिग्गज क्रिकेटरों को एक साथ लाने के लिए मशहूर क्रिकेट लीग 13 फरवरी से लखनऊ में शुरू होगी



**नई दिल्ली।** जमैका के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल 13 मार्च, 2024 से लखनऊ में शुरू होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट टेन (एलएलसी 10) टूर्नामेंट में बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स टीम के संरक्षक होंगे।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की लगभग 12 टीमें भारत भर के खिलाड़ियों के साथ लखनऊ में खेले जाने वाले सॉफ्ट बॉल टेन बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स टीम के शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए क्रिस गेल ने कहा कि खिलाड़ियों को मेरी सलाह है कि उन्हें क्रिकेट को गंभीरता से एक खेल के रूप में खेलना चाहिए, जो बाद में उनकी आजीविका बन सकता है। उन्होंने रोहित शर्मा की वनडे क्रिकेट में उनके रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के लिए प्रशंसा की।

क्रिस गेल सिर्फ जमैका में ही एक आइकन नहीं हैं; वह अपने क्रिकेट कौशल के लिए भारत में भी व्यापक रूप से जाने जाते हैं, सम्मानित हैं और उनका सम्मान किया जाता है। उम्मीद है कि उनके संरक्षण में हमारी बुंदेलखंड टीम 22 फरवरी को खेले जाने वाले एलएलसी 10 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल होगी। झांसी के बुंदेलखंड को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सहित प्रमुख खेल आइकन के लिए जाना जाता है। श्री अनुराग शर्मा, झांसी से सांसद और बैद्यनाथ आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक ने कहा।

# यूपीडेस्को, एसएआरएएस और इकोवेशन ने लखनऊ में विद्यावर्धन डिजिटल क्लासरूम लॉन्च किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य नोडल एजेंसी यूपीडेस्को (उत्तर प्रदेश विकास प्रणाली निगम लिमिटेड) ने एसएआरएएस (सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ रिसर्च इन आर्ट्स एंड साइंस) और इकोवेशन (तकनीकी साझेदार) के सहयोग से विद्यावर्धन डिजिटल क्लासरूम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हजारों छात्रों के लिए उन्नत डिजिटल शिक्षण संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके शिक्षा में क्रांति लाना है। इमार्टिकस लर्निंग द्वारा अधिग्रहित इकोवेशन द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम से शुरुआत में लखनऊ जिले के 15 स्कूलों को लाभ मिलेगा, और योजनाओं के अनुसार इस क्षेत्र में अधिक स्कूलों तक पहुंच बढ़ाने की योजना है। विद्यावर्धन कार्यक्रम निम्नलिखित पर केंद्रित है कक्षा 6-12 के छात्रों के लिए अत्याधुनिक तकनीक और इंटरैक्टिव पाठ्यक्रम को एकीकृत करना। डिजिटल प्लेटफार्मों और नवीन शिक्षण पद्धतियों के उपयोग के माध्यम से। छात्रों को महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित करने के लिए उपकरण और संसाधन प्रदान करना। विद्यावर्धन डिजिटल क्लासरूम कार्यक्रम का शुभारंभ यूपीडेस्को की एमडी सुश्री नेहा जैन (आईएएस) द्वारा किया गया, और इसमें स्कूल प्रिंसिपल रागिनी मिश्रा, शिक्षक और परियोजना प्रबंधक राहुल शर्मा ने भाग लिया।

यूपीडेस्को की एमडी सुश्री नेहा जैन (आईएएस) ने कहा हम परिवर्तनकारी विद्यावर्धन डिजिटल क्लासरूम कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए रोमांचित हैं। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, हम छात्रों को 21वीं सदी में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान कर सकते हैं। यह पहल यूपीडेस्को की सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

एसएआरएएस के निदेशक और इकोवेशन के संस्थापक रितेश सिंह ने कहा हमें इस महत्वपूर्ण विद्यावर्धन कार्यक्रम पर यूपीडेस्को के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। इकोवेशन का शिक्षा के लिए नवीन तकनीकों को विकसित करने और प्रसारित करने का लंबा इतिहास है। यह पहल लखनऊ के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षण संसाधनों तक पहुंच प्रदान करेगी और अधिक समतामूलक और समावेशी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करेगी। यह कार्यक्रम शिक्षा में डिजिटल विभाजन को पाटने और उत्तर प्रदेश के छात्रों को डिजिटल युग में फलने-फूलने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यावर्धन कार्यक्रम के समान, इसे राजस्थान, बिहार और झारखंड सहित 7 अन्य राज्यों में इकोवेशन द्वारा लागू किया गया है। इन परियोजनाओं ने सीखने के परिणामों, छात्रों के उत्तीर्ण प्रतिशत, अंकों के प्रतिशत में सुधार और स्कूली उपस्थिति पर भारी प्रभाव डाला।

बिहार में, इस परियोजना ने प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार जीता, और झारखंड में, जब इसे लॉन्च किया गया, तो इसने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार जीता।

## गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों की घोषणा की, शुद्ध लाभ 4,500% बढ़ा

GUJARAT INJECT (KERALA) LIMITED

**वडोदरा।** बीएसई लिस्टेड, गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई 524238) देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है। यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की हुए शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी, जो गत वर्ष इसी समयावधि में 21.59 लाख दर्ज की गई थी, यह कंपनी की 1,360% तक की वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, गुजरात इंजेक्ट (केरल) की आवक 1,480.86 लाख रुपए दर्ज की गई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 36.96 लाख रुपए थी। यानी यह 3,906% की वृद्धि दर्शाता है। साथ ही, नौ महीने की अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.40 लाख रुपए था, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 4.48 लाख रुपए से 2,007% अधिक है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपए है और शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025 को इसका समापन मूल्य 27.13 रुपए था। पिछले 52 हफ्तों में, शेयर 28 रुपए की उच्च और 8.74 रुपए का न्यूनतम स्तर देखा गया है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 38.04 करोड़ रुपए है। पिछले वर्षों में उल्लेखनीय गतिविधि की कमी के बाद, कंपनी ने पिछले दो वर्षों के दौरान अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। कंपनी का बेहतर प्रदर्शन उसके शेयर मूल्य में भी परिलक्षित होता है, जिसमें पिछले महीने 35% की वृद्धि हुई है। इसके अलावा ट्रेडिंग वॉल्यूम भी बढ़ गया है, जो स्टॉक में सकारात्मक गति का संकेत दे रहा है।

## गुवाहाटी में टाटा मोटर्स की नई वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी पर्यावरण संरक्षण की ओर बड़ा कदम!

**गुवाहाटी।** भारत में वाणिज्यिक वाहनों के निर्माण में अग्रणी टाटा मोटर्स ने आज गुवाहाटी में अपनी नई वाहन स्क्रैपिंग सुविधा की शुरुआत की। इस अत्याधुनिक सुविधा को 'Re.Wi.Re - Recycle with Respect' नाम दिया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित स्क्रैपिंग प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह केंद्र हर साल 15,000 से अधिक पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सही तरीके से अलग करने और पुनर्नवीनीकरण करने की क्षमता रखता है। इस सुविधा का संचालन टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी एक्जोम प्लेटिनम स्क्रैपर्स द्वारा किया जाएगा। यहाँ सभी ब्रांडों के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को ज़िम्मेदारी से स्क्रैप किया जा सकता है। यह टाटा मोटर्स की देश में ऐसी सातवीं सुविधा है, इससे पहले जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में भी ऐसी सुविधाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इस फैसिलिटी का उद्घाटन असम सरकार के मंत्री जोगेन मोहन (पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री) और अशोक सिंघल (स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सिंचाई मंत्री) ने किया। इस मौके पर टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के निदेशक डॉ. संजीव नारायण भी उपस्थित थे। उनके साथ असम सरकार, टाटा मोटर्स और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस आयोजन का हिस्सा बने। उद्घाटन समारोह के दौरान पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री श्री जोगेन मोहन ने इस आधुनिक वाहन रिसाइक्लिंग सुविधा को राज्य और समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस फैसिलिटी से लोगों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप किया जा सकेगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण को शुद्ध बनाने में मदद मिलेगी।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा होता है कम

**लखनऊ।** ब्रेस्ट कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे जन जागरूकता और इसकी रोकथाम पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अनुमान के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 2 लाख नए ब्रेस्ट कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिसका मतलब है कि हर चार मिनट में एक नया मरीज इस बीमारी से ग्रसित हो रहा है।

ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी जोखिम-निवारण रणनीतियाँ अपनाना आवश्यक है, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण स्वस्थ जीवनशैली है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है, जिससे वजन प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। शरीर में अधिक वसा एस्ट्रोजन के स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे असामान्य ब्रेस्ट सेल वृद्धि को बढ़ावा मिलता है, खासकर रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) के बाद की महिलाओं में। एक आदर्श वजन बनाए रखना—जो कि ऊंचाई (सेंटीमीटर में) माइनस 100 के बराबर होना चाहिए—इस जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर, डॉ. देवव्रत आर्या ने बताया कि ÷नियमित शारीरिक गतिविधि ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए एक और महत्वपूर्ण उपाय है। व्यायाम न केवल वजन नियंत्रण में सहायक होता है, बल्कि उन हार्मोनों को भी संतुलित करता है, जो कैंसर के विकास से जुड़े होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 300 मिनट की मध्यम गतिविधि लाभकारी होती है, हालांकि केवल नियमित रूप से टहलना भी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि न करने की तुलना में कोई भी व्यायाम करना बेहतर है।

उन्होंने आगे कहा, हालांकि, शराब को हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन इसके कैंसर के खतरे को लेकर अक्सर चर्चा नहीं की जाती। यहां तक कि थोड़ी मात्रा में शराब का सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए इसका सेवन सीमित करना या पूरी तरह से छोड़ देना उचित है।÷

स्वस्थ आहार भी ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पारंपरिक भारतीय आहार जिसमें ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, और कम वसा वाले मांस शामिल होते हैं, लाभदायक होता है। इसके विपरीत, प्रोसेस्ड फूड और अस्वास्थ्यकर वसा से बचना चाहिए। फैड डाइट से बचना और कुल कैलोरी सेवन की निगरानी करना भी अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक होता है।

डॉ. आर्या ने बताया कि, ÷हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी को भी सावधानीपूर्वक अपनाना चाहिए, क्योंकि इसके कुछ प्रकारों से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। जो लोग इस थेरेपी पर विचार कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने डॉक्टर से पूरी तरह परामर्श लेना चाहिए।

# मदनी मस्जिद तोड़े जाने के विरोध में सामने आई सपा, कार्रवाई को असंवैधानिक बताया



ध्वस्त करने के बाद मस्जिद की स्थिति



हाटा मदनी मस्जिद का जायजा लेते सपा प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा के मदनी मस्जिद को लेकर समाजवादी पार्टी खुलकर सामने आ गई है। जिसकी वजह से इस मुद्दे को लेकर सियासत और गम हो गई है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दोपहर बाद हाटा के मदनी मस्जिद पर पहुंचा।

समाजवादी नेताओं ने मस्जिद के बनने से लेकर उसके जमीन की नवैयत की जानकारी मस्जिद निर्माण कमेटी के लोगों से ली। मस्जिद के अंदर और बाहर के हिस्से को देखा। समाजवादी नेताओं ने मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक करार देते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। मस्जिद का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मस्जिद ध्वस्तीकरण के प्रक्रिया गैर कानूनी है। सरकार कुशीनगर में सम्भल जैसे दंगा

### सरकार कुशीनगर में बनाना चाहती है सम्भल जैसा माहौल : लाल बिहारी

करना चाहती है। आप लोगो ने धैर्य का परिचय दिया है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। आगे उन्होंने कहा कि मस्जिद का कुछ हिस्सा आबादी के जमीन में थी तो मस्जिद बनाते समय नगर पालिका कहा थी, क्यों नहीं रोका। आबादी के जमीन पर जिसका कब्जा रहता है वह उसी का होता है।

सम्भल घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई निर्माण गिराने के लिए बुलडोजर नहीं चलेगी। अतिक्रमण हटाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन करना पड़ेगा। तो क्या तहसीलदार के द्वारा नोटिक जारी कर नया सीमांकन कराया गया था। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह गैर कानूनी है। इस मामले को मै विधान परिषद में उठाऊंगा। वहीं मस्जिद कमेटी का कहना है कि प्रशासन के द्वारा जो भी नोटिस जारी किया गया था उसका लिखित जवाब दिया गया था। इसके अलावा 8 फरवरी 2025 तक हाईकोर्ट से स्टे लिया गया था।

8 फरवरी 12 बजे रात को स्टे समाप्त हुआ। 9 फरवरी को 6 बजे सात जे सी बी लगाकर मस्जिद तोड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी गई। हमे नया नोटिस तक नही दिया गया। जो असंवैधानिक है। जबकि प्रशासन का कहना है कि मस्जिद कमेटी को तीन बार नोटिस जारी किया गया। किंतु संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। मस्जिद के जिस हिस्से का ध्वस्तीकरण हुआ है। उसका बिना नक्शा पास कराए ही अवैध निर्माण कर लिया गया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व एम एल सी राम अवध यादव, जिलाध्यक्ष शुक्रल्लाह अंसारी, पूर्व विधायक पूर्णमाशी देहाती, राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भईया, इलियास अंसारी, रणविजय सिंह, प्रमुख दिग्विजय सिंह, विक्रमा यादव, जफर अमीन, बृजेश कुमार गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

### 28 डिसमिल निजी भूमि पर बना मस्जिद कैसे होगा अवैध : राधेश्याम

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** हाटा में लगभग 35 साल पुरानी मदनी मस्जिद के हिस्से को प्रशासन द्वारा ध्वस्त करने से खफा समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मौके पर पहुंच हाल जाना एवं प्रशासन और सरकार पर सवालिया निशान उठाएं। पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि जब निवर्तमान उप जिलाधिकारी हाटा द्वारा 28 डिसमिल निजी भूमि में मस्जिद बनाई गई है तो वह मस्जिद अवैध कैसे हो सकती है ? वही कांग्रेस के नेता अजय लल्लू ने कहा कि सरकार सांप्रदायिकता का माहौल बनाना चाहती है, तो सपा के जिलाध्यक्ष मो. शुकरूल्लाह अंसारी ने कहा कि 35 साल पुरानी मस्जिद के हिस्से को तोड़ने में न तो अधिकारी और न ही सरकार निष्पक्ष है।

# बैंकवार समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में उद्योग विभाग की नवीन योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना की बैंकवार प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक दौरान प्रगति समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैंको को प्रेषित आवेदन पत्रों के सापेक्ष बैंकों द्वारा किए गए स्वीकृति एवं वितरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 28 आवेदन पत्रों में से 05 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 02 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। बडोदा यूपी बैंक के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 140 आवेदन पत्रों में से 27 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं



19 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 55 आवेदन पत्रों में से 11 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 03 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। इण्डियन बैंक के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 54 आवेदन पत्रों में से 14 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 06 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है। अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक की प्रेषित कुल 105 आवेदन पत्रों में से 22 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 22 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है भारतीय स्टेट बैंक के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी बैंक शाखाओं को प्रेषित कुल 105 आवेदन पत्रों में से 04 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 01 लाभार्थी के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर

### मुख्यमंत्री युवा योजना से संबंधित बैठक हुई संपन्न

कार्यवाही की जा रही है। यूनियन बैंक के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी बैंक शाखाओं को प्रेषित कुल 35 आवेदन पत्रों में से 09 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 03 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि इस योजना में जनपद का कुल लक्ष्य 1000 आवंटित है, जिसमे अब तक कुल 562 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए हैं, जिसके सापेक्ष 92 स्वीकृति एवं कुल 34 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरित कराए जा चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा इस कार्य में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र जनपद की शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने हेतु बैठक में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ-साथ उपस्थित सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया गया।

## मोदी-योगी के नेतृत्व में बढ़ रहा भाजपा का विजय रथ

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी रामकोला विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को सुभाष नगर स्थित प्रताप आश्रम पर हुई जिसमें मिल्कीपुर और दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर विशेष रूप से चर्चा की गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी गई। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे देश में विकास के नाम से जानी जा रही है जिसका जीता जागता प्रमाण मिल्कीपुर विधानसभा और दिल्ली का है यहां की जनता ने प्रचंड बहुमत देकर यह विश्वास दिला दिया कि हर वर्ग का कल्याण भाजपा में ही संभव है। 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत मोदी और योगी का देन है। आज कार्यकर्ताओं के दम पर हम दिन प्रतिदिन आगे बढ़ते जा रहे हैं। किसी भी पार्टी के रीढ कार्यकर्ता होते हैं कार्यकर्ताओं का सम्मान भाजपा करना जानती है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष इक्ष्वाकु सिंह ने कहा



कि उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने अथक प्रयास कर वहां के विजई प्रत्याशी चंद्रभान पासवान को ऐतिहासिक मत दिलाकर प्रचंड जीत दिलाई। वहां के कार्यकर्ताओं ने तन मन धन लगाकर भाजपा को विजय दिलाने में अपना विशेष योगदान दिया। कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के मजबूत स्तंभ होते हैं जिसके बदौलत हर ऊंचाई को पाया जा सकता है आज भारतीय जनता पार्टी अपने हर वर्ग की कार्यकर्ताओं का सम्मान कर रही है।

## भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने बेलखौर के दो सगे भाई



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बेलखौर के दो सगे भाई नवनीत त्रिपाठी और सहयोग त्रिपाठी, भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए हैं। दो सगे भाइयों की उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। समर्पण और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, दोनों भाईयों ने अपने परिश्रम और लगन के बल पर समाज में एक आदर्श प्रस्तुत किया है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बेलखौर पहुंच कर दोनों भाईयों को सम्मानित किया।

## ई-लाटरी से हुआ कृषि यंत्रों के लिए किसानों का चयन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कृषि यंत्रों के लाभार्थी किसानों के चयन के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। ई-, लाटरी से चार किसानों का चयन हुआ है। लक्ष्य के अनुसार अन्य किसानों को सूचना पोर्टल पर एस एम एस के माध्यम से सूचित किया गया है। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में कृषि यन्त्र रोटावेटर 66 के सापेक्ष 55 कृषकों द्वारा, चेप कटर मानवरहित 14 लक्ष्य के सापेक्ष 05 कृषकों द्वारा, स्ट्रारीपर 13 लक्ष्य के सापेक्ष 36 कृषकों द्वारा, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट 04 लक्ष्य के सापेक्ष 39 कृषकों द्वारा, कस्टम हायरिंग सेन्टर (ग्रामीण उद्यमी) हेतु 06 लक्ष्य के सापेक्ष 53 कृषकों द्वारा, कल्टीवेटर 06 लक्ष्य के सापेक्ष 02 कृषकों द्वारा, सुपर सीडर 02 लक्ष्य के सापेक्ष 09 कृषकों द्वारा एवं सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम्बाइंडर 02 लक्ष्य के सापेक्ष 04 कृषकों द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें से लक्ष्यानुसार चयन ई-लॉटरी प्रकिया सम्पादित की गयी। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है, लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थियों द्वारा निर्धारित समायावधि में यन्त्र न क्रय करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। कृषि यन्त्र 30 लाख परियोजना कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु कृषक मनोरमा सिंह विकासखण्ड भेंटुआ, कम्बाइन हार्वेस्टर हेतु कृषक कृष्ण कुमार सिंह विकासखण्ड अमेठी, स्वामीनाथ विकासखण्ड शाहगढ़, स्ट्रारीपर हेतु रणधीर सिंह विकासखण्ड गौरीगंज आदि का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन हुआ है।

## आरआरसी सेंटर से बालू को हटवा दिया प्रधान

अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद देवरिया के तरकुलवा विकासखंड अंतर्गत कुछ दिन पहले एक खबर बालू

**खबर का हुआ असर**

खनन का प्रकाशित की गई थी जिस संदर्भ में अधिकारियों ने मामले को लिया संज्ञान तो प्रधान ने आर आर सी सेंटर से जिसका फोटो वीडियो जो हुआ था प्रकाशित वहां से हटवा दिया बालू, बालू कहां गया यह तो बात जिला खनन अधिकारी जानते होंगे या ग्राम प्रधान या बीट का सिपाही, मगर जानने की बात यह है अगर अवैध खनन का स्टॉक लगा तो क्यों आर आर सी सेंटर के



सामने जहां कूड़ा जाना चाहिए था वहां अवैध बालू का स्टॉक बनता रहा। मगर विश्ववार्ता की टीम जब आरसी सेंटर के सामने का वीडियो उठाया तो ग्राम प्रधान जिसके सानिध्य में होती है खनन ,नदी घाट पर अवैध रूप से खनन उसपर आर आर सी सेंटर से बालू हटवा दिया गया। इस मामले मे या ग्राम प्रधान सबल है या तो जिला खनन अधिकारी या बीट का सिपाही जिसके सानिध्य में ग्राम प्रधान ने बालू को हटवा दिया। मगर बताते चलें खबर का असर है अब उक्त घटना में कितने लोग सन लिप्त हैं शायद यह जिलाधिकारी के कार्रवाई के पात्र होंगे या नहीं होंगे ये तो माना जाएगा खनन माफिया जिंदाबाद।

## डीएम ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीएम ने जल निकासी परियोजना का निरीक्षण किया, लापरवाही पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** कतरारी मोड़ से रामनाथ देवरिया मार्ग पर निर्माणाधीन जल निकासी परियोजना (कंस्ट्रक्शन ऑफ़ आर सी सी स्टॉर्म वाटर ड्रेन) का मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने गहन निरीक्षण किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 43.11 करोड़ रुपये है और इसे मार्च 2025 तक पूरा करना है। अभी तक 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ठेकेदार द्वारा कार्य में भारी लापरवाही और देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में किए गए निरीक्षण में कार्यों में पाई गई कमियों को न तो सुधारा गया है और न ही कार्य की गति में सुधार किया गया है। उन्होंने निर्माण कार्य मे लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई और निर्माण कार्य कर रही फर्म को ब्लैकलिस्ट करने तथा एफआईआर



दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि कार्य में तुरंत गति नहीं लाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह परियोजना हर हाल में वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने से पहले पूरी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की प्रक्रिया तेज की जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय अनूप सिंह, अधिशाषी अधिकारी देवरिया संजय तिवारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

# समर्पण दिवस के रूप में मनी दीनदयाल की पुण्यतिथि



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा नगर मण्डल द्वारा पंडित दीनदयाल जी के पुण्यतिथि के अवसर पर न्यू कालोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।वे युगद्रष्टा थे।उनका एकात्ममानववाद का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है,जिसको ध्येय मानकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार काम कर रही है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठाता, हम सभी के आदर्श श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उनके महान विचार, शिक्षाएं और आदर्श जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणापुंज हैं।उनका विचार हमें आत्मनिर्भर भारत और समावेशी विकास की प्रेरणा देता है। उनकी राष्ट्रसेवा, निस्वार्थ त्याग और विचारधारा को नमन करते हुए, आज हम उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्य रुप से धनुषधारी मणि,अम्बिकेश पाण्डेय, नवीन चंद्र सिंह, अरुण मिश्र, डॉ विनोद पाण्डेय, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, नित्यानंद पाण्डेय,राहुल कुमार,सूरज प्रसाद, भीम आदि उपस्थित रहे।

# टॉस जीतकर उन्नाव की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया

अवधनामा संवाददाता

**सतांव, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य स्मृति में सतांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-4 का मंगलवार को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (जल शक्ति) स्वतंत्र देव सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर एकत्र खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुये स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे दबी-छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने मे ऐसी प्रतियोगितायें ही माध्यम बनती हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने इस प्रतियोगिता को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से आरम्भ करने के लिए उमेश प्रताप सिंह एवं उनकी टीम की सराहना की। कैबिनेट मंत्री ने कामना की इस भव्य प्रतियोगिता से ऐसे खिलाड़ियों का उदय हो जो भविष्य में प्रदेश और देश के लिए खेलकर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।



### पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य स्मृति में सतांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय अंतप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच उन्नाव व रायबरेली की टीमों के मध्य निर्धारित 12-12 ओवरों का खेला गया। टॉस जीत कर उन्नाव की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायबरेली की टीम ने आर्शीवाद की 53 रनों की विष्फोटक पारी की मदद से 149 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उन्नाव की टीम आयुष और विशाल की तीखी गेंदबाजी के आगे निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। बेहतरीन गेंदबाजी 3 ओवरों में 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले आयुष को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच आरम्भ होने के पूर्व मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और विशिष्ट अतिथि राम प्रताप सिंह (प्रदेश महामंत्री भाजपा) का प्रतियोगिता के आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह और उनकी आयोजक कमेटी के सदस्यों ने चाँदी के मुकुट भेंटकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, राजेश बाजपेई, उदयभान सिंह, कृष्ण जीवन तिवारी, मनोज शर्मा (लाले), प्रेम शंकर पाण्डेय, बबलू सिंह, सुशील सिंह,लाला गुप्ता, सुन्दरम सिंह, आशीष सिंह, रामू सिंह, वीरू सिंह समेत भारी संख्या मे खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## प्रताप पैलेस में रायबरेली दर्पण पत्रिका की स्मारिका का हुआ अनावरण

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के प्रताप पैलेस में आयोजित रायबरेली दर्पण पत्रिका की स्मारिका का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता दबाव की नहीं समाज जागरूकता की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का क्षेत्र विशाल हो गया है। लेकिन पत्रकारिता के दायित्व का बोध आवश्यक है तभी लेखनी में सुचिता बनी रहेगी उन्होंने कहा की बैसवारा शौर्य संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में बहुत ही धनी तथा आध्यात्मिक शक्ति का प्रमुख केंद्र रहा है। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता के माध्यम से ही राष्ट्रवाद का उदय हुआ अखंड ढांचे का स्वरूप पत्रकारिता के माध्यम से ही संभव हो सका। पत्रकार को बदले की भावना से पत्रकारिता नहीं करनी चाहिए नवयुवक पत्रकारों को अभी बहुत कुछ सीखना होगा, ऐसी कोई खबर प्रकाशित न करें।

# बच्चों को नियमित स्कूल भेजें अभिभावक : शिव कुमार

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** बुधवार को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शायदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव का संयुक्त आयोजन किया गया। दो दर्जन कम्पोजिट विद्यालयों में लर्निंग बाई डूइंग लैब का उद्घाटन भी हुआ। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर ध्यान रखने के लिए स्कूल से बराबर सम्पर्क बने रहने के संदेश दिए गए।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सुबह दौड़ और कुश्ती प्रतियोगिता से हुआ। समारोह में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित भी किया। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में लर्निंग बाई डूइंग लैब का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने वार्षिकोत्सव को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के



परिषदीय विद्यालय अब संसाधनों के मामले में किसी भी सिटी मांटेसरी स्कूल से कमजोर नहीं है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक जीवन में एक सफल नागरिक बनने के लिए सभी प्रकार की दक्षताएं विकसित की जा रही हैं।अब बच्चों को रूचिपूर्ण शिक्षा का माहौल उपलब्ध है। विद्यालय से अधिक आनंददायक स्थल बच्चों के लिए और कोई नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। स्वागत भाषण में इं प्र अ संजीव कुमार ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मीना मंच , यूको क्लब,एल बी डी लैब और लाइब्रेरी के साथ बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए सारे संसाधन और प्रशिक्षित,कर्मठ और समर्पित शिक्षक जैसे सारे संसाधन मौजूद हैं। मीना मंच की सुगम कर्ता लालती देवी और संध्या गुप्ता के संयोजन में छात्र छात्राओं ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ए आर पी मंजीत यादव ने शारदा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना हर मां बाप की पहली जिम्मेदारी है। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया और कई अभिभावकों ने कार्यक्रम के वीडियो भी बनाए। वार्षिकोत्सव का कुशल संचालन संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने किया। पूर्व प्रमुख और ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से एस एम सी अध्यक्ष रीता मौर्य और शिवकरन गुप्ता ने अतिथियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। ए आर पी त्रिवेणी यादव,राज कुमार पटेल, जामवंत मौर्य,अवनीश वर्मा, विजय प्रताप, गणेश प्रसाद शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, महादेव प्रजापति, अखिलेश कुमार, आशा देवी, सुखलाल प्रजापति, सरिता यादव, उर्मिला, राम आसरे दूबे, कलावती विश्व कर्मा,शिव बहादुर सिंह, अंकित सिंह,सलिल मिश्रा, दिनेश कुमार, अनिल यादव काजल, रीता गुप्ता, राजेश पांडेय,राम अवध यादव, रिपु मौर्य, निर्मला, सीता, बलवीर, धनपती, संगीता,विजय लक्ष्मी, सीमा, रामलली, सबीना बानो, शकुंतला, स्वाति सिंह, राजेश सिंह, सुनील भारती आदि मौजूद रहे।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारम्भ

**अमेठी/टीकरमाफी।** मंगलवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय सेटेलाइट केंद्र, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। छात्रों को सामाजिक सेवा, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से अवगत कराया और समाज सेवा में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। शिविर के उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रभारी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयोजक डॉ. संदीप कुमार नायक ने छात्रों को समाज से जुड़ने और सामाजिक समस्याओं के समाधान में योगदान देने का संदेश दिया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-टेली/टेंडर/11/2024-25 |
| **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में वायरलेस सिस्टम के माध्यम से ब्लॉक वर्किंग के लिए वैकल्पिक संचार के प्रावधान का कार्य। |
| **अनुमानित लागत :** रु. 2,70,97,013.27/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य |
| **धरोहर राशि :** रु. 2,85,500.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 240 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 06.03.2025, 15:30 Hrs. |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं.: 106-टेली/टेंडर/11/2024-25 दिनांक: 11.02.2025 478/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अवैध पशु कटान में एक को पुलिस ने असलाह सहित पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन मे थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध पशु कटान करने वाले 01 अभियुक्त लईक कुरैशी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर , 01 खोखा कारतूस ,02 जिंदा कारतूस , 02 चापर/ चाकू, 01 रस्सी बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अवैध पशु कटान करने वाले, अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 56/25 में वांछित अभियुक्त लईक कुरैशी पुत्र जहीर निवासी 30 फुटा थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को पटेल कारखाने के पीछे लालपुर मंडी ग्राउंड मे अवैध हथियारों के साथ किसी जानवर को काटने की तैयारी कर रहा है, सूचना पर तत्काल थाना रसूलपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अभियुक्त लईक कुरैशी ने पुलिस टीम को अपनी ओर आते देखा तो पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त लईक कुरैशी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भिजवा दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, प्रभारी सर्विलांस उ.नि. अमित तोमर, उ.नि. विमल कुमार, उ.नि. अमित आनंद, प्र.उ.नि. आयुष राणा, प्र.उ.नि. सुधीर अत्री, प्र.उ.नि. आदित्य प्रताप सिंह, है.का. प्रणवीर, का. मोरध्वज, का. रघुराज सर्विलांस सेल, है.का. जालिम सिंह, चालक है.का. शैलेन्द्र सिंह, का. योगेन्द्र, का. अभिषेक उज्जवल, है.का. रवि थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

## पूर्व विधायक पवन पाँडेय को मातृशोक



**सुल्तानपुर/आंबेडकर नगर।** पूर्वांचल के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक पवन पाँडेय की माताजी का आज मँगलवार सुबह निधन हो गया। पूर्व विधायक श्री पाँडेय के अनुज कृष्ण कुमार पाँडेय (कक्कू पाँडेय) ने बताया कि अस्वस्थता के चलते लखनऊ में इलाज के दौरान सुबह माताजी का निधन हो गया है। अम्बेडकरनगर के पैतृक गांव में शोक व्यक्त करने राजनेता व समर्थक पहुंच रहे हैं। पवन पांडेय सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र से एक बार निर्दलीय व एक बार सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ चुके

## साइबर अपराध पुलिस टीम ने ठगों से कराए 5,11,200 रूपये वापिस



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी में वादी के 5,11,200/- रूपये सकुशल वापस कराए। वादी सतीश चन्द्र राठौर पुत्र श्याम बाबू निवासी निकट नल कूप कॉलौनी आसफाबाद थाना फिरोजाबाद के साथ विगत 12/07/2024 को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखाधडी कर के 5,11,200/- रुपये ठग लिये गये थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवक्षण में प्रभारी थाना साइबर क्राइम को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में वादी के कुल 5,11,200/- रुपये सकुशल वापस कराए गए। वादी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित एवं थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया। रुपये वापसी कराने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, निरीक्षक कृष्ण स्वरूप पाल, मु0आ0 राकेश कुमार, मु0आ0 लखन वैष्णव, आ0 लव कुमार, आ0 हेमेंद्र प्रताप सिंह, आ0 अतुल कुमार, आ0 मोहन ठाकुर, आ0 सन्तोष कुन्तल थाना साइबर अपराध फीरोजाबाद।

# मंगलवार को जनपद के 30 निराश्रित वृद्धजनों ने संगम में किया स्नान

- योग एवं भजन के साथ होती है दिन की शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण के निर्देश पर मंगलवार को बहराइच जनपद के वृद्धाश्रम में रहने वाले 30 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान करवाया गया है. सभी वरिष्ठजनों को जनपद से विभागीय अधिकारी बस द्वारा कुम्भ क्षेत्र में बने समाज कल्याण विभाग के अस्थायी आश्रम तक लेकर आये है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 100 बेड का अस्थायी आश्रम कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को निःशुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। यहां पर योग के साथ सुबह की शुरुआत होती है। आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन, कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

## 470 अवैध गांजा के तीन पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा 470 ग्राम अवैध गाँजा के साथ 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चैकिंग संदिग्ध वाहन/०यक्ति की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण सुनील पुत्र सुम्मेर सिंह निवासी पुलिस लाइन के पीछे नगला मुखराम थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद, प्रवेन्द्र कुमार पुत्र मातादीन राजपूत निवासी ग्राम वझेडा बुजुर्ग थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद, दीपक कुमार पुत्र राधेश्याम लोधी निवासी ग्राम नगला मवासी थाना मटसैना जनपद फ़िराजाबाद को 470 ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुअसं 25/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## शहर में चल रहे बिना पर्याप्त संस्पेंशन वाले सभी ई रिक्शों पर लगे प्रतिबंध : नीलिमा



**सुलतानपुर।** मानव अधिकार संरक्षण संस्था की महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलिमा सेठ की अध्यक्षता में एक बैठक मधुवन निवास बढ़ैयाबीर में सम्पन्न हुई जिसमें सरला सिंह, विभा अग्रवाल, शशि सिंह, किरन गुप्ता आदि महिला पदाधिकारी शामिल हुई। बैठक में अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने हेतु व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से आम जनता की विभिन्न समस्याओं को दूर करने की मांग करते हुए कहा कि नगर में हद से ज्यादा अतिक्रमण है जिस पर पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही करनी चाहिए इसके अलावा शहर में चल रहे सभी ई रिक्शा में मानक के अनुरूप सस्पेंशन न होने से उसमें बैठी सवारियों को तेज झटके लगते हैं जिसकी वजह से बीमार बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि शहर में मानक विहीन ई-रिक्शा के चलने पर प्रतिबंध लगाए। इसके अलावा कम उम्र? के ड्राइवरों पर भी रोक लगाई जाए जिससे किसी तरह की दुर्घटना न हो। अंत में महिला जिला अध्यक्ष ने मांग किया कि छुट्टी के दिनों में पर्यावरण पार्क में अधिक संख्या में महिलाएं और बच्चों का आगमन होता है अतः वहां पर सुरक्षा हेतु नियमित रूप से पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए।

# परीक्षा पर चर्चा में विद्यार्थियों ने भाग लिया

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** यंग स्कॉलर्स एकेडमी और ब्लूमिंग बड्स स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हुआ। जिसमे कक्षा 6 से 12 वी तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों से आपसी संवाद किया। भारत के सभी राज्यों के विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थी तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर बड़ी सरलतापूर्वक प्रधानमंत्री के द्वारा दिये गये। कार्यक्रम का प्रसारण विद्यालय में लाइव दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने बच्चों को परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक भी बच्चों से अच्छी रैंक की उम्मीद रखते हैं। उन्हें छात्रों से मित्रवत् व्यवहार करके उनकी भी रूचि का ध्यान रखना चाहिए एवं छात्रों तथा अभिभावकों को भी शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। अन्त में उन्होंने कहा सभी लोग एक.दूसरे को समझें खासतौर से विद्यार्थी वर्ग अभिभावक और शिक्षक इससे निश्चित रूप से हमारे देश का भविष्य संवरेगा। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के अन्त में सभी का आभार प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के प्रबन्धक डॉ संजीव आहूजा, डॉ. राजपचौरी, प्रबन्ध निदेशिका ईशा आहूजा प्रधानाचार्या सुमनलता पचौरी, प्रधानाचार्य संदीप यादव एवं शिक्षक वर्ग का पूर्ण सहयोग रहा।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | प्रयाग जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05164 | झूँसी | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जं., बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा जं., छपरा कचहरी, पटेरही, खैरा, मढ़ौरा, शाम कौड़िया, मशरख जं., राजापट्टी, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, मांझागढ़ एवं गोपालगंज स्टेशन। |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेल्थरा रोड, गोबिंदपुर डुगली, कीरिहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जाखनियां, सादात, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | प्रयाग जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04018 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# इमाम हुसैन, मौला अब्बास की पैदाइश पर हुई महफ़िल



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** स्व.आलिम रिज़्वी द्वारा स्थापित इमाम हुसैन अ.स.और मौला अब्बास अ.स की पैदाइश के खुशनुमा मौके पर दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा की अध्यक्षता में महफ़िल का आयोजन किया गया। महफ़िल में कलाम पेश करते हुए कानपुर से आये इज़रान जैदी ने कहा जमाने की हर एक खुशी छोड़ देंगे पड़ा वक्त तो जिंदगी छोड़ देंगे, मगर इस गुमा में न रहना जमाने कि हम जिक्रे मौला अली छोड़ देंगे। संचालन का दायित्व निभाते हुए शायर मनाज़िर मेरठी ने कहा प्यास भरपूर हो पानी भी हो और पी न सकें, फिर समझ आएगा अब्बास किसे कहते हैं। शायर सुहैल बस्तवी ने कहा सदियां जईफ हो गई परचम को देखकर, यानी अली का लाल अभी तक जवान है, फरिश्ते जानते हैं जिक्रे कर्बला क्या है, जहां जगह मिली मजलिस में आकर बैठ गए। शायर ज़ुहैर सुल्तानपुरी ने कहा मौला कोई हुसैन के जैसा दिखाइये, सजदा कोई हुसैन के जैसा दिखाइये। शायर मौलाना आरिफ सुल्तानपुरी ने कहा गुलामी ऐसी होती है दरे आले मोहम्मद की, यहीं बैठे रहो जन्नत में घर तैयार हो जाये। शायर तनवीर हसन शिकोहाबादी ने कहा फर्श को अर्श बनाओ के हुसैन आये हैं, सबको पैगाम सुनाओ के हुसैन आये हैं। महफ़िल में ताबिश रिज़्वी, अली अब्बास सलमान, कारी अशहर हुसैन बरकाती, आबिद रज़ा, कैफ वारसी, गाजी, वली ने कलाम पेश किए। महफ़िल में मौलाना अबुजर अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद ने तक़रीर की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी और मौलाना अबुजर अब्बास खान ने कर्बला, हज व उमरा करने वालों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। महफ़िल में हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, मो. आकिल, मुशीर हैदर, मो. अब्बास, हसन अब्बास, राहत हुसैन रिज़्वी, राजा, नजमुल हसन, इबाद रिज़्वी, शयान हसन, तहसीन रज़ा, शौजब रिज़्वी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिय।

## एनटीपीसी रिहंद के स्थापना दिवस पर महालक्ष्मी अय्यर ने बिखेरा जलवा

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के 43 वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय जनजाति उत्सव के बाद रविवार की सायं मुंबई से पधारे कलाकारों ने परियोजना परिसर स्थित सोनशक्ति स्टेडियम में अपने गीत संगीत से समा बांध दिया। स्वागत समारोह के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने सह अतिथियों संग दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराया। अगली कड़ी में बॉलीवुड पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर व श्री राम अय्यर ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों व श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया उन्होंने देश रंगीला रंगीला कभी शाम ढले तो मेरे दिल में आना जैसे गीत गाकर महफिल में समा बांध दिया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनटीपीसी विंध्यनगर परियोजना प्रमुख ई सत्य फनीकुमार, मुख्य महाप्रबंधक रिहंद देवदत्त सिन्हा, महाप्रबंधक संजय असाटी, नीलू असाटी, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बृज किशोर पांडे, सीएमओ धन्वंतरी चिकित्सालय डॉ मोनिषा कुलश्रेष्ठ व विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में हमीरपुर को मिली द्वितीय रैंक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के प्रभावी अनुश्रवण व मार्गदर्शन से जनपद को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में मिली प्रदेश में द्वितीय रैंक, जिलाधिकारी शघनश्याम मीना के कुशल दिशा निर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में माह जनवरी 2025 की शासन द्वारा आज जारी की गई राजस्व एवं विकास कार्यों से संबंधित समेकित रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को लगातार विगत दिसम्बर से प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान पर बना हुआ है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 90.10 अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है । ज्ञात हो कि गत माह में भी विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि एप्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, मनरेगा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, 102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस, टेली रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं, दूध मूल्य भुगतान स्थिति, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यो में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड के साथ प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। राजस्व से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की परियोजनाओं के अंतर्गत पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन, राइट ऑफ वे, औषधि विक्रय लाइसेंस, एनएफएसए ईपीडीएस लाभार्थी, परिवहन ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एल ओ आई के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह, राज्यकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यवाही, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रबी खरीफ व जायद ई.खसरा, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, एंटी भू माफियाए जाति प्रमाण पत्र, धारा 98, निर्विवाद उत्तराधिकार, भूलेख, सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, भूतपूर्व सैनिकों के परिचय हेतु ऑनलाइन सेवाएं में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड के साथ प्रथम रैंक हुई है। वही आरसीसीएमएस डैशबोर्ड, नामांतरण, पैमाइश, स्वामित्व डैशबोर्ड मे ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद को प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुई इस सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी विभागीय योजनाओंध् कार्यो को अच्छे ढंग से धरातल पर क्रियान्वित करते हुए जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर बनाए रखने का प्रयास किया जाए।

## नाबालिग को ले उड़ा कथित चाचा

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में एक युवती को उसके पिता का दोस्त ही ले उड़ा, पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जबकि पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी अय्यूब अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते पांच फरवरी को शाम में वह गांव में बदरुद्दीन बाबा के मेले में गए थे और घर में नाबालिग पुत्री अलफिया थी जिसे गांव का नबी उददीन पुत्र फरीद उददीन उर्फ फरीदा नेता अपने दो अज्ञात साथियों और परिजनों के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि लड़की के मामले के चलते पहले वह अपने स्तर से तलाश करता रहा लेकिन लड़की का सुराग नहीं मिलने पर उसने नबी उददीन के परिजनों से बात की तो उक्त लोग उल्टा सीधा बोल रहे हैं।

# जसवंतनगर रॉयल ने 78 रनों से जीता मैच

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान शिक्षकों की सातवें क्रिकेट टूर्नामेंट का आजोजन महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में गतिमान है। टूर्नामेंट के तीसरे दिन की पहली पाली में जसवंतनगर ए टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये। सलामी बल्लेबाज सूर्यप्रकाश के शानदार 71 रन व रोहित यादव के 62 रनों की साझेदारी से 16 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 167 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में कौशलेंद्र के 45 रनों की बदौलत मात्र 89 रन पर ऑल आउट हो गई। शिक्षकों की हौसला फजाई के लिए खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार व डायट प्रवक्ता मनोज यादव ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें बने मैन ऑफ द मैच सूर्यप्रकाश बने। द्वितीय पाली के मैच में ताखा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया जिसमे भरथना ने गौतम ने 49 रन जयकरन के 41 रनों के योगदान से 167 रन बनाए ताखा की तरफ से अमित ने 4 विकेट सौरभ व वैभव ने एक एक विकेट लिया। जवाब में ताखा टीम में अनुराग यादव ने 43 का योगदान किया परन्तु स्कोर का पीछा करते हुए। 140 रन ही बना सकी। भरथना की तरफ से सतेंद्र ने 3 और रानेश व स्वरूप ने एक एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सतेंद्र कुमार भरथना को मिला। टूर्नामेंट गौरव पाठक व प्रमिला पाठक के संयोजन में आयोजित किया जा रहा। अपारिंग सौरभ पाठक व शिवा ने की। स्कोरिंग शौर्य व सुधांशु के द्वारा की गई। दीपक बघेल व रवि यादव के द्वारा कमेंट्री की गई। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन अवधेश राठौर, शोएब आलम, आलोक चौहान, मधुर श्रीवास्तव, नितिन यादव समेत कई शिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आर्थिक मदद सहायता के लिए डीएम को दिया आवेदन पत्र

**बांदा।** पूरा मामला जिला कलेक्टर परिसर कार्यालय बांदा से सामने आया है जहां पर आज मंगलवार को पीड़िता सुमन पत्नी प्रमोद निवासी ग्राम भदेदू थाना बबेरू, जिला बांदा, पीड़िता के पति प्रमोद पुत्र राम भगवान आर्थिक तंगी के चलते 04,02,2025 दिन के लगभग 11 बजे घर के बाहर रामकिशोर पटेल खेत में खड़े बबूल के पेड़ में अपने गमछे को बांधकर फांसी लगा लिया, जिससे मेरे पति की मृत्यु हो गई। पीड़िता के तीन लड़कियां व एक लड़का है। जिनका भरण पोषण पहले भी नहीं हो पा रहा था,अब घर के मुखिया की मृत्यु हो जाने से अब अत्यन्त दुर्लभ हो जायेगा। पीड़िता ने बताया कि घर के भरण पोषण के लिए मेरा पति गांव व ब बाहर सूरत में मजदूरी करता था परंतु सभी का ठीक से भरण पोषण ना कर पाने के कारण व आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी लगाकर अपना जीवन ही समाप्त कर दिया।

# राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा, इंद्रमणी उपाध्यक्ष व महासचिव बने संतोष

अवधनामा संवाददाता

- पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के हमीरपुर आगमन को लेकर तैयार की गई रूपरेखा

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला संयोजक दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के 21 फरवरी को हमीरपुर आगमन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

मंगलवार को हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की रूपरेखा को तैयार करते हुए जिला संयोजक दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों, नगर अध्यक्षों व मोर्चो की नियुक्ति की गई। इस दौरान पार्टी ने इन्द्रमणी द्विवेदी निवासी धौहल, एड0 आशीष चौरसिया निवासी खालेपुरा हमीरपुर व राहतउल्ला खां निवासी अमन शहीद हमीरपुर को जिला उपाध्यक्ष, सन्तोष मिश्रा निवासी कुम्हऊपुर, अजय पाल सिंह रमेड़ी हमीरपुर व अजीत साहू रमेडी हमीरपुर को जिला महासचिव, धर्मेन्द्र पाण्डेय निवासी बजेहटा को कोषाध्यक्ष, अनिल सिंह वैश्य निवासी ललपुरा, आशीष सचान मेरापुर हमीरपुर, बलबीर सिंह यादव गिमुहा, प्रेमशंकर यादव बजेहटा, रतन सिंह परिहार राठ व सौरभ शिवहरे खालेपुरा हमीरपुर को जिला मंत्री बनाया गया। इसके साथ जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पहलवान सिंह यादव निवासी खिरवा, गोपाल राजपूत राठ, प्रमोद सैनी पातालेश्वर हमीरपुर, ज्ञानेन्द्र कश्यप हमीरपुर, धनीराम परिहार बुढई, असीम खरे गौरा देवी हमीरपुर को नियुक्ति किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विकास वर्मा निवासी रहुनिया हमीरपुर को नगर अध्यक्ष व्यापार मोर्चा हमीरपुर मुकेश गुप्ता को, नगर अध्यक्ष सुमेरपुर मनीष गुप्ता, नगर अध्यक्ष महिला पिछड़ा मोर्चा हमीरपुर गीता निषाद को बनाया गया है।

# सदर विधायक भूपेश चौबे को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन



- सदर ब्लाक के ग्राम पंचायतों मे अभी तक नहीं शुरू हुआ आवास सर्वे
- प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे में नहीं मिल रहा अन्य विभागों का सहयोग

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे के आवास पर पहुँचकर प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में प्रधानों ने ज्ञापन देते हुए मांग की प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे नहीं किया जा रहा है सर्वे में लगे अधिकारी व कर्मचारी सर्वे करने के लिए नहीं जा रहे है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है अगर तत्काल सर्वे का कार्य आरम्भ नहीं किया जाता है तो गरीब आवास से वंचित रह जायेगें जिसकी पुरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे कार्य जो चल रहा है उसमें पंचायत अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा अन्य विभागों द्वारा जो कर्मचारी सर्वे में लगाए गए हैं वह अपना कार्य नहीं कर रहे हैं इसके संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को भी अवगत कराया गया है परंतु अभी तक सर्वे का कार्य शुरू नहीं हुआ जिसके कारण आज से हम सभी ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से ऐसी किसी भी बैठक व सरकारी कार्यो में सम्मिलित नहीं होंगे जनपद में जिस तरह से आवास सर्वे में लापरवाही बरती जा रही है इससे यह स्पष्ट होता है कि यहॉ के अधिकारी व कर्मचारी शासन के मंशा के विपरित कार्य करे रहे है इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए जिससे आवास प्लस का सर्वे तत्काल शुरू हो सकें इस मौके पर विमलेश पाण्डेय मीना देवी कृष्णावती देवी राजेन्द्र चन्द्र किशोर पाण्डेय विजय बहादुर सिंह विजय शंकर अमजीत यादव नीलम त्रिपाठी गणेश प्रसाद शशिकला अनुपम तिवारी आदि प्रधानगण उपरिस्थ रहें।

# अधिकारियों के दावे के तीन दिन बाद भी किसानों को नहीं मिला पानी बढ़ा आक्रोश



- गुरुवार को प्रदर्शन की तैयारी में जुटे किसान

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** मौदहा बांध के अधिकारियों के दावे के तीन दिन बाद सुमेरपुर ब्रांच में पानी नहीं आ सका है। इससे किसानों में आक्रोश पनपता जा रहा है। किसान गुरुवार को मुख्यालय में प्रदर्शन करने की तैयारी में जुट गए हैं।

गत रविवार को मौदहा बांध के सहायक अभियंता ने रविवार को सुमेरपुर ब्रांच में पानी छोड़े जाने का दावा करते हुए कहा था कि वह अपनी निगरानी में पानी को आगे बढ़वा रहे हैं। उनके इस दावे के बाद मंगलवार को पानी नहीं पहुंच सका था। मंगलवार को बिदोखर से लेकर बंडा गांव तक सुमेरपुर ब्रांच का दौरा करके हकीकत परखी गई और वापसी में मवई जार माइनर को भी देखा गया तो सभी सूखी पड़ी हुई थी। बंडा के पूर्व प्रधान जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि मौदहा बांध के अधिकारी एक पखवारे से पानी छोड़े जाने का झूठा दावा कर रहे हैं। अभी तक पानी नहीं आया है। वह गुरुवार को किसानों के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करके जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि तेज धूप के चलते पानी के अभाव में गेहूं सहित अन्य फसलें चौपट हो रही है। इससे किसानों की धड़कनें लगातार बढ़ रही हैं। अगर समय रहते पानी नहीं मिल पाया तो फसलें बर्बाद होगी और किसान तबाह होगा। उसके सामने भरण पोषण की समस्या खड़ी होगी। मौदहा बांध के सहायक अभियंता यशवीर ने बताया कि यह सच है कि पानी छोड़ दिया गया है। ऊपर की ओर किसानों ने आड़ा लगा रखे हैं। इस वजह से पानी आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने नहर का भ्रमण करके आड़े हटवाने का कार्य शुरू कराया है। उनकी कोशिश है कि वह रात तक पानी बंडा गांव तक पहुंचा दें। इसके बाद पानी को टेल तक पहुंचाकर मवई जार, चंदौली जार, नदेहरा, बिदोखर पुरई, शादीपुर मौजा के किसानों को भी राहत दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि पानी की अधिक डिमांड के चलते समस्या खड़ी हो रही है। जल्द ही इससे निजात मिलेगी और किसानों को भरपूर पानी मिलेगा। नवंबर के बाद अब तक पानी न देने के सवाल पर वह चुप्पी साथ गए। बता दें कि नवंबर के बाद अब तक सुमेरपुर ब्रांच में पानी नहीं आया है। इससे किसानों की नाराजगी बढी है और वह पानी के लिए परेशान हैं।

## श्रम आयुक्त से मिला व्यापार मंडल, दर्ज करायी आपत्ति

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर श्वेता गर्ग से मिला और व्यापारियों को विभाग से जो नोटिस भेजे जा रहे हैं उस संबंध में वार्ता की और आपत्ति दर्ज करायी, जिलाध्यक्ष ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को साथ लेकर कुछ अधिकारी बाजार में आते हैं और अराजकता फैलाते हैं, ऐसे व्यापारियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं जिनके पास सातों दिन दुकान खोलनें का लाईसेंस है, कुछ नोटिसों में दुकान के अन्दर बैठे ग्राहकों की संख्या को कर्मचारियों की संख्या लिख दिया गया है और रिटायर्ड कर्मचारी अपना नं देकर बात करनें के लिए कहते हैं, शहर मे साप्ताहिक बंदी रविवार की है, जबकि जिले के अन्य कस्बों मे अलग अलग दिन बंदी दिवस है, इस पर लेबर कमिश्नर ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त कराया कि बिना जिलाधिकारी के आदेश के किसी दुकान का चालान नहीं किया जा सकता, साप्ताहिक बंदी के अतिरिक्त अगर कोई विभाग का कर्मचारी किसी दुकान पर जाता है तो उसकी शिकायत करें और उस से दुकनदार को वह प्रपत्र मांगने का अधिकार है कि किस अधिकारी के आदेश से आप आये हैं, जो लोग व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं।


# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## पॉलीथिन का उपयोग कम करने की शपथ दिलाई



**इटावा।** विकासखंड बढ़पुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पीर जी में विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण जागरूकता सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को पेड़ लगाने,पानी बचाने तथा पॉलीथिन का उपयोग कम करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने कहा कि हम सब अधिकाधिक संख्या में वृक्ष लगाएं,उनकी देख-भाल करें,जल बचाएं और पॉलीथिन का कम से कम प्रयोग करें तथा अपने पर्यावरण बचाएं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक की बेकार बोतल और पॉलीथिन से ईको ब्रिक बनाना सिखाया। इस अवसर पर विनय कुमार, अर्चना पांडे आदि उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुई स्कूली बच्चों से भरी बस

**मौदहा हमीरपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने व गणित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नरायच मौदहा व गढ़ा से कुल 72 बच्चे एक्स्पोज़र विजिट हेतु कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा हेतु बस द्वारा रवाना हुए। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। सभी बच्चों को टी-शर्ट कैप व स्टेशनरी वितरित की गई। इस दौरान बच्चों के साथ शुकदेव रंजन प्रधानाध्यापक, कल्पना, समा बानो, आलोक रंजन, अरुण साहू अवधेश साहू तथा राजेश कुमार परिचारक आदि रवाना हुए।

## क्रीड़ा समारोह में श्रवण एवं प्रतिज्ञा बने चैंपियन

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कीड़ा समारोह के समापन पर सर्वाधिक अंक पाकर महिला वर्ग में प्रतिज्ञा तथा पुरुष वर्ग में श्रवण कुमार को विजेता घोषित किया गया। राजकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन संपन्न हुई प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रतिज्ञा तथा पुरुष वर्ग में श्रवण कुमार ने सर्वाधिक अंक हासिल करके कॉलेज में टॉप किया। 200 मीटर दौड़ में छात्रा पलक ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, अनामिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में श्रवण कुमार ने प्रथम, सुरेंद्र कुमार ने द्वितीय, प्रांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में श्रवण कुमार ने प्रथम, शिवम ने द्वितीय, शहबाज ने तृतीय स्थान हासिल किया। 100 मीटर फर्राटा दौड़ में कोमल, प्रतिज्ञा, अंशिका ने बाजी मारी। छात्रों में श्रवण कुमार ने प्रथम, शहबाज ने द्वितीय, सुरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में हिमांशु प्रथम, श्रवण कुमार द्वितीय, शहबाज तृतीय स्थान पर रहे।

# महाकुंभ के श्रद्धालुओं का सेवा भाव ही सर्वोपरी: चौबे

- हिंदुआरी तिराहे पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं का किया गया सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवाहन पर जनपद सोनभद्र जिला मुख्यालय के हिंदुआरी तिराहे पर मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे घोरावल विधायक अनिल मौर्य सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में महाकुंभ जाने आने वाले श्रद्धालुओं का सेवा भाव सम्मान कार्यक्रम किया गया। वहीं सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवाहन पर भाजपा कार्यकर्ता सहित प्रतिनिधियों द्वारा महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं व वापस आने वाले श्रद्धालुओं का सेवा भाव समर्पण के तहत लोगों का सहयोग किया गया। वही श्री चौबे ने बताया कि जिले व जिले से सटे अन्य जनपदों से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई असुविधा न हो संबंधित आला अधिकारियों से वार्ता करते हुए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता , महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, गौरी शंकर मंडल अध्यक्ष रामबली ,सुरेंद्र मौर्य, विकास मिश्रा, ज्योति खरवार, रितु अग्रहरि, अनूप तिवारी, आलोक रावत,शिवम राजपूत, विमलेश पटेल, राज बहादुर सिंह सभासद पप्पू दुबे विमलेश पटेल ओम प्रकाश चौबे आदि सेवक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन की सरकार: अजीत

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण का लक्ष्य भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर रॉबर्ट्सगंज स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पंडित उपाध्याय के आदर्शो को याद करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से किया जाना चाहिए। उनकी इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने समाज को साथ लेकर चलने का विचार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को अपनाकर इसी सोच को धरातल पर उतारा है। कहा कि उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे और सरकार उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है।

# इस्कॉन के संस्थापक ध्वजवाहक श्रील प्रभुपाद को मिली विश्व गुरु की उपाधि

अवधनामा संवाददाता



**महाकुंभ नगर।** दुनियाभर में 'हरे कृष्णा' मूवमेंट के माध्यम से सनातन धर्म का प्रभाव बढ़ाने वाले इस्कान के संस्थापक स्वामी श्रील प्रभुपाद को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने 'विश्व गुरु' की उपाधि प्रदान की है। श्री निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंत्रोच्चार के बीच प्रभुपाद की प्रतिमा पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा करके विधि-विधान से पट्टाभिषेक किया गया। उक्त दुर्लभ पल के साक्षी अखाड़ा परिषद और इस्कान से जुड़े संतों के साथ उनके अनुयायी बने। हर कोई अभीभूत रहा। स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा कि संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य, स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ में प्रभुपाद को विश्व गुरु की उपाधि प्रदान करके हम सभी गौरवांवित हैं। उन्होंने अपनी विद्वता, त्याग और समर्पण के बल पर दुनियाभर के लोगों को प्रभु श्रीकृष्ण और राधारानी से जोड़कर उनका जीवन स्तर सुधारने का अनूठा कार्य किया। इससे सनातन धर्म का प्रभाव पूरी दुनिया में बढ़ा। यह उपाधि उन्हें पहले ही मिल जानी चाहिए थी, लेकिन त्रिवेणी के तट पर हम सबको उस पुनीत कार्य का श्रेय मिलना था। जो सौभाग्यपूर्ण है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा कि प्रभुपाद को विश्व गुरु की पदवी देना, सूर्य को दीया दिखाने के समान है। उन्होंने श्रीमद्भगवत गीता पर अद्वितीय कार्य किया। हम सभी अत्यंत हर्ष व प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं। आवाहन अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरि ने कहा कि प्रभुपाद जी का जीवन अद्भुत था। उनसे किसी की तुलना नहीं हो सकती। उन्होंने प्रभुपाद के अनुयायियों को दो-दो पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। वैश्विक हरे कृष्ण आंदोलन के चेयरमैन और संरक्षक, अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक व चेयरमैन, वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के चेयरमैन और इस्कान बेंगलुरु के अध्यक्ष श्रीमधु पंडित दास ने प्रभुपाद को विश्व गुरु की उपाधि से अलंकृत करने पर स्वामी कैलाशानंद व अखाड़ा परिषद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### प्रयाग से शुरू की आध्यात्मिक यात्रा

अभय चरण डे अर्थात प्रभुपाद का जन्म कोलकाता में एक सितंबर 1896 को कोलकाता में हुआ। वह 1923 से 1936 तक प्रयागराज के साउथ मलाका मोहल्ला में रहे। हीवेट रोड में उनकी दवा की दुकान थी। उन्होंने रूप गौड़ीय मठ से जुड़कर आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। 14 नवंबर 1977 को उन्होंने वृंदावन में अंतिम सांस ली।

# होंडा इंडिया फाउंडेशन, यूपी सरकार के साथ किया सहकारिता करार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहकारिता समझौता (एमओसी) किया है। इसके तहत 'प्रोजेक्ट अन्नदाता- सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र' की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य राज्य में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को सहयोग देना और सशक्त बनाना है। यह प्रोजेक्ट एफपीओ के समग्र विकास पर केंद्रित है, जिसमें किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना, उन्हें बाजार से बेहतर जोड़ना और कृषि क्षेत्र में टिकाऊ वृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। एमओसी पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में हुए, जहां प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें उत्तर प्रदेश के माननीय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय ढींगरा और कातसुयुकी ओज़ावा शामिल थे। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई), होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स (एचआईपीपी) और होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह होंडा के ग्रामीण विकास के प्रति सहयोगी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस अवसर पर होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय ढींगरा ने कहा, होंडा इंडिया फाउंडेशन में हम ग्रामीण समुदायों को सशक्त करने और कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिये समर्पित हैं। यह बातें भारत सरकार की सोच के अनुसार तो हैं ही, 2025 के यूनियन बजट में भी दिखती हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन और किसानों के लिये उचित दाम सुनिश्चित करना जैसी पहलें हमारे उद्देश्यों के ही मुताबिक हैं। हम कृषि के लिये एक अधिक मजबूत और समृद्ध परितंत्र के विकास में योगदान देना जारी रखेंगे। इस पहल के तहतहोंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) अपने क्रियान्वयन भागीदार के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 10 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाएगा। यह एफपीओ दो क्लस्टर्स में होंगे, जिनमें प्रत्येक में 5 एफपीओ शामिल होंगे। इस योजना के तहत व्यवस्थित मूल्यांकन, क्षमता निर्माण, व्यावसायिक योजना और परिचालन सुधार पर ध्यान दिया जाएगा।

# नैतिक पार्टी का 17वां स्थापना दिवस गांधी भवन प्रेक्षागृह में मनाया गया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नैतिक पार्टी का 17वां स्थापना दिवस 11 फरवरी 2025 को गांधी भवन प्रेक्षागृह, निकट शहीद स्मारक, लखनऊ में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री चन्द्र भूषण पाण्डेय, पूर्व न्यायाधीश, पूर्व राज्यपाल के विधि सलाहकार व नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया। न्यायमूर्ति रंग नाथ पाण्डेय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के पूर्व जज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तिथ होकर आम जनमानस को किया संबोधित। इस अवसर पर उ0प्र0 विधानसभा चुनाव 2027 के लिए रणनीति तय की गई एवं मुख्य मुद्दों की घोषणा की गई। साथ ही ब्राह्मणों से अपील की गई की वह नैतिक पार्टी से जुड़ें और पार्टी को 2027 में पूर्ण बहुमत से विजय बना कर देश-प्रदेश हित में कार्य करें। उल्लेखनीय है की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नैतिक पार्टी सबकी पार्टी है लेकिन ब्राह्मण उसका समर्थन नहीं करते हैं वह भाजपा के साथ हैं। उन्होंने बाह्मणों का आह्वान किया कि वह सड़े गले प्रदेश को सुनहरा प्रदेश बनाने में नैतिक पार्टी का समर्थन करें ताकि प्रदेश का हर व्यक्ति खुशहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राह्मणों द्वारा भाजपा का लगातार 10 सालों से समर्थन के बाद उनकी हैसियत ऐसी नहीं बन पाई है कि उनका कोई नेता आंख मिला कर मुख्यमंत्री से बात कर सके या अफसरों व पुलिस को ब्राह्मणों के विरूद्ध गलत कार्यवाही करने से रोक सके। भाजपा अब यह कहने लगी है कि ब्राह्मणों को सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़ चुकी है इसलिए भाजपा को समर्थन देना ब्राह्मणों की मजबूरी है। नैतिक पार्टी ने ब्राह्मणों के हित के लिए ब्राह्मण हित नीति निर्देशक सभा का गठन किया है। इस सभा में ब्राह्मण अपने हित की चर्चा करेंगे और जो निर्णय लेंगे उसे संवैधानिक नैतिकता के दायरे में नैतिक पार्टी लागू करेगी और ऐसी स्थिति पैदा करेगी कि दुर्भावनावश ब्राह्मणों का कोई अहित न कर सके।

# आरडीएसओ के प्रशासनिक भवन में महिला विश्रामगृह का उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ के प्रशासनिक भवन में 11 फरवरी को महिला कार्मिकों हेतु निर्मित महिला विश्रामगृह का उद्घाटन उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ की गरिमामयी उपस्थिति में आशा त्रिपाठी, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, एम एंड ई द्वारा किया गया। इस पहल के साथ, आरडीएसओ महिला कर्मचारियों के लिए एक आरामदायक और सुविधाजनक विश्राम स्थल सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला कर्मचारियों के हित और उनके कार्य वातावरण को बेहतर बनाने में योगदान देगा। महिला कर्मचारियों के लिए यह विश्रामगृह उनके कार्य के बीच में राहत का एक साधन होगा और कार्यस्थल पर उनके समग्र अनुभव को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। इस अवसर पर महानिदेशक, उदय बोरवणकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि आरडीएसओ में सभी कर्मचारियों की सुविधा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस कार्यक्रम में आरडीएसओ के कई वरिष्ठ अधिकारी और महिला कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने इस नई सुविधा की सराहना की और इसे महिला कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।